सुप्रभात
रांची, गुरुवार
10.04.2025
* * नगर संस्करण। पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

khabarmantralive.com
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net
चैत्र, शुक्ल पक्ष, नवमी, संवत् 2081
मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 265



12 टैरिफ पर ट्रंप प्रशासन से बातचीत करेगा भारत

## न्यूज डायरी

### वज्रपात से 11 लोगों की मौत और पांच गंभीर

**पटना।** बिहार में बुधवार को वज्रपात की चपेट में आने से 11 लोगों की मौत हो गई। इनमें सबसे ज्यादा बेगूसराय में पांच लोगों की मौत हुई। इसके अलावा मधुबनी में तीन, दरभंगा में दो और अररिया में एक व्यक्ति की मौत हुई है। इधर कोडरमा के संत मौरियो स्कूल में आकाशीय बिजली गिरने से 9 छात्राएं बेहोश गयीं। सभी की हालत अभी स्थिर है।

### पांच-पांच किलो के दो आइइडी बरामद

**पश्चिमी सिंहभूम।** पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) में नक्सलियों के विरुद्ध सर्च अभियान के दौरान सुरक्षाबलों को बड़ी कामयाबी मिली। पुलिस ने बुधवार को जराइकेला थाना क्षेत्र के वनग्राम बाबूडेरा के पास जंगल से पांच-पांच किलो के दो आइइडी बरामद किया है। नक्सलियों ने सुरक्षाबलों के नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से आइइडी को लगाया था। बरामदगी के बाद उसी स्थान पर आइइडी को डिफ्यूज कर दिया गया।

### अग्निवीर : ऑनलाइन पंजीकरण 25 अप्रैल तक

**रांची।** भारतीय सेना ने अग्निवीर ऑनलाइन पंजीकरण की तारीख 10 से बढ़ाकर 25 अप्रैल कर दी है। पंजीकरण की प्रक्रिया 12 मार्च को शुरू हुई थी। अग्निपथ स्कीम के तहत आर्मी रिक्रूटमेंट ऑफिस, रांची की ओर से योग्यता पूरी करने वाले झारखंड के सभी 24 जिलों के नौजवानों से आवेदन मांगा गया है। जून माह में कॉमन इंट्रेंस एग्जाम होने की संभावना है। इस प्रक्रिया की पूरी करने के बाद रैली प्रोग्राम का शिड्यूल जारी किया जायेगा। भर्ती रैली का आयोजन मोरहाबादी मैदान रांची में होगा।

### महावीर जयंती : मांसाहार की दुकानें आज रहेंगी बंद

**रांची।** राज्य भर में 10 अप्रैल को मांस, मुर्गा और मछली के दुकानें बंद रहेंगी। भगवान महावीर जयंती को लेकर यह आदेश जारी किया गया है। राज्य के सभी नगर निगम क्षेत्र और पंचायत क्षेत्र में इससे संबंधित आदेश जारी कर दिया गया है। जारी आदेश के मुताबिक, महावीर जयंती के दिन मांस-मछली और मुर्गा की बिक्री और क्रय-विक्रय पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। अगर कोई बेचता पाया जाता है, तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

### बंगाल में वक्फ बिल नहीं लागू करेंगे : ममता

**कोलकाता।** प. बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को कहा कि हम बंगाल में वक्फ बिल लागू नहीं होने देंगे। मेरी सरकार धार्मिक आधार पर बंगाल का विभाजन नहीं होने देगी। उन्होंने अल्पसंख्यक समुदाय को आश्वासन दिया कि वह राज्य में उनकी और उनकी संपत्तियों की रक्षा करेंगी। परेशान होने की जरूरत नहीं है। वह जैन समुदाय की एक कार्यक्रम में बोल रहीं थीं।

## सीएम ने सभी जिलों के डीसी के साथ की समीक्षा बैठक, कहा

# तत्परता और पारदर्शिता के साथ विकास योजनाओं में तेजी लायें

- सभी मेडिकल कॉलेज और देवघर एम्स में हेलीपैड बनाने की करें पहल, ब्लड बैंकों की कमियां दूर करें
- हर हाल में रोकें अफीम की खेती, कृषक पाठशालाओं में नर्सरी डेवलप करें

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने बुधवार को सभी जिलों के उपायुक्तों के साथ एसटी, एससी, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा, स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण, कृषि, ग्रामीण विकास एवं गृह विभाग की योजनाओं की कार्य प्रगति की समीक्षा की।

मुख्यमंत्री ने विभागों द्वारा संचालित की जा रही विकास योजनाओं के संचालन में पूरी तत्परता, पारदर्शिता एवं प्रतिबद्धता के साथ तेजी लाने का निर्देश दिया। श्री सोरेन ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिला स्तर पर योजनाओं के कार्यान्वयन में गति लायें, ताकि अंतिम व्यक्ति तक राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं को पहुंचाया जा सके। उन्होंने निर्देश दिया कि गर्मी के महीने में आम जनमानस को पेयजल की समस्या उत्पन्न न हो इस पर विशेष ध्यान रखें। जंगलों को संरक्षित करना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। इसलिए आगजनी की समस्या का तत्काल समाधान निकालें। उन्होंने कहा कि प्रखंड कार्यालय, अंचल कार्यालय में पूरी पारदर्शिता के साथ जमीन की रसीद काटने से लेकर म्यूटेशन के कार्य हों। प्रमाण पत्र निर्गत करने में शिथिलता न बरती जाये।

बैठक में सीएस अलका तिवारी, अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, अजय कुमार सिंह, प्रधान सचिव वंदना दादेल, सचिव कृपानंद झा, सचिव के. श्रीनिवासन, अरवा राजकमल, मनोज कुमार आदि थे।



अधिकारियों के संग विभागों की समीक्षा बैठक करते मुख्यमंत्री।

**8 मई तक लंबित छात्रवृत्ति का भुगतान करें :** सीएम ने कल्याण विभाग की समीक्षा के दौरान प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति राशि का भुगतान अध्यनरत छात्र छात्राओं को निर्धारित समय पर करने को कहा। उन्होंने कहा कि 8 मई 2025 तक सभी लंबित छात्रवृत्ति का भुगतान करें। कल्याण विभाग के सभी छात्रावासों की मरम्मत के लिए जिला स्तर पर टीम बनाकर एक डाटाबेस तैयार करें। सभी उपायुक्त छात्रावासों की मरम्मत को प्राथमिकता दें। वर्तमान में छात्रावास में जो विद्यार्थी रह रहे हैं उनके नामांकन की जांच करें।

**1117 नये स्वास्थ्य उपकेंद्रों का होगा निर्माण :** मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में 15वें वित्त आयोग के तहत 1117 नये स्वास्थ्य उपकेंद्रों का निर्माण किया जाना है। इसमें प्रथम चरण में 949 तथा द्वितीय चरण में 168 स्वास्थ्य केंद्रों का निर्माण किया जाना है। विशेषज्ञ चिकित्सकों का पैनल बनाकर जरूरत के अनुसार इन हेल्थ सेंटर में उनकी सेवा लें। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि जिला, अनुमंडल एवं प्रखंड स्तरीय अस्पतालों में लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवा दी जाये। उन्होंने सभी मेडिकल कॉलेज एवं देवघर स्थित एम्स अस्पताल में हेलीपैड बनाने का निर्देश दिया। उन्होंने अस्पतालों में स्थापित सभी ब्लड बैंक का एक सर्किट और पोर्टल बनाने का निर्देश दिया।

**आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण की बाधाएं दूर करें :** मुख्यमंत्री ने बताया कि पीएम जनमन योजना के तहत पीवीटीजी बहुल 386 टोलों में आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण की राशि उपलब्ध करा दी गई है। सभी जिलों के उपायुक्त निश्चित समय सीमा में भूमि चिन्हित कर आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण पूरा करायें। वहीं धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत बनने वाले 945 आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए भी शीघ्र भूमि उपलब्ध करायें। मंईयां सम्मान योजना के लाभार्थियों का बैंक अकाउंट आधार से लिंक शीघ्र करायें।

**कृषक पाठशालाओं में नर्सरी करें डेवलप :** मुख्यमंत्री ने कृषि विभाग की समीक्षा करते हुये जिलों में संचालित कृषक पाठशालाओं में नर्सरी डेवलप करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि खरीफ सीजन के दौरान बीजों के वितरण की निगरानी के लिए विशेष नियंत्रण कक्ष बनायें। उन्होंने कहा कि जिले में सूक्ष्म सिंचाई योजनाओं के लिए क्लस्टर गठन करें। पीएम किसान योजना के तहत किसानों का स्व पंजीकरण करें।

## ग्रुप डी को मिली छूट

### सरकारी सेवकों को 15 अप्रैल तक देना होगा संपत्ति का ब्योरा

**रांची।** राज्य के सरकारी सेवकों (ग्रुप डी को छोड़कर) को 15 अप्रैल तक संपत्ति का विवरण देना होगा। यह ब्योरा एचआरएमएस पोर्टल के माध्यम से तय की गयी तारीख तक हरहाल में ऑनलाइन जमा करना होगा। जारी आदेश में कहा गया है कि यह आदेश ग्रुप-डी के सरकारी सेवकों पर लागू नहीं होता है। कार्मिक विभाग ने इसका आदेश जारी कर दिया है।

## नया आधार ऐप लॉन्च, अब फोटोकॉपी साथ रखने की नहीं पड़ेगी आवश्यकता

**एजेंसी**



**नयी दिल्ली।** डिजिटल सुविधा और गोपनीयता की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए केंद्र सरकार ने एक नया आधार ऐप लॉन्च कर दिया है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इस ऐप को नई दिल्ली में लॉन्च किया। यह ऐप उपयोगकर्ताओं को अपने आधार विवरण को डिजिटल रूप से सत्यापित और साझा करने की सुविधा देगा। इससे अब ऑरिजिनल आधार कार्ड ले जाने या फोटोकॉपी साथ रखने की बाध्यता खत्म हो जाएगी। केंद्रीय मंत्री ने इस ऐप को आधार सत्यापन को आसान, तेज और अधिक सुरक्षित बनाने के लिए महत्पपूर्ण कदम बताया। श्री वैष्णव ने कहा कि अब एक टैप से लोग केवल आवश्यक डेटा साझा कर सकते हैं, जिससे उन्हें व्यक्तिगत जानकारी पर पूरा नियंत्रण मिलता है।

# आरबीआई ने ब्याज दरों में 0.25% की कटौती की, लोन होंगे सस्ते

## केंद्रीय बैंक ने विकास को बढ़ावा देने के लिए अपनाया उदार रुख

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बुधवार को द्विमासिक मौद्रिक नीति का ऐलान किया। आरबीआई ने रेपो रेट को 25 आधार अंक कम करके 6 प्रतिशत कर दिया, जो पहले 6.25 प्रतिशत थी। इस साल यह लगातार दूसरा मौका है, जब केंद्रीय बैंक ने रेपो रेट में कटौती की है। इससे पहले फरवरी में रेपो रेट 25 आधार अंक घटाया गया था। आरबीआई के इस कदम से रेपो रेट में कमी का सीधा असर होम लोन, कार लोन और पर्सनल लोन समेत सभी प्रकार के लोन की ब्याज दरों पर होगा। इस फैसले से आम आदमी को राहत मिलेगी।





**देश में निवेश गतिविधियों में तेजी जारी :** गवर्नर मल्होत्रा ने कहा कि देश में निवेश गतिविधियों में तेजी जारी है। मैन्युफैक्चरिंग गतिविधियों में बढ़त देखने को मिल रही है। साथ ही बताया कि शहरी खपत में भी बढ़त देखी जा रही है।

**मौजूदा समय में महंगाई लक्ष्य के नीचे बरकरार :** गवर्नर मल्होत्रा ने कहा कि मौजूदा समय में महंगाई लक्ष्य के नीचे बनी हुई है। इसकी वजह खाद्य उत्पादों की कीमतों में गिरावट आना है।

### 2026 में जीडीपी विकास दर अनुमान 6.5 प्रतिशत

आरबीआई गवर्नर ने वित्त वर्ष 2026 के लिए जीडीपी विकास दर अनुमान को 20 आधार अंक कम कर 6.5 प्रतिशत कर दिया है। वर्ष 2026 की पहली तिमाही में 6.5 प्रतिशत, दूसरी तिमाही में 6.7 प्रतिशत, तीसरी तिमाही में 6.6 प्रतिशत और चौथी तिमाही में 6.3 प्रतिशत रह सकती है।

**वर्ष 2026 में महंगाई दर 4 प्रतिशत रहने का अनुमान :** आरबीआई गवर्नर के मुताबिक, वित्त वर्ष 2026 में महंगाई दर 4 प्रतिशत पर रह सकती है। यह चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 3.6 प्रतिशत, दूसरी तिमाही में 3.9 प्रतिशत, तीसरी तिमाही में 3.8 प्रतिशथ और चौथी तिमाही में 4.4 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

## गांव-गांव तक चिकित्सा सेवा पहुंचाने में जुटी है सरकार

# स्वास्थ्य ही सबसे बड़ी पूंजी रखें ध्यान : कल्पना सोरेन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची/गिरिडीह।** झारखंड सरकार आम लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवा देने में जुटी हुई है। गांव-गांव तक मोबाइल मेडिकल यूनिट पहुंचाने की की शुरूआत की गयी है। बुधवार को इसका शुभारंभ गांडेय के बेंगाबाद प्रखंड मुख्यालय से विधायक कल्पना सोरेन ने किया। उन्होंने आठ मोबाइल मेडिकल यूनिट को हरी झंडी दिखायी। इस मौके पर उन्होंने कहा कि कहा कि स्वास्थ्य सबसे बड़ा धन है। मनुष्य जब स्वस्थ रहेगा तभी वह कुछ भी कर सकता है। विधायक ने कहा कि दूर-दराज और सुदूरवर्ती क्षेत्रों के लोगों तक स्वास्थ्य सुविधा पहुंचे, इसी उद्देश्य के साथ सरकार ने एमएमयू किया है। लोग अपने घरों पर ही अपनी स्वास्थ्य जांच करा सकेंगे। मोबाइल मेडिकल यूनिट को रवाना करने से पहले विधायक ने मेडिकल वैन के अंदर बैठकर सुविधाओं की भी जानकारी ली। मोबाइल मेडिकल यूनिट में चिकित्सक के साथ स्वास्थ्य विभाग की टीम मौजूद रहेगी। इसका मुख्य उद्देश्य गांव-गांव तक पहुंच कर लोगों को स्वास्थ्य लाभ देना है। वैन में मौजूद चिकित्सक मरीजों की जांच करेंगे और आवश्यक सलाह देंगे। मेडिकल यूनिट के माध्यम से लोगों को विभिन्न जांच की भी सुविधा मिलेगी। मरीजों के लिए मुफ्त दवाएं भी उपलब्ध होंगी।



## कांग्रेस अधिवेशन : संघ-भाजपा पर तीखा हमला, मतपत्रों से चुनाव पर जोर

# न्यायपथ प्रस्ताव ध्वनिमत हुआ पारित

**एजेंसी**

**अहमदाबाद।** कांग्रेस अधिवेशन में देश के विभिन्न हिस्सों से आये जनप्रतिनिधियों ने पार्टी के न्यायपथ प्रस्ताव को व्यापक चर्चा के बाद बुधवार को ध्वनिमत से पारित कर दिया। न्यायपथ प्रस्ताव सचिन पायलट ने रखा तथा शशि थरूर ने इसका अनुमोदन किया। बैठक में कहा गया कि कांग्रेस समानता की पक्षधर रही है और समानता के लिए ही काम करती रहेगी। भाजपा की बांटने वाली नीति से देश मुक्त होना चाहता है। अब भारत जोड़ो की तरफ कांग्रेस ही अब देश को आगे बढ़ा सकती है। पार्टी अध्यक्ष ने संघ भाजपा पर जम कर हमला बोला। साथ ही कांग्रेस पार्टी के ढांचे में बदलाव और जिला स्तर से लेकर केंद्रीय नेतृत्व के नेताओं को आमूल-चूल बदलाव लाने का सख्त संदेश दिया। वहीं काम नहीं करनेवाले नेताओं को चेताया।



### अपने ही नेताओं पर भड़के पार्टी अध्यक्ष

बुधवार को अधिवेशन के अंतिम दिन पार्टी अध्यक्ष ने अपने भी कुछ नेताओं पर हमला बोला। उन्होंने अपनी पार्टी में जवाबदेही सुनिश्चित करने की जरूरत पर जोर देते हुए कहा कि जो लोग जिम्मेदारी नहीं निभा सकते हैं, उन्हें 'रिटायर' हो जाना चाहिए। कांग्रेस अध्यक्ष ने मंच से खुले स्वर में पार्टी के गैर जिम्मेदार नेताओं को चेतावनी दी। यह भी कहा कि जो लोग पार्टी के काम में हाथ नहीं बंटाते, उन्हें आराम करने की आवश्यकता है।

**देश बेच देंगे मोदी :** श्री खड़गे ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार अपने मित्रों को सरकारी उपक्रम बेच रही है। इससे वंचित तबकों को आरक्षण का लाभ नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने दावा किया, अगर ऐसा ही चलता रहा तो एक दिन यह सरकार और पीएम मोदी देश को बेचकर जाने वाले हैं। कांग्रेस अध्यक्ष ने दावा किया कि लोकतंत्र को धीरे-धीरे खत्म किया जा रहा है। अमेरिका ने 26 फीसदी टैरिफ (जवाबी शुल्क) लगाया, लेकिन सरकार ने इस विषय को संसद में उठाने नहीं दिया।

### वक्फ कानून, धार्मिक स्वतंत्रता पर हमला

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने केंद्र सरकार और आरएसएस पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि आरएसएस की विचारधारा संविधान के खिलाफ है। संघ देश की सभी संस्थाओं को नियंत्रित करना चाहता है। श्री गांधी ने कहा कि नया वक्फ अधिनियम धार्मिक स्वतंत्रता और संविधान पर हमला है। राहुल ने कहा, हम चाहते हैं कि देश सबका हो।

### मतपत्रों से चुनाव कराने पर खड़गे का जोर

समापन सत्र के दौरान पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने चुनावों में कथित जालसाजी को लेकर केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने बैलेट पेपर से चुनाव कराने की पैरवी की। उन्होंने यह आरोप भी लगाया कि सत्तारूढ़ दल ने ऐसी तकनीक विकसित कर ली है जिससे चुनावों में उसे फायदा और विपक्ष को नुकसान हो रहा है। भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा, पिछले 11 वर्षों में सत्ताधारी दल संविधान पर लगातार चोट कर रहा है।

## एनआइए की छापेमारी

### भारी मात्रा में बारूद व 12 बोरा जिलेटिन जब्त



**धनबाद।** झारखंड-पश्चिम बंगाल सीमावर्ती क्षेत्र धनबाद में पश्चिम बंगाल की एनआइए टीम ने बुधवार को छापेमारी की। एनआइए की बंगाल टीम की ओर से निरसा के चिरकुंडा थाना क्षेत्र और कालूबथान ओपी के बोरिया गांव के समीप सुनसान जगह पर जुनकुदर निवासी संजय रवानी के घर पर छापेमारी कर भारी मात्रा में बारूद बरामद किया है। इसके साथ ही 12 बोरा जिलेटीन भी बरामद किया है। एनआइए टीम ने बारूद और जिलेटिन को जब्त कर लिया है। टीम छानबीन करते हुए बारूद की मात्रा इकट्ठा करने में जुटी है। बाबू डंगाल स्थित संजय रवानी के घर में भी टीम पहुंची थी। टीम ने छापेमारी के दौरान आरोपी के भाई को भी हिरासत में ले लिया है।

## कार्टून कोना





## प्रधानमंत्री मोदी ने 'नवकार महामंत्र' का सामूहिक जाप किया

# जैन धर्म ने भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक पहचान को दी मजबूती: मोदी

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को नयी दिल्ली में आयोजित विश्व नवकार महामंत्र दिवस कार्यक्रम में जैन धर्म के योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि जैन धर्म ने भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पहचान को मजबूती दी है और इसका संरक्षण केंद्र सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि हाल ही में बने नए संसद भवन में भी जैन धर्म की उपस्थिति स्पष्ट रूप से दिखती है, शार्दूल द्वार से प्रवेश करते ही स्थापत्य गैलरी में सम्मेद शिखर का चित्रण है। लोकसभा में एक तीर्थंकर की प्रतिमा स्थापित की गई है जो ऑस्ट्रेलिया से मंगवाई गयी है। भगवान महावीर की एक सुंदर पेंटिंग है और दक्षिण भवन की दीवार पर सभी 24 तीर्थंकरों को एक साथ दर्शाया गया है।

प्रधानमंत्री ने जैन साहित्य को भारत की बौद्धिक विरासत की रीढ़ बताया और कहा कि प्राकृत और पाली भाषाओं को शास्त्रीय भाषा का दर्जा देकर सरकार ने इस परंपरा को सम्मान दिया है।

यह कार्यक्रम जैन दर्शन के मूल्यों-अहिंसा, आत्मशुद्धि, सत्य और अनुशासन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था।

### अनुष्ठान में 100 से अधिक देशों के प्रतिनिधि बने साक्षी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को नयी दिल्ली के विज्ञान भवन में नवकार महामंत्र दिवस कार्यक्रम में श्वेत वस्त्र में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने नवकार महामंत्र का जाप किया। इस आयोजन में 100 से अधिक देशों से आए प्रतिनिधि एक साथ वैश्विक सामूहिक मंत्र जाप के साक्षी बने। नवकार महामंत्र दिवस आध्यात्मिक सद्भाव और नैतिक चेतना का एक महत्वपूर्ण उत्सव है, जो जैन धर्म में सबसे अधिक पूजनीय और सार्वभौमिक मंत्र- नवकार महामंत्र के सामूहिक जाप के माध्यम से लोगों को एकजुट करने का प्रयास करता है। अहिंसा, विनम्रता और आध्यात्मिक उत्थान के सिद्धांतों पर आधारित यह मंत्र प्रबुद्ध व्यक्तियों के गुणों के प्रति सम्मान व्यक्त करता है और आंतरिक परिवर्तन की प्रेरणा देता है।

# 300 पदाधिकारियों से 18-19 लाख रुपये की होगी वसूली

- सभी विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव और महालेखाकार को भेजी गई आदेश की कॉपी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** जनवरी 2006 से पूर्व नियुक्त सचिवालय सहायक संवर्ग के 300 पदाधिकारियों से प्रति पदाधिकारी पर औसतन 18 से 19 लाख रूपये की वसूली की जाएगी। वित्त विभाग ने इसका आदेश जारी कर दिया है।

बताते चलें कि महालेखाकार द्वारा एक ही मामले में दो फिटमेंट टेबल बनाए जाने को नियमसंगत नहीं करार देने के बाद वित्त विभाग ने एक अक्तूबर 2019 को जारी वेतन निर्धारण से संबंधित संकल्प को रद्द करने का प्रस्ताव पेश किया था। कैबिनेट ने वित्त विभाग के इस प्रस्ताव को स्वीकार करते हुए रद्द कर दिया था। वर्ष 2019 को जारी संकल्प से 2006 से पहले नियुक्त सचिवालय सहायकों का वेतन और ग्रेड पे बढ़ गया था। उन्हें एरियर भी मिला था। एरियर और बढ़े वेतन से प्रति पदाधिकारी को 18 से 19 लाख रूपये अधिक मिले। इस संकल्प को रद्द करने से 2006 से पहले नियुक्त सचिवालय सहायकों के वेतन में भी ₹10-15 हजार की कमी हो जायेगी। वित्त विभाग ने कहा कि जनवरी 2006 के पूर्व पदस्थापित झारखण्ड सचिवालय के सहायक और निजी सहायक के मूल कोटि के कर्मियों के वेतन निर्धारण संकल्प को निर्गत तिथि से निरस्त किया जाता है।

### वसूली नहीं की जा सकती : सचिवालय सेवा संघ

सचिवालय सेवा संघ का कहना है कि कैबिनेट का फैसला न्याय संगत नहीं है। वर्ष 2006 से पूर्व नियुक्त लगभग 300 पदाधिकारी इनकम टैक्स के रूप में लगभग 17.10 करोड़ रुपये भी जमा कर चुके हैं। सुप्रीम कोर्ट के आदेश का हवाला देते हुए संघ ने कहा है कि नियोक्ता की ओर से गलत गणना या किसी नियम की गलत व्याख्या के आलोक में कर्मचारियों को किये गये अतिरिक्त भुगतान की वसूली नहीं की जा सकती है। संघ का यह भी कहना है कि केंद्र सरकार द्वारा समय-समय पर निर्गत आदेश के आलोक से राज्य सरकार के फैसले को चुनौती दी जा सकती है।

# फर्जी जाति प्रमाण पत्र के सहारे नौकरी कर रहे हैं इंजीनियर निरंजन कुमार

## कैशियर की चिट्ठी से खुला जाति का राज, अधीक्षण अभियंता की बढ़ सकती है मुश्किलें

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के अधीक्षण इंजीनियर निरंजन कुमार का नाम भ्रष्टाचार के मामले में सुर्खियों में है। इस बीच उनके विभाग के कैशियर ने सरकार को दिए जवाब में यह उल्लेख करके सनसनी फैला दी है, उन्होंने फर्जी जाति प्रमाण पत्र के सहारे नौकरी हासिल की है। पेयजल विभाग के इंजीनियर निरंजन कुमार ने फर्जी जाति प्रमाण पत्र के सहारे नौकरी हासिल की है। कैशियर संतोष कुमार ने सरकार को भेजे गये अपना जवाब में इस बात का दावा किया है। साथ ही इससे संबंधित ब्योरा देते हुए मामले की जांच कराने का अनुरोध किया है। कैशियर संतोष कुमार ने अपने जवाब में कहा है कि निरंजन कुमार को इस बात की सूचना मिली थी कि उसके पास उनकी नियुक्ति से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी है। इसकी सूचना मिलने के बाद निरंजन कुमार ने उसे 20 दिसंबर 2023 को अपने कार्यालय में बुला कर धमकी दी थी।

संतोष कुमार ने अपने पत्र में निरंजन कुमार के जाति प्रमाण पत्र का उल्लेख करते हुए कहा है कि उनके पिता का नाम परशुराम सिंह है। निरंजन कुमार मूलतः भागलपुर जिले के पीरपैंती प्रखंड के निवासी है। उनकी नियुक्ति बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा 21-5-1997 को सहायक अभियंता के पद पर की गयी थी। नियुक्ति से संबंधित पत्र में निरंजन कुमार ने अपना पता चाईबासा दिखाया। इसमें उनका पता, द्वारा देवेश कुमार, मोहल्ला - केवट साईं (कुजू) पोस्ट-इचा जिला चाईबासा दर्ज है। संतोष कुमार ने अपने पत्र में कहा है कि निरंजन कुमार ने चाईबासा के पते पर जाति प्रमाण पत्र बनाया। इस जाति प्रमाण पत्र में उन्हें पिछड़ी जाति एनेकसचर-1 का सदस्य बताया गया है।

बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा 6-3-1997 को जारी अधिसूचना संख्या 2398 के सीरियल नंबर 109 पर उन्हें पिछड़ी जाति एने^ र-1 के होने का उल्लेख किया गया है। दूसरी तरफ पेयजल विभाग के इंजीनियरों द्वारा जारी औपबंधिक और अंतिम वरीयता सूची में उन्हें अनारक्षित वर्ग का बताया गया है। संतोष कुमार ने अपने पत्र में कहा है कि 14-6-2022 को विभागीय इंजीनियरों की औपबंधिक वरीयता सूची जारी की गयी थी। इसमें निरंजन कुमार को अनारक्षित वर्ग का बताया गया है। 13.9.2022 को जारी अंतिम वरीयता सूची में भी निरंजन कुमार को अनारक्षित वर्ग का बताया गया है।

इससे यह पता चलता है कि निरंजन कुमार ने फर्जी जाति प्रमाण पत्र के सहारे नौकरी हासिल की। संतोष ने अपने पत्र में निरंजन कुमार पर फर्जी वाउचरों के सहारे इंधन मद से 4.47 करोड़ रुपये और कार्यपालक अभियंता द्वारा इंधन मद में 17.81 लाख रुपये की निकासी का उल्लेख किया है। संतोष ने अपने पत्र में कहा है कि निरंजन कुमार ने इंधन मद से 4.47 करोड़ रुपये की निकासी के लिए उसके खाते का इस्तेमाल किया। इस रकम की निकासी मार्च 2021, 2022 और 2023 में डोरंडा ट्रेजरी से की गयी थी। राधेश्याम रवि ने इंधन के नाम पर 17.81 लाख रुपये की निकासी की। इस रकम को निरंजन कुमार, चंद्रशेखर और राधेश्याम ने उससे फोन-पे और योनो एप के सहारे वापस लिया।

### सुदिव्य सोनू से मिले प्रकाश झा



**रांची।** प्रसिद्ध फिल्म निर्माता और निर्देशक प्रकाश झा रांची में हैं। बुधवार को उन्होंने पर्यटन, कला और नगर विकास मंत्री सुदिव्य सोनू से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं के बीच कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई, जिनमें पर्यटन, कला और निवेश के अवसर शामिल थे। मंत्री सुदिव्य सोनू ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि प्रसिद्ध फि ल्म निमार्ता प्रकाश झा से मुलाकात हुई। इस दौरान झारखण्ड में पर्यटन, कला और संभावित निवेश के अवसरों पर सकारात्मक चर्चा हुई।

# बेटियां बनेंगी डॉक्टर-इंजीनियर, सिर्फ शादी तक सीमित नहीं रहेगी सोच : चमरा लिंडा

### कल्याण मंत्री ने किया राजकीय पिछड़ी जाति +2 बालिका उवि का औचक निरीक्षण, छात्राओं से किया संवाद

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



रांची। कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने बुधवार को राजधानी के जेल मोड़ स्थित राजकीय पिछड़ी जाति +2 आवासीय बालिका उच्च विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने विद्यालय में चल रही शैक्षणिक गतिविधियों, छात्राओं की उपस्थिति, भोजन, आवासीय सुविधा, पुस्तकालय, एवं सुरक्षा व्यवस्था का गहन अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान मंत्री श्री लिंडा ने विद्यालय प्रबंधन समिति एवं छात्राओं से सीधा संवाद किया और उन्हें झारखंड सरकार की विभिन्न शैक्षणिक एवं कल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि आप सभी को अच्छे से पढ़ना है, डॉक्टर, इंजीनियर बनना है। अब वह सोच नहीं रहेगी कि लड़कियाँ बस शादी करके किसी और के घर चली जाएंगी। हर क्षेत्र में आज महिलाएँ पुरुषों के बराबर खड़ी हैं।

**नवनिमार्णाधीन बालिका छात्रावास भवन का भी किया निरीक्षण :** इस मौके पर मंत्री ने विद्यालय परिसर में ही नवनिमार्णाधीन बालिका छात्रावास भवन का भी निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता और प्रगति की समीक्षा की और अधिकारियों को निर्देश दिया कि छात्राओं के लिए सुरक्षित, सुविधाजनक और आधुनिक आवासीय व्यवस्था शीघ्र उपलब्ध कराई जाये। मंत्री ने कहा कि झारखंड सरकार छात्राओं की हर शैक्षणिक जरूरत- जैसे कि किताबें, हॉस्टल, स्कॉलरशिप और करियर गाइडेंस-की पूर्ति के लिए कटिबद्ध है। लेकिन उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि सरकार की ओर से दी जा रही सुविधाओं का उद्देश्य है कि छात्राएं बेहतर प्रदर्शन करें और अपने घर-समाज और राज्य का नाम रौशन करें।

**महिला सशक्तिकरण की दिशा में झारखंड सरकार की प्रतिबद्धता :** राज्य सरकार शिक्षा के माध्यम से समाज के पिछड़े वर्गों, विशेषकर बालिकाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने के लिए सतत प्रयासरत है। यह औचक निरीक्षण उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे सरकार की योजनाओं के जमीनी प्रभाव का आकलन हो सके। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही वह माध्यम है, जिससे सामाजिक समानता और समावेशी विकास संभव है। आने वाले समय में ऐसे विद्यालयों और छात्रावासों की संख्या एवं गुणवत्ता में और सुधार लाया जाएगा।


**Govt. of Jharkhand, Energy Department**
**Jharkhand Renewable Energy Development Agency (JREDA)**
3rd Floor, S.L.D.C. Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi-834002.
Ph.: 0651-2491161, Fax: 0651-2491165,
E-mail: info@jreda.com; Website: www.jreda.com

**e-Procurement Notice**

Tender Reference No. : 04/JREDA/GCRT/CMCO/25-26 Dated: 09.04.2025

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of the work | Rate Contract for Selection of Agencies for Comprehensive Maintenance Contract & Operation (CMCO) of installed Grid Connected Rooftop Solar Power Plants for 05 (Five) Years including replacement of PCUs and Batteries and other components as and where required basis at Various Districts in the State of Jharkhand. |
| 2 | Completion of work | 90 (Ninety) Days |
| 3 | Period of contract | 05 (Five)Years |
| 4 | Date of publication of NIT on website: http://jharkhandtenders.gov.in | 21.04.2025 (Monday) |
| 5 | Date & time of Pre-bid meeting | 02.05.2025 (Friday) at 2.00 P.M. |
| | Last date & time for receipt of online bids | 14.05.2025 (Wednesday) upto 05:00 PM |
| 6 | Submission of Bid fee and EMD through Online Via SBI Payment Gateway of Jharkhand Tenders. | 14.05.2025 (Wednesday) upto 05:00 PM |
| 7 | Technical Bid Opening Date & Time | 16.05.2025 (Friday) at 3.00 P.M. |
| 8 | Name & address of office inviting tender | Director, Jharkhand Renewable Energy Development Agency(JREDA) 3rd Floor, SLDC Building, Kusai, Doranda, Ranchi- 834002 (Jharkhand) |
| 9 | Contact no. of procurement officer | 0651-2491167/68/61/9570086777 |
| 10 | Helpline no. of e-procurement | 0651-2491167/68/61 |

Any corrigendum/addendum can be seen on website: http://jharkhandtenders.gov.in & www.jreda.com. Further details can be seen on website: http://jharkhandtenders.gov.in & www.jreda.com

PR 350066 (Energy) 25-26 (D) — Sd/- Director, JREDA, Ranchi



**Govt. of Jharkhand Energy Department**
**Jharkhand Renewable Energy Development Agency (JREDA)**
3rd Floor, S.L.D.C. Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi-834002.
Ph.: 0651-2491161, Fax: 0651-2491165,
E-mail: info@jreda.com; Website: www.jreda.com

**e-Procurement Notice**
Tender reference no.: 03/JREDA/GCRT/RD/25-26
Dated: 09.04.2025

Online bids are invited for Rate Contract for Design, Manufacture, Testing, Supply, Installation & Commissioning of Grid connected Rooftop SPV Power Plants of different capacities including five years Comprehensive Maintenance Contract (CMC) on Turnkey basis on Government Residential Buildings anywhere in the state of Jharkhand (JREDA). The details are as follows:

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of the work | Rate Contract for Design, Manufacture, Testing, Supply, Installation & Commissioning of 03 MWp Grid connected Rooftop SPV Power Plants of different capacities including five years Comprehensive Maintenance Contract (CMC) on Turnke y basis on Government Residential Buildings anywhere in the state of Jharkhand |
| 2 | Tentative quantity (kWp) | 03 MWp |
| 3 | Completion of work | 04 (Four) Months |
| 4 | Period of contract | 05 ( Five) Years |
| 5 | Date of publication of NIT on website: http://jharkhandtenders.gov.in | 21.04.2025 (Monday) |
| 6 | Date & time of Pre-bid meeting | 29.04.2025 (Tuesday) at 2.00 P.M. |
| 7 | Last date & time for receipt of online bids | 14.05.2025 (Wednesday) upto 05:00 PM |
| 8 | Submission of Bid fee and EMD through Online Via SBI Payment Gatew ay of Jharkhand Tenders. | 14.05.2025 (Wednesday) upto 05:00 PM |
| 9 | Technical Bid Opening Date | 16.05.2025 (Friday) at 3.00 P.M. |
| 10 | Name & address of office inviting tender | Director, Jharkhand Renewable Energy Development Agency(JREDA) 3rd Floor, SLDC Building, Kusai, Doranda, Ranchi- 834002 (Jharkhand) |
| 11 | Contact no. of procurement officer | 0651-2491163/67/61/7004806449 |
| 12 | Helpline no. of e-procurement | 0651-2491163/67/61 |

Any corrigendum/addendum can be seen on website: http://jharkhandtenders.gov.in & www.jreda.com. Further details can be seen on website: http://jharkhandtenders.gov.in & www.jreda.com

PR 350067 Energy(25-26)D — Sd/- Director, JREDA, Ranchi


## आर्थिक अपराध को लेकर दो आरोपियों पर चार्जशीट दाखिल

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** आर्थिक सहायता के नाम पर सैकड़ों लोगों से लाखों की ठगी करने के मामले में मोरहाबादी निवासी मैनविल श्रीवास्तव और सैनविल श्रीवास्तव के खिलाफ जांच पूरी करते हुए अनुसंधान पदाधिकारी ने चार्जशीट दाखिल कर दी है। दाखिल चार्जशीट पर अदालत ने जानबूझ कर धोखाधड़ी करना, फर्जीवाड़ा एवं आपराधिक साजिश रचने के आरोप में संज्ञान ले लिया है। यह चार्जशीट सदर थाने में 2023 में दर्ज कांड संख्या पर की गई है। धोखाधड़ी को लेकर सैनिक कॉलोनी निवासी जेम्स नयन टोप्पो ने सैनविल श्रीवास्तव के खिलाफ सदर थाने में 22 फरवरी 2023 को प्राथमिकी दर्ज कराई थी। मामले की जांच में दो साल बाद सैनविल के साथ मैनविल श्रीवास्तव को भी धोखाधड़ी में संलिप्त पाया गया है। आरोप है कि सैनविल श्रीवास्तव ने पहले डॉनबास्को पीआईटीआई कोकर खोरहा टोली में संस्थान के पूर्व प्रिंसिपल पादर नवेल जोर्ज से मेल जोल बढ़ाई। बाद में आर्थिक सहायता के नाम पर 11 अक्तूबर 2019 को 1.31 लाख रुपये की राशि टैक्स के रूप में जमा कराया। इसके एवज में 18 लाख रुपये की राशि देने का वादा किया। तीन साल बाद भी वादा को पूरा नहीं कर सका। इतना ही नहीं संस्थान के सभी कर्मचारियों से गृह निर्माण, लैपटॉप, मोबाइल, स्कूटी, ड्राइविंग लाइसेंस बनाने आदि के नाम पर 18 से अधिक लोगों से मोटी रकम की ठगी कर ली गई। वर्तमान में मैनविल श्रीवास्तव खेलगांव कांड संख्या में जेल में है। दोनों आरोपियों ने मिलकर 100 से अधिक लोगों से 1.79 करोड़ रुपये की ठगी करने का आरोप है। मामले को लेकर खेलगांव थाना में दोनों आरोपियों के खिलाफ 10 मार्च 2025 को सिस्टर निवेदिता ने नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्राथमिकी के बाद पुलिस ने मैनविल श्रीवास्तव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## मुहर्रम से पहले ऐसी एसओपी पेश करें जिससे जुलूस में बिजली न कटे : हाइकोर्ट

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** त्योहारों में बिजली कटौती पर स्वतः संज्ञान के मामले की बुधवार को सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने सरकार को मुहर्रम से पहले स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) कोर्ट में पेश करने का निर्देश दिया है। चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव और जस्टिस दीपक रोशन की अदालत ने सरकार को एक ऐसा एसओपी बनाने का निर्देश दिया है, जिससे जुलूस के दौरान भी बिजली व्यवस्था बाधित न हो। अगले सप्ताह इस मामले की फिर सुनवाई होगी। सुनवाई के दौरान महाधिवक्ता राजीव रंजन ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश से हाईकोर्ट को अवगत कराया। अदालत ने उसे रिकार्ड पर लाने का निर्देश दिया है। मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ सरकार की अपील को निष्पादित कर दिया है।

**एक अप्रैल को हाईकोर्ट ने लिया था स्वतः संज्ञान :** हाईकोर्ट ने एक अप्रैल को सरहुल जुलूस के दौरान पांच से दस घंटे तक बिजली काटे जाने पर तीन अप्रैल को स्वतः संज्ञान लिया था। अदालत ने अपने आदेश में कहा था कि बिजली आपूर्ति एक जरूरी सेवा है। गर्मी का मौसम शुरू हो चुका है, ऐसे में जेबीवीएनएल के द्वारा बिजली आपूर्ति बंद किए जाने से शहर के लोगों पर ज्यादा असर पड़ता है। बुजुर्गों, बीमार लोगों, बच्चों, गर्भवती महिलाओं और परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों पर ज्यादा असर पड़ता है। बिजली नहीं रहने से व्यापारिक प्रतिष्ठान भी बंद हो जाते हैं। इससे राजस्व का नुकसान होता है। निजी और सरकारी अस्पताल भी इससे प्रभावित होते हैं।

### महाधिवक्ता ने पलामू की घटना की दी थी जानकारी

महाधिवक्ता राजीव रंजन ने अदालत को बताया था कि सरहुल, रामनवमी और मोहर्रम जैसे त्योहारों में बड़े-बड़े बांस में झंडा लेकर लोग चलते हैं। बिजली के तारों से संपर्क होने पर दुर्घटना न हो, इस कारण ही बिजली काटी जाती है। वर्ष 2000 में पलामू में ऐसी ही घटना हुई थी, जिसमें 29 लोगों की मौत हो गई थी। इस कारण त्योहार पर बिजली काटी जाती है।

## भाजपा का प्रतिनिधिमंडल मिला डीजीपी से

# अनिल टाईगर हत्याकांड के मुख्य आरोपी के खुलासा की मांग की

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



रांची। भाजपा क ा एक प्रतिनिधिमंडल विधायक सीपी सिंह के नेतृत्व में बुधवार को डीजीपी अनुराग गुप्ता से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने डीजीपी से कांके में अनिल महतो टाईगर हत्याकांड के मुख्य आरोपी के उदभेदन एवं अलग-अलग स्थानों में बड़ी आपराधिक घटनाओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधि मंडल ने विधि व्यवस्था पर सवाल उठाया है। प्रतिनिधिमंडल ने आरोप लगाया कि झारखंड में अपराधी बेलगाम हो गये हैं। संगठित अपराधियों में पुलिस का भय खत्म हो चुका है। इसकी वजह से लोगों का विश्वास पुलिस पर से उठता जा रहा हैण।

विधायक सीपी सिंह ने कहा कि रांची जिले में दिनदहाड़े हत्या, चोरी, डकैती, दुष्कर्म की घटनाएं हुई हैं। हाल में ही कांके में भाजपा नेता अनिल महतो टाईगर की दिन दहाड़े नृशंस हत्या कर दी गई। एक अपराधी के पकड़े जाने के बाद भी मुख्य आरोपी का उदभेदन नहीं हुआ है। उसके दूसरे दिन ही रवि स्टील में भूपल साहू की गला रेत कर हत्या कर दी गई। प्रतिनिधिमंडल को डीजीपी ने बताया है कि अनिल महतो टाईगर के हत्याकांड का अनुसंधान चल रहा है। जल्द ही अपराधी का खुलासा कर दिया जायेगा।

राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने इस बात पर चिंता जताई कि राजनीतिक कार्यकताओं खासकर भाजपा के कार्यकताओं को निशाना बनाया जा रहा है। इन सारी बातों से डीजीपी को अवगत कराया गया है। उन्होंने उम्मीद जताई है कि पुलिस उनकी मांगों को गंभीरता से लेगी और आपराधिक घटनाओं को रोकने के लिए ठोस कदम उठायेगी। प्रतिनिधिमंडल में सीपी सिंह के अलावा सांसद आदित्य साहू,विधायक नवीन जायसवाल, पूर्व मंत्री भानुप्रताप शाही, जिला अध्यक्ष विनय महतो धीरज, पूर्व विधायक समरी लाल, रामकुमार पाहन, शशिभूषण भगत, प्रीतम साहू, अनिल महतो टाईगर के भाई अनुज कुमार महतो आदि मौजूद थे।

## खबर एक नजर में

### हाईकोर्ट ने पारसनाथ पहाड़ का अवलोकन कर रिपोर्ट देने का दिया निर्देश

रांची। झारखंड हाईकोर्ट में जैन संस्था ज्योत द्वारा दायर एक जनहित याचिका में सुनवाई हुई। इसमें प्रार्थी की ओर से कहा गया है कि इस पवित्र स्थल पर शराब और मांस की बिक्री, अतिक्रमण और अनधिकृत निर्माण हो रहे हैं। इस पर महाधिवक्ता राजीव रंजन ने अदालत को बताया कि सरकार जैन धर्मावलंबियों की भावनाओं का सम्मान करती है। अतिक्रमण एवं मांस बिक्री के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने सरकार को पारसनाथ पहाड़ को संरक्षित रखने का निर्देश दिया है। अदालत ने जिला विधिक सेवा प्राधिकार, प्रार्थी और राज्य सरकार के प्रतिनिधियों को पारसनाथ पहाड़ का अवलोकन कर रिपोर्ट देने का भी निर्देश दिया है।

### बांग्लादेशी घुसपैठ मामले में बढ़ी आरोपियों की हिरासत अवधि

रांची। बांग्लादेशी घुसपैठ मामले में जेल में बंद तीन आरोपियों की न्यायिक हिरासत अवधि अदालत ने बढ़ा दी है। पीएमएलए कोर्ट में बुधवार को बांग्लादेशी रॉनी मंडल, समीर चौधरी एवं कोलकाता निवासी पिंकी बासु व पिंटू हलधर को वीसी से पेश किया गया। पेशी के बाद चारों आरोपियों की न्यायिक हिरासत अवधि 14 दिन बढ़ा दी गई है। मामला वर्तमान में पुलिस पेपर पर चल रहा है। ईडी ने बीते 13 नवंबर को दो कोलकाता निवासी पिंटू हलधर व पिंकी बासु और दो बांग्लादेशी रॉनी मंडल और समीर चौधरी को गिरफ्तार किया था। मामले में रॉनी मंडल की जमानत याचिका पिछले दिनों खारिज हो चुकी है। पिंटू की जमानत पर सुनवाई 11 अप्रैल को होगी।


### हत्या के आरोपी की जमानत अर्जी खारिज

रांची। न्यायिक दंडाधिकारी विक्रम आनंद की अदालत ने हत्या के जुर्म में जेल में बंद आरोपी भैरव कोइरी की जमानत याचिका सुनवाई प›ात खारिज कर दी है। सोनाहातू थाना क्षेत्र के जामुदाग निवासी आरोपी पर कॉलेज छात्र अजीत कुमार की गला रेतकर हत्या करने का आरोप है। घटना का अंजाम बीते 19 जनवरी को दी गई थी। घटना को लेकर मृतक के बड़े भाई मनोहर महतो ने 23 जनवरी को सोनाहातू थाना में कांड संख्या 08/2025 के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्राथमिकी के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल भेज दिया है। तब से वह जेल में ही है।

### लॉकडाउन का उल्लंघन करने वाले आरोपी ठोस साक्ष्य के अभाव में बरी

रांची। न्यायिक दंडाधिकारी सार्थक शर्मा की अदालत ने बुधवार को कोरोना काल में लॉक डाउन का उल्लंघन कर मुर्गों की लड़ाई का खेल करने के आरोप में ट्रायल फेस कर रहे चार आरोपियों को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। अदालत ने सोनाहातू थाना क्षेत्र निवासी देवी राम महतो, भजोहरी महतो, हेम सागर महतो एवं पुष्कर महतो को बरी कर दिया है। बचाव पक्ष के अधिवक्ता मृत्युंजय प्रसाद ने बताया कि कोरोना काल में 13 अप्रैल 2020 को सोनाहातू के टांग टांग बाजार में लॉक डाउन का उल्लंघन कर मुर्गों की लड़ाई खेल करते दंडाधिकारी ने चारों को पकड़ा था। मामले में सूचक सहित अन्य चार गवाहों की गवाही हुई थी। लेकिन घटना साबित नहीं हो पायी। इसका लाभ आरोपियों को मिला।

### झारखंड में टेंडर प्रक्रिया महज औपचारिकता बनी मरांडी



**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर निशाना साधते हुये कहा कि राज्य में टेंडर प्रक्रिया अब केवल औपचारिकता मात्र रह गई है। उन्होंने कहा कि भवन निर्माण विभाग ने सिमडेगा में लगभग 1 करोड़ रुपये की लागत से कोल्ड स्टोरेज निर्माण के लिये 5 अप्रैल को टेंडर जारी किया और महज दो दिन बाद 7 अप्रैल को निविदा खोलने की तिथि तय कर दी। गौर करने वाली बात यह है कि 6 अप्रैल को रामनवमी का पर्व था और रविवार की छुट्टी भी। ऐसे में किसी भी इच्छुक संवेदक के लिये केवल एक दिन में आवश्यक दस्तावेज तैयार करना और निविदा प्रक्रिया में शामिल होना लगभग असंभव है। उन्होंने कहा कि यह पूरी प्रक्रिया संदेह के घेरे में है। ऐसा प्रतीत होता है कि टेंडर पहले से ही किसी खास वर्ग या चहेते ठेकेदारों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से तय किया गया था। मैं पहले भी कई बार यह मुद्दा उठा चुका हूं कि अधिकांश टेंडर पहले से फिक्स होते हैं। इससे घटिया निर्माण कार्य और भ्रष्टाचार को खुला बढ़ावा मिल रहा है। उन्होंने कहा कि सिमडेगा के डीसी इस टेंडर को तत्काल निरस्त कर निष्पक्ष, पारदर्शी और सभी इच्छुक प्रतिभागियों को समान अवसर देने वाली प्रक्रिया के तहत पुनः जारी किया जाये। ताकि भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाया जा सके और गुणवत्ता से समझौता न हो।

**हेमंत कैबिनेट नकारात्मक निर्णय लेने में गौरव महसूस कर रही : बाबूलाल मरांडी** : भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि दूसरी बार सत्ता में आने के बाद हेमंत सरकार कैबिनेट में नकारात्मक निर्णय ले रही है। उन्होंने कहा कि यह सरकार पहली कैबिनेट में प्रतियोगिता परीक्षाओं का कैलेंडर जारी करने की घोषणा के साथ सत्ता में लौटी है। लेकिन, आज स्थिति बदल गई है। यह सरकार नौकरी देने के बजाय नौकरी छीनने में लग गई है। उन्होंने कहा कि यह सरकार नई वेकेंसी सृजित करने के बजाय पद को समाप्त करने में जूट गई है। उन्होंने कहा कि कैबिनेट बैठक में हेमंत सरकार ने 8,900 टीजीटी और पीजीटी शिक्षकों के पद सरेंडर करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि जब राज्य में शिक्षक के लाखों पद पहले से ही रिक्त हैं, तब टीजीटी और पीजीटी के 8,900 पदों को एक झटके में खत्म कर देना शिक्षित बेरोजगारों के साथ अन्याय है। साथ ही, प्रदेश के शिक्षा तंत्र को भी कमजोर करने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि यह फैसला उन हजारों युवाओं की उम्मीदों का अंत है, जो सालों से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे थे। उन्होंने कहा कि शिक्षक पदों को खत्म करने का दुष्प्रभाव विद्यार्थियों के भविष्य पर पड़ेगा। सरकार अविलंब इस निर्णय को वापस ले और जल्द से जल्द खाली पदों को भरने की प्रक्रिया शुरू करे।

### नियुक्ति घोटाले के आरोपियों की अदालत की दौड़ शुरू

**रांची।** जेपीएससी द्वितीय सिविल सेवा नियुक्ति घोटाले के आरोपियों ने अदालती दौड़ शुरू कर दी है। मामले में चार्जशीटेड आरोपी कुमुद कुमार, डॉ शिशिर कुमार सिंह, विकास कुमार पांडे एवं अरविंद कुमार सिंह ने अग्रिम जमानत की गुहार लगाते हुये याचिका दाखिल की है। तीन की ओर से दाखिल याचिका पर बुधवार को सीबीआई कोर्ट में आंशिक सुनवाई हुई। अदालत ने विकास व अरविंद की याचिका पर सुनवाई की अगली तारीख 11 अप्रैल एवं डॉ शिशिर की याचिका पर सुनवाई के लिए 29 अप्रैल की तारीख निर्धारित की है। कुमद की याचिका पर 19 अप्रैल को सुनवाई होगी। अदालत ने बीते 7 मार्च को 26 भ्रष्ट अफसरों समेत 64 आरोपियों के खिलाफ दाखिल चार्जशीट पर संज्ञान लेते हुये समन जारी किया है। अदालत ने जिन लोगों पर संज्ञान लिया है उसमें ऐसे नाम भी है जो वर्तमान में प्रोन्नति पाकर डीएससी से एसपी बन कर जिला संभाल रहे हैं। मालूम हो कि सीबीआई ने हाईकोर्ट के निर्देश पर 12 साल बाद जांच पूरी करते हुये बीते अक्तूबर महीने में चार्जशीट दाखिल की थी। इसके बाद अदालत 90 दिनों तक आरोपियों के खिलाफ अभियोजन स्वीकृति आदेश का इंतजार किया था।

### हत्या का आरोपी ठोस साक्ष्य के अभाव में बरी

**रांची।** अपर न्यायायुक्त अमित शेखर की अदालत ने हत्या के जुर्म में ट्रायल फेस कर रहा आरोपी विमल पाहन और विजय पाहन को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया है। दोनों पर दिलीप कुमार नामक युवक की हत्या करने का आरोप था। घटना को लेकर रातू थाना में 13 मई 2019 को प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। दर्ज प्राथमिकी में कहा गया था कि मृतक रातू थाना क्षेत्र के सिमलिया गांव में अपने दोस्त सुनील से मिलने घर से निकला था। घटना का अंजाम अवैध संबंध को लेकर देने की बात कही गई थी। सुनवाई के दौरान हत्या किसने की अभियोजन पक्ष साबित करने में नाकाम रहा।

# टाटा स्टील, नीदरलैंड में 1600 अधिकारियों की करेगी छंटनी

■ प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने और सस्भटेनेबल भविष्य को व्यापक परिवर्तन कार्यक्रम की घोषणा की

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**मुंबई/जमशेदपुर।** टाटा स्टील नीदरलैंड ने आज अपनी परिवर्तन योजना के तहत कुछ महत्वपूर्ण पहलुओं पर विचार-विमर्श शुरू करने के लिए सेंट्रल वर्क्स काउंसिल को औपचारिक रूप से परामर्श का अनुरोध सौंपा है। टीएसएन अपनी कार्यक्षमता और प्रतिस्पर्धात्मकता को नई ऊंचाई पर ले जाने के लिए एक नई, अधिक प्रभावी संगठनात्मक संरचना अपना रहा है। यह संरचना जिम्मेदारी आधारित, स्वचालित, मानकीत होगी और कार्यों की दोहराव को समाप्त करेगी। इस पुनर्गठन के तहत लगभग 1600 प्रबंधन और सहायक पदों को चरणबद्ध तरीके से कम किया जायेगा। साथ ही, टीएसएन के स्थानीय प्रबंधन बोर्ड में भी रणनीतिक बदलाव किए जा रहे हैं।

आज परिवर्तन योजना के लिए 'रिक्वेस्ट फर एडवाइस' सेंट्रल वर्क्स काउंसिल को सौंप दी गई है और ट्रेड यूनियनों को भी इस संदर्भ में सूचित किया गया है। आगामी हफ्तों में प्रस्तावित बदलावों पर व्यापक और रचनात्मक परामर्श प्रक्रिया चलाई जाएगी, ताकि सभी पक्षों की भागीदारी सुनिश्चित हो सके।

टाटा स्टील का आइमुदीन प्लांट, नीदरलैंड में स्थित होने के साथ-साथ यूरोप के सबसे रणनीतिक स्टील मेकिंग केंद्रों में शामिल है। इसकी गहराई वाले समुद्री बंदरगाह और प्रमुख ग्राहकों के निकटता इसे प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त प्रदान करती है। अपतटीय पवन ऊर्जा, ट्रांसमिशन नेटवर्क और पाइपलाइन अवसंरचना तक सुलभता, इसे ग्रीन स्टील उत्पादन की दिशा में सक्षम बनाती है। इस परिवर्तन यात्रा में डच सरकार सहित सभी प्रमुख हितधारकों के साथ सतत और सक्रिय संवाद जारी है।



टाटा स्टील नीदरलैंड का प्लांट।

वित्तीय वर्ष 2025 में टाटा स्टील नीदरलैंड्स ने एक सशक्त वापसी की है, जहां लिक्विड स्टील का उत्पादन 6. 75 मिलियन टन प्रति वर्ष की लगभग पूरी क्षमता तक पहुंच गया है। इससे पहले, वित्त वर्ष 2024 में ब्लास्ट फर्नेस के पुनर्निर्माण में हुई देरी से उत्पादन प्रभावित हुआ था। हालांकि, यूरोप में भू-राजनीतिक तनाव, कारोबार व सप्लाई चेन में बाधा, और बढ़ती ऊर्जा लागत जैसे कारकों ने संचालन लागत और वित्तीय प्रदर्शन पर दबाव बनाए रखा है।

टाटा स्टील नीदरलैंड को यूरोप की सबसे प्रतिस्पर्धी, कुशल और लाभदायक स्टील मेकिंग इकाइयों में परिवर्तित करने के संकल्प के साथ, कंपनी ने एक व्यापक परिवर्तन कार्यक्रम की शुरुआत की है। यह बहुआयामी रणनीति उत्पादन क्षमता को अधिकतम करने, परिचालन लागत को कम करने, और उत्पाद पोर्टफोलियो व लाभ मार्जिन को अनुकूल बनाने पर केंद्रित हैजिससे संगठन दीर्घकालिक सस्टेनेबिलिटी और प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त हासिल कर सके।

टाटा स्टील नीदरलैंड का एक महत्वाकांक्षी ग्रीन स्टील परिवर्तन योजना है, जिसके तहत इस दशक के अंत तक दो में से एक ब्लास्ट फर्नेस को एक नए डायरेक्ट रिड्यूस्ड आयरन (डीआरआई) फर्नेस और इलेक्ट्रिक आर्क फर्नेस (ईएएफ) से प्रतिस्थापित किया जाएगा। इस बदलाव से प्रति वर्ष लगभग 5 मिलियन टन कार्बन डाई अक्साइड उत्सर्जन में कमी आने की उम्मीद है।आईमुदीन के आसपास के आवासीय समुदायों के लिए पर्यावरण की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के उद्देश्य से, अनुमतियों और कानूनी आवश्यकताओं से परे कई अतिरिक्त कदम उठाने का प्रस्ताव भी रखा गया है। टाटा स्टील को पूरा विश्वास है कि आने वाले महीनों में नीदरलैंड सरकार के साथ फंडिंग और नीतिगत सहयोग पर बातचीत सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ेगी। आज घोषित रूपांतरण कार्यक्रम टीएसएन को न सिर्फ भविष्य में आवश्यक निवेशों के लिए सक्षम बनाएगा, बल्कि इसे यूरोप में सबसे प्रतिस्पर्धी और सस्टेनेबल स्टील निर्माता बनने की दिशा में भी सशक्त आधार प्रदान करेगा। हांस वान डेन बर्ग, सीईओ, टाटा स्टील नीदरलैंड ने कहा कि आज की घोषणा हमारे भविष्य की दिशा में एक निर्णायक कदम है ,एक ऐसा भविष्य जो सस्टेनेबल हो, प्रतिस्पर्धी हो और अगली पीढ़ी के लिए प्रेरणास्त्रोत बने। टाटा स्टील नीदरलैंड के निदेशक मंडल के रूप में हम भलीभांति जानते हैं कि प्रस्तावित पुनर्गठन हमारे कर्मचारियों पर गहरा प्रभाव डाल सकता है, और हम इस कठिन प्रक्रिया को सभी हितधारकों के साथ मिलकर आगे बढ़ाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं।

# 224 को मिला चौकीदार का नियुक्ति पत्र

■ स्कूली शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने टाउन हॉल सिदगोड़ा में बांटे नियुक्ति पत्र

■ नियुक्ति पत्र प्राप्त होने पर युवाओं ने जतायी खुशी, सीएम का जताया आभार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**





एक युवती को नियुक्ति पत्र सौंपते मंत्री रामदास सोरेन और नियुक्ति पत्र के साथ नवनियुक्त चौकीदार।

**जमशेदपुर।** टाउन हॉल, सिद्गोड़ा में जिला स्तरीय चौकीदार नियुक्ति पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया जिसमें श्री रामदास सोरेन, मंत्री स्कूली शिक्षा, साक्षरता विभाग एवं निबंधन विभाग, झारखंड मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर चौकीदार के रिक्त 224 पद पर नवचयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया । नियुक्ति पत्र मिलते ही अभ्यर्थियों के चेहरे खिल उठे और वे खुशी से झूम पड़े। नौकरी पाकर उत्साहित युवाओं ने एक स्वर में माननीय मुख्यमंत्री, झारखंड का आभार एवं धन्यवाद प्रकट किया।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री श्री रामदास सोरेन ने अभ्यर्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी और कहा कि सरकार राज्य के युवाओं के सपने को साकार करने के लिए प्रयत्नशील है। रोजगार- सरकारी नौकरी पाना हर युवा का सपना होता है, सरकार के संकल्प का नतीजा है कि आज पूर्वी सिंहभूम के 224 युवाओं को चौकीदार के पद पर नियुक्ति किया जा रहा है। सरकार द्वारा किए जा रहे इस नियुक्ति से ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाली उस परिवार की पीढ़ी मजबूत होगी। उन्होने अपील किया कि जो भी दायित्व आप सभी को आगे मिलेगा उसका कर्तव्यनिष्ठा से निर्वह्न करें। सरकार ग्राउंड स्तर पर प्रशासन को सक्रिय करने का प्रयास कर रही है। महिलाओं, गरीबों, बेरोजगारों, युवाओं को सशक्त करने का कार्य किया जा रहा है। संवेदनशीलता के साथ सरकार राज्य को आगे बढ़ाने का काम कर रही है। उन्होने सभी जिलावासियों से अपील किया कि अपने बच्चों को नियमित स्कूल भेजें और शिक्षित बनायें, शिक्षा से ही समाज में बदलाव संभव है। युवाओं से अपील किया कि राज्य, समाज के प्रति जवाबदेह बनें। सरकार राज्य के सभी वर्गों के लिए त्संकल्पित होकर कार्य कर रही है, ग्राम पंचायतध प्रखंड स्तर पर मूलभूत सुविधाओं को विकसित किया जा रहा है।

### क्या बोले विधायक

■ जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय ने कहा कि चौकीदारों की नियुक्ति सरकार का सराहनीय पहल है। थाना के सबसे निचले स्तर पर प्रशासन-पुलिस का तंत्र स्थापित करना महत्वपूर्ण है। उम्मीद जताया कि सभी नव चयनित युवा पुलिस तंत्र में अपने पद को न्यायसंगत बनायेंगे।

■ बहरागोड़ा विधायक समीर मोहंती ने नव चयनित अभ्यर्थियों को बधाई देते हुए कहा कि इस नियुक्ति से ग्रामीण क्षेत्रों की प्रशासनिक व्यवस्था तंत्र सुदृढ़ होगा। अपील की है कि सेवा, समर्पण के साथ जनता की सेवा करें।

■ पोटका विधायक संजीव सरदार ने कहा कि आप सभी की काफी महत्वपूर्ण दायित्व सौंपी जा रही है, समाज को अपना सौ फीसदी देने का प्रयास करें। अपने पद के साथ न्याय करें।

■ कार्यक्रम में विधायक सरयू राय, समीर मोहंती, संजीव सरदार, राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष हिदायतुल्ला खान, गौ सेवा आयोग के उपाध्यक्ष राजू गिरी, जिप अध्यक्ष बारी मुर्मू, एसएसपी किशोर कौशल, एसडीएम शताब्दी मजूमदार, एडीसी भगीरथ प्रसाद व अन्य मौजूद थे।

# अच्छी सड़क से खुलेंगे विकास के कई द्वार : जोबा माझी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**सोनुवा।** सांसद जोबा माझी एवं मनोहरपुर के विधायक जगत माझी ने बुधवार को गुदड़ी प्रखंड में सड़क निर्माण कार्य का संयुक्त रूप से शिलान्यास किया। बिरकेल पंचायत के ग्राम बिरकेल मुख्य सड़क से टूटीसेल तक लगभग तीन किमी पीसीसी सड़क का निर्माण कार्य डीएमएफटी से किया जाएगा। सड़क निर्माण के बाद ओलंगेर, टूटीसेल, लिगिर, रगदा, हेसाबेडा, जामंग, जोनो आदि गांव के ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा होगा। शिलान्यास के मौके पर सांसद जोबा माझी ने कहा उन्होंने ग्रामीणों को आश्वासन दिया था कि जल्द ही यहां सड़क का निर्माण कराया जाएगा, जिसकी आज शुरुआत हो चुकी हैं। सांसद ने कहा विकास की किरणें पहुंचाने के लिए सबसे पहले अच्छी सड़क की सुविधा उपलब्ध करानी होती हैं। क्योंकि अच्छी सड़क से ही विकास के द्वार खुलते हैं।

# 13-14 अप्रैल को मनेगा ब्रह्मर्षि विकास मंच का सातवां सामूहिक उपनयनर संस्कार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** ब्रह्मर्षि विकास मंच, जमशेद्पुर के द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 7 वां सामूहिक उपनयन संस्कार 13 एवं 14 अप्रैल को अमल संघ मैदान सिद्गोड़ा में आयोजित किया जाएगा। आयोजन स्थल पर आज से टेंट एवं मंच बनाने का काम शुरु हो गया।

मंच के अध्यक्ष रामप्रकाश पांडेय ने बताया कि सामूहिक उपनयन संस्कार की तैयारी काफी जोर शोर से चल रही है। उन्होंने प्रत्येक क्षेत्रीय पदाधिकारियों को दिशानिर्देश दिया है कि हरेक घर में जाकर इस आयोजन के संबंध में लोगों को जागरूक करें। इस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु 35 सदस्यों की एक आयोजन समिति की घोषणा की गई है जो केन्द्रीय कमेटी के अध्यक्ष श्री राम प्रकाश पाण्डेय की अध्यक्षता में बेहतर तालमेल से अपना काम करेंगे।



अमल संघ मैदान में आयोजन के लिए टेंट लगाने का काम शुरू हुआ।

ज्ञात हो कि मंच द्वारा लगातार बार सफलता पूर्वक इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा चुका है। सामूहिक उपनयन हुलासगंज, बिहार के सुप्रसिद्ध आचार्य ड रंगेश शर्मा एवं उनके सदस्यीय विद्वान आचार्य के द्वारा संपन्न कराया जायेगा। कार्यक्रम के लिए बरुआ का निबंधन जारी है। उपनयन कराने के लिए प्रत्येक बरूआ द्वारा मात्र 5100 रुपये कमेटी के पास जमा करना होगा।

# टीजीटी/पीजीटी शिक्षकों के पद को सरेंडर करना व वेतनमान में कटौती अन्याय : एआइडीएसओ

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



सोहन महतो।

**जमशेदपुर।** अल इंडिया डेमोक्रेटिक स्टूडेंट अर्गनाइजेशन (एआइ डीएसओ) झारखंड राज्य कमिटी झारखंड सरकार द्वारा टीजीटीध्पीजीटी शिक्षकों के पदों को सरेंडर करने के निर्णय का विरोध करता है। विगत 8 अप्रैल 2025 को राज्य सरकार ने कैबिनेट की बैठक में निर्णय लिया कि झारखंड के टीजीटी और पीजीटी शिक्षक के तकरीबन 9000 पदों को सरेंडर कर दिया गया है अर्थात उन्हें समाप्त कर दी गयी है। इस निर्णय से झारखंड के शिक्षक नियुक्ति की तैयारी कर रहे हैं लाखों छात्रों पर प्रभाव पड़ेगा। छात्र संगठन के प्रदेश सचिव सोहन महतो ने कहा कि शिक्षक केवल एक पेशा नही बल्कि एक चरित्र निर्माणकर्ता और कर्तव्यपूर्ण जिम्मेदारी है। शिक्षक आने वाले भविष्य के छात्रों युवाओं को बनाता है। ऐसे में सभी की नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि राज्य की शिक्षा व्यवस्था दुरुस्त रहे। इस निर्णय से सरकारी शिक्षा व्यवस्था कमजोर और निजी शिक्षण व्यवस्था को भी एक तरफ से मजबूती मिलेगी। नई शिक्षा नीति के नाम पर शिक्षकों के पदों को सरेंडर करना उनके वेतनमान में कटौती एक पहलू है।

# बिरसानगर के मां पीतांबरा मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान का शुभारंभ

>> कलश यात्रा में शामिल हुई 101 महिलाएं

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** बिरसानगर जोन नंबर 2 बी, मोहरदा में नवनिर्मित म पीताम्बरा मंदिर में श्री गणेश मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा, वास्तु पूजन और म पीतांबरा प्राण प्रतिष्ठा का तीन दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान बुधवार की सुबह कलश यात्रा से शुभारंभ हुआ। मोहरदा के स्वर्णरेखा नदी में स्वामी विजयानंद ने पूजन किया। कलश यात्रा में 101 महिलाएं शामिल हुई। सभी माता के जयकारे लगाते चल रहे थे। नवनिर्मित मां पीतांबरा मंदिर पहुंच कलश यात्रा संपन्न हुई। स्वामी विजयानंद ने सुबह 11 बजे मंदिर में मूर्ति का जलाभिषेक और दूध अभिषेक किया। शाम 6 बजे श्री गणेश पूजन और देवी आवाहन हुआ। यह अनुष्ठान कामाख्या से आये गुरूदेव स्वामी हृदयानंद जी महाराज की देखरेख में राजीव शर्मा और अमल शर्मा मंडली करवा रहे हैं।



# 8900 पीजीटी और टीजीटी का पद समाप्त करना छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ : डॉ दिनेशानंद

■ चाकुलिया में भाजपा कार्यकर्ताओं का बैठक संपन्न

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



चाकुलिया में आयोजित भाजपा की बैठक को संबोधित करते पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डा दिनेशानंद गोस्वामी।

**जमशेदपुर।** बुधवार को चाकुलिया स्थित संपर्क कार्यालय में जिला अध्यक्ष चंडीचरण साव की अध्यक्षता में भाजपा चाकुलिया मंडल का बैठक समन्न हुआ। बैठक में चाकुलिया मंडल के सभी 68 बुथ समितियों का गठन करने तथा विभिन्न गावों में व्याप्त समस्याओं पर विचार- विमर्श हुआ। प्रत्येक बुथ पर 9 सक्रिय युवा तथा 3 महिलाओं की समिति बनाने का निर्णय हुआ।

बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डक्टर दिनेशानंद गोस्वामी ने कहा कि झामुमो गठबंधन सरकार ने विगत 5 महीनों में लोगों को निराश किया है। सत्तारूढ दल के नेताओं के संरक्षण में प्रातिक संसाधनों का धड़ल्ले से लूट- खसोट हो रहा है। विद्यालयों में शिक्षकों भारी कमी है उसके वावजूद विद्यालयों के पीजीटी एवं टीजीटी शिक्षकों के 8900 पदों को समाप्त कर हेमन्त सरकार ने युवाओं के भविष्य पर कुठाराघात किया है। सरकार के इस निर्णय से सरकारी स्कूलों के पठन- पाठन पर गहरा असर होगा। बहरागोड़ा विधानसभा क्षेत्र के कई गावों के लोग पेयजल की भीषण संकट का सामना कर रहे हैं। हेमन्त सरकार नागरिकों के मूलभूत जरूरतों को भी पूरा करने में नाकाम है। चाकुलिया तथा बहरागोड़ा के रोगियों को समय पर एम्बुलेंस भी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। डॉ गोस्वामी ने पार्टी कार्यकर्ताओं से जनसमस्याओं के समाधान में विशेष भूमिका निभाने का आह्वान किया। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष आरती कुजूर, जिला सदस्यता प्रभारी लखन मार्डी, जिला महामंत्री सत्या तिवारी, जिला मंत्री गीता मुर्मू भी थे।

## स्पीड न्यूज

### कंपनी ने छह स्कूलों में बांटे 432 स्कूली बैग

**जादूगोड़ा।** यूसिल की नरवा यूरेनियम प्रोजेक्ट प्रबन्धन द्वारा आज बुधवार को सरकारी स्कूलों में खेल सामग्री व बैग का वितरण किया। इधर कंपनी ने अपने तीसरे चरण में छह स्कूलों में कुल बाटे 432 स्कूली बैग व खेल सामग्री का वितरण किया। इधर, उत्क्रमित मध्य विद्यालय भूटका के सहायक शिक्षक पीयूष कुमार पालित ने यूसिल के इस कदम के बाबत कहा कि ऐसे कार्यक्रम से बच्चों में पढ़ाई के प्रति रुचि बढ़ती है व स्कूलों में भी शत-प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की जा रही है। शिक्षा के क्षेत्र ने कंपनी की पहल की सराहना की।

### एनसीपी ने किया उपायुक्त का अभिनंदन

**जमशेदपुर।** बुधवार को एनसीपी पार्टी का एक प्रतिनिधि मंडल एनसीपी युवा मोर्चा के राष्ट्रीय महासचिव सह प्रवक्ता डा पवन पांडेय के नेतृत्व में पूर्वी सिंहभूम जिले के उपायुक्त कार्यालय में पहुंच कर उपायुक्त महोदय को सम्मानित किया। डा पवन पांडेय ने बताया कि पिछले दिनों बीते धार्मिक आयोजनों में जैसे ईद और रामनवमीं को जिस तरह से सफलतापूर्वक संपन्न कराने में जिला प्रशासन की अहम भूमिका निभाने को लेकर जिससे हमारे शहर में आम शहरवासियों को सौहार्दपूर्ण वातावरण में अपने अपने धार्मिक आयोजनों को सफलतापूर्वक मनाने में और अपने परिजनों के बीच खुशी से आने जाने में किसी भी प्रकार का अवरोध उत्पन्न नहीं होने देंने में जिला प्रशासन ने अहम भूमिका निभायी थी।

### मणिपाल टाटा मेडिकल कॉलेज में अंगदान और प्रत्यारोपण संगोष्ठी

**जमशेदपुर।** मणिपाल टाटा मेडिकल कॉलेज (एमटीएमसी) के आउटरीच विभाग के सहयोग से, डॉ टीएमए पाई हॉल में आज अंगदान जागरूकता पर संगोष्ठी का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व प्रसिद्ध कानूनी विशेषज्ञ और अंगदान अधिवक्ता, एडवोकेट प्रशांत अजमेरा एवं उनकी टीम ने किया। भारत में अंगदान और प्रत्यारोपण के कानूनी, नैतिक और प्रक्रियात्मक पहलुओं के बारे में छात्रों, शिक्षकों और स्वास्थ्य सेवा पेशेवरों को अवगत कराया।

### हेलमेट चेकिंग के नाम पर भयादोहन बंद हो : अनिल मोदी

**जमशेदपुर।** भाजपा के जिला महामंत्री मोदी ने आज स्टेशन चौक पर ट्रैफिक पुलिस के जवानों द्वारा एक गर्भवती महिला को हेलमेट चेकिंग के नाम पर परेशान किये जाने की निंदा की है। उन्होंने कहा कि पुलिस कर्मियों को मानवता के नाते गर्भवती महिलाओं को परेशान नहीं करना चाहिए। कहा कि भाजपा आम जनता की सुरक्षा के प्रति जागरूक है एवं ट्रैफिक नियमों की परिपालना हेतु भी प्रतिबद्ध है। परंतु हेलमेट चेकिंग के नाम पर ट्रैफिक पुलिस द्वारा किए जा रहे भयादोहन एवं वसूली की निंदा करती है। उन्होंने कहा कि शहर में हेलमेट चेकिंग के नाम पर जगह-जगह चेक पोस्ट बन गये हैं। यदि कोई चालक हेलमेट पहना हुआ है तो भी उसे रोककर कागजात के नाम पर परेशान किया जाता है।

### टाटा-कांड्रा मार्ग पर खड़े ट्रक की चोरी

**गम्हरिया।** आदित्यपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गम्हरिया टीचर्स ट्रेनिंग मोड़ में टाटा-कांड्रा मार्ग पर खड़ी ट्रक संख्या (जेएच 05 बीजेड 4018) की चोरी हो गयी। इस संदर्भ में पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार चित्रगुप्तनगर निवासी राजा ठाकुर ने बताया कि विगत 26 मार्च को उनकी ट्रक टीचर्स ट्रेनिंग के पास खड़ी थी। इसके बाद 30 मार्च को वहां से ट्रक गायब हो गया।

### कई मुद्दों पर सीएस से सकारात्मक बातचीत

**जमशेदपुर।** सिंहभूम चैम्बर के प्रतिनिधिमंडल ने अध्यक्ष विजय आनंद मूनका के नेतृत्व में झारखंड सरकार के मुख्य सचिव अलका तिवारी से रांची स्थित उनके कार्यालय में मुलाकात कर विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की। इस दौरान मुख्य सचिव का निम्नलिखित मुद्दों पर ध्यानाकृष्ट कराकर इनके जल्द समाधान का आग्रह किया।

## एक नजर में

### ब्राह्मण शक्ति संघ ने मनाया प्रथम स्वतंत्रता सेनानी मंगल पांडेय का 168वां बलिदान दिवस



**जमशेदपुर।** 8 अप्रैल को ब्राह्मण शक्ति संघ ने हयूम पाईप स्थित केंद्रीय कार्यालय में देश के प्रथम स्वतंत्रता सेनानी अमर शहीद मंगल पाण्डेय जी की 168वां बलिदान दिवस मनाया गया। बलिदान दिवस के कार्यक्रम को संघ ने कृति दिवस के रूप में मनाया। संघ के केंद्रीय अध्यक्ष डॉ पवन पांडेय ने कहा कि यह पूरे देश के लिए गर्व का विषय है कि हमारे देश में ऐसे ऐसे वीर सपूत हुए हैं जिन्होंने अपने प्राण न्यौछावर करने में देश की खातिर हमेशा आगे रहे। अपने जान से ज्यादा देश और देश वासियों की आजादी को महत्व दिया। कार्यक्रम में अशोक पांडेय, रामानुजन चौबे, उमलेश पांडेय, संजय दूबे, चंद्र प्रकाश शुक्ला भी थे।

### हिंद आईटीआई ने की शोभा यात्रा के लोगों की सेवा



**जमशेदपुर।** गत 7 अप्रैल को राम नवमी के पावन अवसर पर हिंद आईटीआई ने एक भव्य और भावनात्मक कार्यक्रम किया, जो सेवा, सम्मान और सांस्कृतिक एकता का प्रतीक बना। इस वर्ष भी रोड नंबर 17 स्थित तरुण संघ त्रिवेदी अखाड़ा एवं पर्दिह समीक्षा एकता बजरंग अखाड़ा के सदस्यों का पारंपरिक रूप से स्वागत किया गया। मौके पर वारिस कॉलोनी से आबिद एवं इसरार खान विशेष रूप से शामिल हुए। हिंद आईटीआई की ओर से लगभग सैकड़ों हजारों श्रद्धालुओं को शरबत, चना और गुड़ का वितरण किया गया। इस दौरान सभी आने वाले श्रद्धालुओं को फूलों की मालाएं पहनाकर गर्मजोशी से स्वागत किया गया। मौके पर डायरेक्टर डॉ ताहिर हुसैन, जमील, विष्णुनाथ, तालिब, अकबर, काशिफ, सद्दाम, इमरान, गुलु, शहजादा और असमत आदि उपस्थित थे।

### आनंत मोहनका की टीम ने संभाली मायुमं स्टील सिटी शाखा की कमान




**जमशेदपुर।** मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी शाखा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष आनंत मोहनका ने मंगलवार की शाम को सचिव कौशिक चौधरी और कोषाध्यक्ष आनंद अग्रवाल के साथ बिष्टुपुर स्थित चैंबर भवन में आयोजित एक समारोह में पदभार ग्रहण किया। मौके पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष आनंत मोहनका ने कहा कि वे मंच को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने सामाजिक कार्यों में मंच की सक्रिय भागीदारी को जारी रखने की बात कही और युवाओं को समाज सेवा से जोड़ने पर बल दिया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक कुणाल षाड़गी उपस्थित थे। विशिष्ट अतिथियों में प्रांतीय अध्यक्ष विशाल पडिया, चेबर अध्यक्ष विजय आनंद मूनका, पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष अरुण गुप्ता और अभिषेक अग्रवाल गोल्डी, मंच के पूर्व राष्ट्रीय सचिव नंदकिशोर अग्रवाल, मंडल-3 के उपाध्यक्ष मोहित मूनका और प्रांतीय सचिव दीपक गोयनका की उपस्थिति रही। मौके पर सचिव मानव केडिया, राजीव अग्रवाल सहित मंच के कई सदस्य एवं समाज के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। समारोह में मंच के भावी कार्यक्रमों को लेकर उत्साह का वातावरण देखा गया।

### एक महीने में खराब चापानलों की मरम्मत करायें



**सोनुवा।** विधायक जगत माझी ने बुधवार को गुदड़ी प्रखंड कार्यालय सभागार में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस दौरान विधायक ने विभागवार समीक्षा कर योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को देने का निर्देश दिया। बैठक में विधायक ने पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के अभियंता को प्रखंड के खराब पड़े चापाकलों की मरम्मत एक महीने में पूरा करने को कहा। कहा कि पेयजल समस्या ज्यादा दिन नहीं रहना चाहिए, शिकायत के बाद यथाशीघ्र निदान की दिशा में कार्य हों। जानकारी मिली कि बीपीएल नंबर नहीं होने से प्रखंड के लोगों को पारिवारिक योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। कृषि विभाग की समीक्षा करते हुए विधायक ने कहा किसान समृद्धि योजना के लाभुकों को केसीसी लोन का भी लाभ दिया जाए, ताकि लाभुक पर अंशदान का बोझ नहीं पड़े। वहीं पशुधन विकास योजना से भी अधिक ग्रामीणों को जोड़ने का निर्देश दिया। बैठक में बीडीओ मनोज कुमार तिवारी, चिकित्सा पदाधिकारी डॉ पराव माझी, मुखिया कुंवारी बरजो, दाउद बरजो, मानकी बिरसा बरजो, प्रखंड बीस सूत्री कार्यक्रम समिति के अध्यक्ष रोलेन बरजो आदि उपस्थित रहे।

### बारीडीह में मंगल पांडेय की स्मृति में 75 यूनिट रक्तदान



**जमशेदपुर।** शहर की समाजसेवी संस्था शहीद मंगल पांडे क्लब बारीडीह ने जमशेदपुर ब्लड सेंटर एवं भीबीडीए जमशेदपुर के सहयोग से जनसेवक समिति जमशेदपुर के मार्गदर्शन में भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के अमर सेनानी शहीद मंगल पांडे की पुण्य स्मृति में वीर कुंवर सिंह भवन गांधी चौक विद्यापति नगर बारीडीही के प्रगाण में सफलतापूर्वक जनहित कार्यक्रम रक्तदान शिविर लगाया। रक्तदान शिविर में कुल 75 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। शिविर का उद्घाटन टिनप्लेट वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष राकेश्वर पांडे ने किया। उनके साथ संजीव श्रीवास्तव (संरक्षक), शिव शंकर सिंह समाजसेवी, गुंजन यादव (विधायक प्रतिनिधि पूर्वी जमशेदपुर), अमरजीत सिंह राजा आदि भी थे।

## स्पीड न्यूज

### देवरी में पुनः बनेगा महात्मा गांधी पार्क



**हुसैनाबाद, पलामू।** बीते दिनों समाहरणालय सभागार में जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) न्यास परिषद् की बैठक में हुसैनाबाद विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने कई योजनाओं के चयन समेत कई अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की। इस दौरान हुसैनाबाद में पोस्टमार्टम हाउस बनाने एवं प्रखंड के देवरी कला पंचायत के पुराने महात्मा गांधी पार्क का नवीकरण कर उसे विकसित करने समेत अन्य कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये। बुधवार को विधायक, एसडीओ गौरांग महतो, जिप उपाध्यक्ष आलोक सिंह, नीति आयोग के अधिकारी प्रणव कुमार व भवन निर्माण विभाग के कनीय अभियंता मो साजिद अहमद ने हुसैनाबाद के देवरी कला स्थति उक्त पार्क का भौतिक निरीक्षण किया। बताया कि विधायक के प्रयास से बहुत जल्द इस पार्क का डीपीआर तैयार कर लिया जायेगा। विधायक ने कहा कि मुझे फिर से नये सिरे से हुसैनाबाद को सजाना-संवारना है।

### कैलिफोर्निया में जन्मे बाबू आयान का जन्मदिन पलामू में केक काटकर मना



**मेदिनीनगर।** कैलिफोर्निया में जन्मे बाबू आयान का जन्म दिन भारत में मनाया गया। सामाजिक संस्था मिशन समृद्धि की पूरी टीम जन्म दिन मनाकर उसे बधाई एवं ढेरों आशीर्वाद दिया। आयान के माता-पिता गौरव शरण व नैमा शरण बधाई के पात्र हैं कि अपने छोटे बेटे आयान शरण का भी जन्मदिन समृद्धि की पाठशाला में मनायी। आयान की दादी आरती श्रीवास्तव पाठशाला के लिए योगदान देती रहती हैं। समाजसेवा की भावना से ओतप्रोत हैं। उनके दो बेटे एक कैलिफोर्निया और दूसरा आयरलैंड में रहते हैं। मां की भूमिका से प्रभावित दोनों बेटे बच्चों का जन्मदिन समृद्धि की पाठशाला में ही मनाते हैं।

### सिक्का के ग्रामीणों ने की भालको को एक बार फिर से शुरू कराने की मांग

**मेदिनीनगर।** पड़वा प्रखंड क्षेत्र के सिक्का में ग्रामीणों की बैठक हुई। जिसमें वर्षों से खराब पड़ी भालको सिंचाई परियोजना पर चर्चा की गयी। बताया गया कि भालको के चालू रहने से सिक्का, कठौतिया, गड़ेरियाडीह, सखुई, पाल्हे खुर्द के किसानों के खेतों में पाइप लाइन से सिंचाई होती थी। लेकिन करीब 20-25 सालों यह योजना मामूली मरम्मत के अभाव में आज जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है। जिससे गांव में सिंचाई सुविधा का अभाव रहने से किसानों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। गुरुदयाल सिंह ने बताया कि निरंतर वषार्पात कम होने से खेती प्रभावित है। इसे एक बार फिर से चालू कराने के लिए ग्रामीणों का एक प्रतिनिधिमंडल विधायक सह वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर से मिलकर आवेदन सौंपेगा।

### झामुमो के जिलाध्यक्ष-उपाध्यक्ष सम्मानित



**मेदिनीनगर।** कांग्रेस नेता सह पलामू चेंबर ऑफ कामर्स के पूर्व अध्यक्ष दीपक लाल के आवास पर सम्मान समारोह मनाया गया। जिसमें झामुमो जिध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा को पांचवीं बार पदभार संभालने पर सम्मानित किया गया। वहीं उपाध्यक्ष सन्नू सिदिकी को भी सम्मान दिया गया। कार्यकर्ताओं ने अध्यक्ष व उपाध्यक्ष माला पहनाकर व बुके देकर स्वागत किया। मौके पर नसीम खान, नफीस खान, राजीव जायसवाल, विक्रमजीत सिंह, अरबिंद कुमार, राज अमन, सतीश पांडेय, राजेश रौशन, संजय राजन, प्रवीण मिश्रा, विश्वनाथ राम घुरा, आलम रिजवी, दीपू चौरसिया शामिल थे।

### सांस्कृतिक विरासत का अभिन्न हिस्सा है चैता दुगोला कार्यक्रम: अमलेश चौरसिया



**चैनपुर पलामू।** रामनवमी पर प्रखंड के अवसाने में चैता दुगोला कार्यक्रम किया गया। जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि अमलेश चौरसिया ने फीता काटकर किया। मौके पर पूजा कमेटी ने श्री चौरसिया का भव्य स्वागत किया। मौके पर रामकरेश चौरसिया, सुरेंद्र चौरसिया, मनोज मेहता, मनोरंजन, सरोज चौरसिया, विशाल दुबे समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे। अलमेश ने कहा कि यह पारंपरिक लोकगीत हमारी सांस्कृतिक विरासत का अभिन्न हिस्सा है, जो समाज को जोड़ने और मनोरंजन के साथ-साथ लोकभावनाओं को अभिव्यक्त करने का सशक्त माध्यम है।

### खड़ा ट्रक में मारी टक्कर, चालक की मौत



**छतरपुर पलामू।** नगर पंचायत क्षेत्र के महिंद्रा पेट्रोल पंप समीप फोर लेन किनारे खड़ा ट्रक में विपरीत दिशा से आकर दूसरे ट्रक ने साइड कर खड़ा करने में एक युवक को काल के गाल में समा लिया। ज्ञात हो कि बुधवार को डाला वाडी ट्रक का ड्राइवर बिपिन साइड में लगा कर आराम कर रहा था। बगल में एक और ट्रक खड़ा करने के इरादे से साइड करने के क्रम में दोनों गाड़ी के बीच में फंस जाने से युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी। मृतक छतरपुर थाना क्षेत्र के बन्धुडीह टोला वाघबोरवा निवासी अशोक राम का पुत्र बिपिन कुमार (24) है, जो ट्रक में ही मजदूरी का कार्य करता था।

### आंगनबाड़ी में पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम



**पाटन पलामू।** पलामू जिला के पाटन प्रखंड के जंघासी पंचायत अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र संख्या -216 में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, पंचायती राज, स्कूली शिक्षा एवं ग्रामीण विकास विभाग जेएसएलपीएस के तहत बुधवार को सामाजिक सुधार उप समिति दीदी और जेंडर सीआरपी आरती कुमारी के नेतृत्व में पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

# चतरा संसदीय क्षेत्र में विकास को धरातल पर उतारने का प्रयास करूंगा : सांसद कालीचरण

- रबदा पंचायत सचिवालय में जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



रबदा पंचायत सचिवालय के जनसंवाद कार्यक्रम में चतरा सांसद व अन्य।

**सतबरवा।** प्रखंड क्षेत्र के रबदा पंचायत सचिवालय में बुधवार को जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंचायत के पूर्व मुखिया शंभू उरांव तथा संचालन भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष अवधेश सिंह चेरो ने किया। इस दौरान सांसद कालीचरण सिंह संसदीय क्षेत्र के ग्रामीणों के द्वारा समस्याओं से अवगत हुए तथा समाधान करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि सांसद निधि के अंतर्गत मिलने वाली पहली किस्त की राशि से सतबरवा प्रखंड क्षेत्र के लोगों के लिए एम्बुलेंस दिया जाएगा ताकि बीमारी की स्थिति में उसका उपयोग किया जा सके। उन्होंने कहा कि चतरा संसदीय क्षेत्र के अधिकतर गांव की समस्याओं से अवगत हूं। चुनावी वादा के अनुरूप विकास को धरातल पर उतारने का प्रयास करूंगा। वही अवधेश सिंह चेरो ने कहा कि सांसद कालीचरण सिंह अपने राजनीतिक काल से ही काफी संघर्षशील तथा जुझारू रहे हैं तथा इनका जन भावनाओं से हमेशा लगाव रहा है। इस दौरान ठेमा तथा रबदा गांव के समीप से गुजरने वाली फोरलेन सड़क पर अंडरपास बनाने, पलामू किला मेला स्थल में राजा मेदिनी राय का प्रतिमा लगाने, रबदा देवी मंडप में विवाह मंडप बनवाने, लोहार पोखरी शिव मंदिर के समीप मलय नदी पर पुल निर्माण करवाने की मांग की गयी।

जिला के पांच अनुमंडल में 16 को होगा जन शिकायत समाधान कार्यक्रम

# जन शिकायत समाधान से लोगों को त्वरित मिलता है न्याय : एसपी रीष्मा रमेसन

खबर मन्त्र संवाददाता



रीष्मा रमेसन, पलामू एसपी।

**मेदिनीनगर।** पुलिस महानिदेशक एवं महानिरीक्षक रांची के निर्देश पर झारखंड के सभी अनुमंडल क्षेत्रों में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन 16 अप्रैल को पुनः किया जा रहा है। इसके तहत पलामू में भी कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेसन ने बताया कि पलामू जिला के पांच अनुमंडल क्षेत्र में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा।

उन्होंने बताया कि सदर अनुमंडल स्तर का कार्यक्रम शहर थाना परिसर में, विश्रामपुर अनुमंडल का नावा बाजार थाना में, लेस्लीगंज अनुमंडल का तरहसी थाना में व छतरपुर अनुमंडल का छतरपुर थाना में यह कार्यक्रम पूर्वाह्न 11 बजे से आयोजित किया जायेगा। इसमें सभी अनुमंडल के थाना क्षेत्रों के लोग अपने अपने अनुमंडल क्षेत्र में लगने वाले कार्यक्रम में पहुंच कर अपनी समस्याओं का समाधान के लिए लिखित या मौखिक रख सकते हैं। उन्होंने कहा कि आम लोगों से प्राप्त लिखित व मौखिक शिकायत पर पलामू पुलिस द्वारा समस्या का समाधान करते हुए त्वरित न्याय दिलाया जाता है। उन्होंने जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम में पहुंचकर लोग अपना समस्या का समाधान करायें।

# राज्य खाद्य निगम के निदेशक ने किया हुसैनाबाद आपूर्ति गोदाम का निरीक्षण

- गोदाम में अनाज का रख रखाव सही तरीका से करें, नहीं तो सीधे नपेंगे अधिकारी : दिलीप तिर्की

खबर मन्त्र संवाददाता



गोदाम का निरीक्षण करने पहुंची अधिकारियों की टीम।

**हुसैनाबाद पलामू।** झारखंड सरकार के निर्देश पर बुधवार को राज्य खाद्य निगम के निदेशक आईएएस दिलीप तिर्की और जिला आपूर्ति सह जिला खाद्य प्रबन्धक प्रीति किस्कू हुसैनाबाद प्रखण्ड परिसर में स्थित आपूर्ति गोदाम का निरीक्षण किया। इस दौरान निदेशक श्री तिर्की ने डीलर वितरक पंजी, स्टॉक पंजी तथा एमडीएम व अंत्योदय आदि अन्य सभी प्रकार के राशन वितरण से संबंधित संचायिका को बारी-बारी से देखा। वहीं उन्होंने गोदाम में पूर्व से रखे खाद्य पदार्थ, चावल, गेंहू, दाल, नमक आदि का रख रखाव सही ढंग से करने का हिदायत दिया। उन्होंने गोदाम में साफ सफाई को लेकर भी सम्बंधित अधिकारीयों को फटकार लगाया तथा सही तरीका से साफ सफाई से रख रखाव करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा गरीबो के लिए अनाज वितरण किया जाता है, जिसका सही तरीके से रख रखाव व शुद्धता में कोई समझौता नही होनी चाहिए वर्ना शिकायत मिली तो सम्बंधित लोगों पर विधिवत कार्रवाई होगी। मौके पर हुसैनाबाद प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी मनोज राम व गोदाम प्रबंधक अनिल कुमार, हैदरनगर एमओ अमरेश कुमार आदि कई कर्मी मौजूद थे।

# सरकार आपको कर्तव्यों का ईमानदारीपूर्वक निर्वहन के लिए दी है स्मार्ट फोन : विधायक

- हुसैनाबाद की आंगनबाड़ी सेविकाओं के बीच स्मार्ट फोन बंटे

खबर मन्त्र संवाददाता



हुसैनाबाद में सेविकाओं को स्मार्ट फोन देते विधायक, जिप उपाध्यक्ष।

**हुसैनाबाद पलामू।** हुसैनाबाद में आंगनबाड़ी सेविकाओं के बीच स्मार्ट फोन वितरण कार्यक्रम का आयोजन झारखंड सरकार के महिला बाल विकास व सामाजिक सुरक्षा विभाग के द्वारा प्रखंड कार्यालय के सभागार में हुई। कार्यक्रम की शुरुआत विधायक संजय कुमार सिंह यादव, जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह, प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी एसडीओ गौरांग महतो ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इसके बाद आंगनबाड़ी सेविका शांति देवी और गोविंदा देवी ने संयुक्त रूप से विधायक के स्वागत में गीत गायी।

**खास बातें :** इसके बाद हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र के हुसैनाबाद, हैदरनगर व मोहम्मदगंज प्रखंड के प्रत्येक प्रखंड से 11 सेविकाओं में कुल 33 आंगनबाड़ी सेविकाओं को स्मार्ट फोन का वितरण विधायक, संजय कुमार सिंह यादव व अन्य अतिथियों ने बारी-बारी से दिया। साथ ही महिलाओं को पोषण पखवाड़ा से सबंधित जागरूकता रैली निकाली गयी, जिसको संयुक्त रूप से सभी अतिथियों ने ग्रीन झंडा दिखाकर जागरूकता रैली को रवाना किया। विधायक ने कहा कि स्मार्ट फोन से आंगनबाड़ी सेविकाएं अब विभाग के योजनाओं को समय रहते धरातल पर उतार पायेंगी। पोषण ट्रैकिंग, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना से जुड़ा निबंधन व आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों की उपस्थिति सहित कई अन्य कार्यों की रियल टाइम डेटा इंट्री कर सकेंगी। उन्होंने सभी को अपने कर्तव्यों का ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करने की बात कही है। जिप उपाध्यक्ष आलोक सिंह ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र हमारे जीवन का प्रथम पाठशाला होता है। जहां नौनिहालों को पोषण युक्त भोजन के साथ साथ शिक्षा की भी व्यवस्था है। उन्होंने सेविकाओं से समुचित कर्तव्य का निर्वहन की बात कही है। बीडीओ सुनील वर्मा, सीओ पंकज कुमार, महिला पर्यवेक्षिका प्रेमलता कुजूर, शोभा कुमारी, कांति देवी समेत भारी संख्या में आंगनबाड़ी सेविकाएं व अन्य लोग मौजूद थे।

# दिव्यांग युवती से शादी नहीं करना पड़ा महंगा, आरोपी युवक गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता



**सतबरवा।** थाना क्षेत्र के एक गांव में दिव्यांग युवती के साथ छह साल से रिलेशनशिप में रहने के बाद युवती के गर्भवती होने पर युवक के द्वारा शादी से इनकार किए जाने के बाद पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर आरोपी को जेल भेज दिया। थाना प्रभारी विश्वनाथ कुमार राणा ने बताया कि युवती के परिजनों द्वारा आवेदन दी गई थी कि 6 साल से उसी गांव के सुजीत कुमार यादव 28 साल दिव्यांग युवती के साथ रिलेशनशिप में रह रहा था। गर्भवती होने के बाद युवक ने शादी से इनकार कर दिया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर के उसे जेल भेज दिया। थाना प्रभारी विश्वनाथ कुमार राणा ने बताया कि सतबरवा थाना कांड संख्या 41/ 2025 दिनांक 9 अप्रैल 2025 धारा 69 बीएनएस के प्राथमिकी अभियुक्त सुजीत कुमार यादव पिता अमलेश यादव है। बताया गया कि इस दौरान ग्रामीण के साथ जनप्रतिनिधियों ने युवक और उसके परिजनों से शादी करके रखने का काफी प्रयास किया था। थाना पहुंचने के बाद युवक और उसके परिजनों ने शादी से इनकार कर दिया।

# बसपा की बैठक में अंबेडकर जयंती समारोह मनाने पर हुई जोरदार चर्चा

खबर मन्त्र संवाददाता

**हरिहरगंज पलामू।** आगामी 14 अप्रैल को बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाने को लेकर बहुजन समाज पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। पूर्व विधायक सह बसपा के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष कुशवाहा शिवपूजन मेहता की अध्यक्षता में उनके हरिहरगंज स्थित आवास पर आयोजित बैठक में बाबा साहब की प्रतिमा स्थापित करने के साथ ही जयंती समारोह धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में संगठन विस्तार को लेकर भी चर्चा हुई। वहीं समारोह को सफल बनाने के लिए प्रचार- प्रसार के निर्णय के साथ ही कमेटी का गठन किया गया। इसमें सर्वसम्मति से प्रमोद कुमार रवि अध्यक्ष शंकर पासवान उपाध्यक्ष रवि कुमार गौतम सचिव जितेंद्र प्रजापति कोषाध्यक्ष राजेश्वर राम संगठन सचिव सुशील कुमार रवि मीडिया प्रभारी सूरजमल राम महासचिव सनोज गुप्ता प्रचार मंत्री इन्द्रदेव भारती संगठन सचिव जबकि जगजीवन राम, संतलाल राम, विनोद राम,पिन्टू राम, बालचंद कुमार,नीरज कुमार, राहुल कुमार, किशोर कुमार, धर्मेन्द्र भुईयां,नंदू भुइयां, सरजू राम, गोविंद राम,अजय राम आदि को सदस्य के रूप में जिम्मेवारी सौंपी गयी।

### खलिहान में लगी आग, अरहर-कुटी जलकर खाक



**पांडू पलामू।** प्रखंड के ग्राम पंचायत डाला कलां के दशरथ प्रजापति के खलिहान में सुबह 10 बजे आग लग गया। ग्रामीणों के अथक प्रयास से भी आग पर काबू नहीं पाया गया। जिसके कारण खलिहान में रखा हुआ लगभग 100 बोझा राहर तथा चार ट्रैक्टर कटा हुआ पुआल का कुटी जलकर राख हो गया। जिसके कारण किसान का कमर टूट गया। दशरथ प्रजापति ने पंचायत के मुखिया रामबाबू यादव से मुआवजा दिलाने की बात कही है। भुक्तभोगी ने कहा कि अगलगी की घटना से काफी क्षति हुई है।

### उद्योग विभाग में जीएम के पदस्थापना की मांग



**मेदिनीनगर।** हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा के जिलाध्यक्ष आशुतोष तिवारी ने पलामू प्रमंडलीय उद्योग विभाग में जीएम की पदस्थापना को लेकर पत्र लिखा है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी और सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्री जीतन राम मांझी ने युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए अनेक कल्याणकारी योजना लागू किया है। पीएम विश्वकर्म योजना, पीएम रोजगार सृजन योजना सहित कई योजनाओं से जुड़कर युवा स्वरोजगार की दिशा में कदम बढ़ा रहे हैं। ऐसे महत्वपूर्ण विभाग 2 महीने से जीएम का पद रिक्त होने से कई कार्य लंबित हैं। युवा ऑफिस के चक्कर काट रहे हैं।

# जनता दरबार में डीडीसी ने सुनी लोगों की फरियाद

- 30 से अधिक आवेदनों का हुआ निष्पादन

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** जिला स्तरीय साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन बुधवार को समाहरणालय सभागार में किया गया। उपायुक्त शशि रंजन के निर्देश पर डीडीसी शब्बीर अहमद ने आमजनों की समस्याएं सुनी। उनकी समस्याओं को लेकर संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को निर्देश दिया। डीडीसी ने आमजनों से प्राप्त 30 आवेदनों का निष्पादन किया। जनता दरबार में डालटनगंज के सदर थाना क्षेत्र के कसिया निवासी प्रीति कुमारी ने अपनी भूमि, मकान आदि संपति की बिक्री पर रोक लगाने संबंधी आवेदन दिया। उनका कहना है कि उनके दादाजी के नाम पर खरीदगी भूमि है, जिसपर मकान भी बने हैं।

### बर्खास्त 255 अनुसेवकों को समायोजित करे राज्य सरकार : नरेश भारती

**पाटन पलामू।** छतरपुर पाटन के पूर्व विधायक प्रत्याशी सह सपा नेता नरेश भारती ने झारखंड के मुख्य सचिव अलका तिवारी को आवेदन देकर पलामू में विज्ञापन संख्या 01/ 2010 को माननीय सुप्रीम कोर्ट के आदेश से 255 बर्खास्त अनुसेवक को समायोजन करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि अगर इस आवेदन पर विचार नहीं किया जाता है तो पूरे झारखंड में पैनल निर्माण के आधार पर ही अनुसेवक का बहाली हुई है, वह सभी को चैलेंज कर संकट में ला सकते हैं।

# सभी उपभोक्ता वैध कनेक्शन जल्द करा लें, नहीं तो होगी कार्रवाई: आशीष सिंह

- नगर पंचायत क्षेत्रों में अवैध पानी कनेक्शन का चला चेकिंग अभियान

खबर मन्त्र संवाददाता



**हुसैनाबाद पलामू।** नगर पंचायत के शहरी जलापूर्ति प्रभारी आशीष सिंह ने शहर के चिकटोली, किला रोड व पटेल चौक के समीप शहरी क्षेत्रों में पानी सप्लाई की चेकिंग की। इस दौरान कई अवैध तरीके से पानी के उपयोग करते हुए उपभोक्ता पाये गये। कहा गया कि सभी लोग जल्द वैधानिक तरीके से कनेक्शन करा कर ही पानी भरें, नहीं तो विधि सम्मत कार्रवाई होगी। उन्होंने बताया कि नगर पंचायत में निर्धारित उपभोक्ता के अपेक्षा काफी कम मात्रा में पानी मद में राजस्व आ रही है। अवैध तरीके से लोग इस्तेमाल कर रहे है जिससे पानी की खपत व राजस्व का नुकसान दोनो हो रहा है जो गलत है। उन्होंने कहा कि कनेक्शन में जो कागजात व शुल्क है, उसका इश्तेहार निकाला गया है।

### शटर तोड़ उड़ाये लाखों के गहने, जांच में जुटी पुलिस



**छतरपुर पलामू।** छतरपुर नगर पंचायत स्थित मुख्य पथ पर स्थित अशोक ज्वैलर्स एंड बर्तन दुकान का शटर तोड़कर अज्ञात चोरों के द्वारा लाखों के गहने उड़ा लिये गये। मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार की चोरों के द्वारा दुकान की स्तर को तोड़कर दुकान के सामने रखे बक्शे को इस तरह से लगा दिया गया कि आने जाने वाले लोगों को टूटी हुई शूटर दिखाई ही न पड़े। उसके बाद कर दुकान के अंदर घुसकर दुकान के गहने ले भागे। उक्त घटना की जानकारी मिलने के बाद घटनास्थल पर छतरपुर एडीपीओ अवध कुमार यादव तथा इंस्पेक्टर द्वारिका राम पहुंचकर घटना का जायजा लिया। इस बाबत छतरपुर थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद ने बताया कि घटना को लेकर अनुसंधान जारी है और बहुत जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

# गांधी फेलोशिप के माध्यम से कैरियर बनायें युवा: बीडीओ अमित कुमार झा

- पाटन प्रखंड में युवा सम्मेलन का आयोजन
- गांधी फेलोशिप पर हुई विस्तृत चर्चा

खबर मन्त्र संवाददाता



युवा सम्मेलन के दौरान उपस्थित बीडीओ व अन्य।

**पाटन पलामू।** पाटन प्रखंड सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार झा की अध्यक्षता में एक युवा सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को सशक्त बनाना और उन्हें गांधी फेलोशिप जैसे अवसरों से जोड़ना था। मौके पर जिला पदाधिकारी अनील गुप्ता, प्रोग्राम ऑफिसर राजनारायण झा, मुखिया हरेंद्र सिंह, जैनुल सिद्दीकी, पिरामल फाउंडेशन से डिस्ट्रिक्ट लीड अनिल गुप्ता, प्रोग्राम लीड सृजनी चक्रवर्ती, प्रोग्राम ऑफिसर राज नारायण झा, गांधी फेलो अंजली सिंह, इंदल महतो, रोहित कुमार शामिल थे। सम्मेलन के दौरान प्रोग्राम लीड सृजनी चक्रवर्ती ने गांधी फेलोशिप के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने युवाओं को बताया कि इस फेलोशिप में कैसे जुड़ा जा सकता है, और यह कैसे न केवल समाज और देश में बदलाव लाने का माध्यम बनती है, बल्कि स्वयं के व्यक्तिगत विकास में भी सहायक होती है। इस अवसर पर बीडीओ के द्वारा भी युवाओं को संबोधित किया गया। उन्होंने गांधी फेलोशिप के माध्यम से होने वाले कैरियर विकास के बारे में विस्तार से बताया और युवाओं को ऐसे अवसरों का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। इस विचारपूर्ण और प्रेरणादायक चर्चा के पश्चात सभी उपस्थित युवा प्रतिभागी काफी उत्साहित और प्रेरित नजर आये। बैठक में युवाओं को पिरामिड फाउंडेशन से कैसे जोड़ा जाये इस प्रकाश डाला गया।

# नेनुआ के संतोष तिवारी ने जनजातीय समुदाय के सामाजिक सांस्कृतिक परिवर्तन पर किया शोध

खबर मन्त्र संवाददाता



शोध प्रस्तुत करते नवीन व उपस्थित अन्य।

**चैनपुर पलामू।** पलामू जिले के चैनपुर प्रखंड के नेनुआ ग्राम निवासी संतोष तिवारी एवं किरण देवी के सुपुत्र नवीन कुमार तिवारी की प्रारंभिक शिक्षा उनके गांव के प्राथमिक विद्यालय नेनुआ से हुई है। ज्ञान निकेतन कॉन्वेंट स्कूल गढ़वा से नवीन ने मैट्रिक की परीक्षा प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण की। स्थानीय एस एस जे एस नामधारी कॉलेज से इंटरमीडिएट और स्नातक करने के उपरांत नालंदा खुला विश्वविद्यालय, पटना से पत्रकारिता एवं जनसंचार में स्नातकोत्तर किया। वर्ष 2023 में यूजीसी नेट की परीक्षा उत्तीर्ण की। शोध विषयः जनजातीय समुदाय के सामाजिक-सांस्कृतिक बदलाव में नवमाध्यमों की भूमिका (झारखंड की आदिम जनजाति के युवाओं के विशेष संदर्भ में) शोध निर्देशकः डॉ. साकेत रमण, सहायक आचार्य, मीडिया अध्ययन विभाग, महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय, मोतिहारी । शोध में असुर, बिरहोर और बिरजिया जनजाति के युवाओं के न्यू मीडिया उपकरणों के प्रयोग के दौरान उनके सामाजिक सांस्कृतिक परिवर्तन पर यह शोध आधारित था। इस अध्ययन में गुमला जिले के बिशुनपुर प्रखंड और लातेहार जिले के गारू प्रखंड को शामिल किया गया था। मोतिहारी में अध्ययन के दौरान वर्ष 2020 से भारतीय शिक्षण मंडल से जुड़े हैं। उत्तर बिहार प्रांत में प्रांत मंत्री के दायित्व का निर्वहन कर हैं। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद में गुमला सिमडेगा जिले के संगठन मंत्री रहे हैं।

# देसी पिस्टल एवं दो जिंदा कारतूस के साथ दो नाबालिग गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मझिआंव।** थाना क्षेत्र अंतर्गत खजुरी-बिरबंधा सड़क से किसी घटना को अंजाम देने के लिए योजना बना रहे दो नाबालिग को देशी पिस्टल, दो जिंदा कारतूस एवं मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया है। वहीं दोनों नाबालिग को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

जबकि एक युवक भागने में सफल रहा। थाना से मिली जानकारी के अनुसार तीनों लोग मोटरसाइकिल से रामनवमी जुलूस के क्षेत्र में इधर उधर घुमा। उसके बाद खजूरी डेम की ओर किसी घटना को अंजाम देने के फिराक में थे। जिसकी सूचना पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सुनील कुमार तिवारी को मिली। सूचना मिलते ही श्री तिवारी ने थाना एसआई चंदन प्रधान, संजय मुंडा, हवलदार कन्हैया यादव, मनीष कुमार यादव, सुशील कुमार, ब्रिज किशोर तिवारी, मिथिलेश तिवारी सहित अन्य पुलिस बल को भेजा गया। पुलिस वाहन को देखते ही तीनों भागने लगे।

पुलिस टीम के द्वारा बीरबंधा गांव निवासी दो नाबालिग को पकड़ लिया गया। इसके बाद पुलिस निरीक्षक सुनील कुमार तिवारी के नेतृत्व थाना कांड संख्या 43/ 25 के अंतर्गत सुसंगत धाराओं में प्राथमिक की दर्ज करते हुए दोनों नाबालिग को बल सुधार गृह भेज दिया गया। इस संबंध में पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सुनील कुमार तिवारी ने बताया कि रामनवमी की रात्रि में सूचना मिली की तीन लोग मोटरसाइकिल है और उन लोग के पास देसी पिस्टल है जिसके बाद दो नाबालिग को गिरफ्तार किया गया। तीसरा आरोपी को पकड़ने के लिए छापेमारी किया जा रहा है।


जप्त सामान

## 12 अप्रैल को धनबाद में कोयलांकन नामक भव्य कला प्रदर्शनी का आयोजन

**धनबाद।** शिल्पराज एकेडमी ऑफ फाईन आर्ट्स द्वारा आयोजित प्रथम एकल कला प्रदर्शनी कोयलांकन का उद्घाटन 12 अप्रैल को कला भवन, लुबी सर्कुलर रोड, हीरापुर में किया जाएगा। इस अवसर पर बीसीसीएल के चेयरपमैन एवं प्रबंध निदेशक समीरन दत्ता बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहेंगें। वही प्रेस वार्ता के दौरान राजीव अग्रवाल ने यह जानकारी दी।उन्होंने बताया कि प्रदर्शनी में मेरे द्वारा तैयार की गई कलाकृतियों प्रदर्शित की जाएगी। प्रदर्शनी के दूसरे दिन एक सिट एण्ड ड्रॉ प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जा रहा है।

# नीरज हत्याकांड अनुसंधानक को गवाही के लिए पुनः बुलाने की अर्जी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के आलोक में चल रही नीरज हत्याकांड की रोजाना सुनवाई के दौरान बुधवार को कांड के आरोपी रणधीर धनंजय सिंह एवं डब्लू मिश्रा ने आवेदन देकर मामले के अनुसंधानकर्ता निरंजन तिवारी को गवाही के लिए पुनः बुलाने की अर्जी दायर की है। आवेदन मे कहा गया है कि इस मामले में पुलिस ने कुल चार आरोप पत्र विभिन्न-विभिन्न तिथियों में दायर की है. अंतिम आरोप पत्र पुलिस ने रिंकू सिंह उर्फ धर्मेंद्र सिंह के विरुद्ध दायर किया था। उस आरोप पत्र में पुलिस ने यह दावा किया था कि रंजय सिंह यूपी के कुख्यात अपराधी मुन्ना बजरंगी के लिए काम करता था। धनबाद के कोयला कारोबार में मुन्ना बजरंगी का 15-20 करोड़ रुपया लगा हुआ था। रंजय सिंह धनबाद में रहकर मुन्ना बजरंगी के कोयला कारोबार को देखता था, इसी दौरान रंजय सिंह की धनबाद में गोली मारकर हत्या कर दी गई। वहीं दुसरी ओर मुन्ना बजरंगी ने रिंकू सिंह को भी अपने गुट से निकाल दिया था। रंजय सिंह की हत्या हो जाने के बाद . रिंकू सिंह के शूटरों ने यह योजना बनाई कि यदि वह लोग रंजय सिंह की हत्या का बदला ले लेंगे तो शायद मुन्ना बजरंगी उन्हें फिर अपने गुट में शामिल कर लेगा. पुलिस ने दावा किया था की रिंकू सिंह ने पुलिस के समक्ष दिए अपने स्वीकारोक्ति बयान में भी इस तथ्य की पुष्टि की थी. कोर्ट को दिए आवेदन में धनजी सिंह व डब्ल्यू मिश्रा ने कहा कि इस मामले में अनुसंधानकर्ता की गवाही 8 अगस्त 19 को हो चुकी है। उस समय अंतिम आरोप पत्र पुलिस द्वारा दाखिल नहीं किया गया था, पुलिस ने सात सितंबर उन्नीस को रिंकू सिंह के विरुद्ध अंतिम आरोप पत्र दायर किया था और आज भी अनुसंधान जारी रखा है इसलिए अनुसंधान हत्या के कारणों के सम्बन्ध में आया नया तथ्य इन लोगों की जानकारी में नहीं था।

# नगर पंचायत ने की पेयजलापूर्ति की शुरूआत


टैंकर से पानी भरते लोग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मझिआंव।** भीषण गर्मी को देखते हुए नगर पंचायत के द्वारा पेय जलापूर्ति की शुरूआत कर दी गई है। इस संबंध में जानकारी देते हुए कार्यपालक पदाधिकारी शैलेश कुमार ने बताया कि नगर पंचायत क्षेत्र के कूल 12 वार्डों में 378 चापानल लगाए गए हैं, जो चालू अवस्था में हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि चापाकल मरम्मती हेतु टीम गठित किया गया है। साथ ही इसके लिए एक मोबाइल नंबर 8789724802 जारी किया गया है। जारी मोबाइल नंबर पर सूचना देकर शिकायत दर्ज करा सकते हैं। शिकायत दर्ज के 24 घंटे के अंदर मरम्मती कार्य चालू करा दिया जाएगा। साथ ही उन्होंने कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र में कुल 6 टैंकर है। जिसमें आवश्यकतानुसार वार्डों में पेय जलापूर्ति की शुरूआत कर दी गई है। साथ ही उन्होंने कहा कि पूरे नगर पंचायत क्षेत्र में 26 जलमीनार अधिष्ठापित है, जो चालू अवस्था में है। नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत वर्तमान में प्रस्तावित डबलूटीपी जलापूर्ति योजना का कार्य प्रगति पर है। जिसमें डबलूटीपी तक बिजली का पोल अधिष्ठापित करते हुए 11000 वोल्टेज का तार लगाया जा रहा है, जिससे 15 दिनों के अंदर पूर्ण करते हुए डबलूटीपी तक बिजली आपूर्ति पूर्ण हो जाएगी।

### पासवान समाज वीर बाबा चौहरमल कल्याण समिति की बैठक

# बैठक में समिति का पुनर्गठन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** बुधवार को पेंशनर भवन लातेहार में पासवान समाज वीर बाबा चौहरमल कल्याण समिति की बैठक हुई। इसमें समिति का पुनर्गठन किया गया। अध्यक्ष पद के लिए चार नाम सामने आए। शिवनंदन पासवान, ददन पासवान, पूर्व जिला अध्यक्ष राधिका पासवान और प्रवीण कुमार पासवान का नाम प्रस्तावित हुआ। राधिका पासवान ने अपना नाम वापस लिया। उन्होंने ददन पासवान को अध्यक्ष पद के लिए नामित किया। सभी की सहमति से ददन पासवान को जिला अध्यक्ष चुना गया। जबकि ओम प्रकाश पासवान को सचिव बनाया गया। वहीं लखन पासवान को कोषाध्यक्ष, प्रवीण पासवान (लातेहार), राजदीप पासवान उर्फ रिकी (बरवाडीह), मिथिलेश पासवान (मनिका), अमित कुमार पासवान (बालूमाथ), वीरेंद्र पासवान उर्फ विरू ( बारियातू )और सत्येंद्र पासवान (परसही) को उपाध्यक्ष चुना गया। समिति में संरक्षक के रूप में सुरेंद्र पासवान (मनिका), राधिका पासवान (लातेहार), कन्हाई पासवान (लातेहार), सरवन पासवान (लातेहार) और संतोष पासवान (लातेहार) की शामिल किया गया है। नवचयनित सभी पदाधिकारी को माला पहनकर स्वागत किया गया। समिति ने निर्णय लिया कि समाज में शिक्षा को बढ़ावा दिया जाएगा। साथ ही कुरीतियों के खिलाफ लोगों को जागरूक किया जाएगा। बैठक में कई लोग मौजूद थे।


बैठक में मौजूद समिति के नवनियुक्त अध्यक्ष व अन्य।

# जेल भरो आंदोलन के तहत शहर रैली

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** भारत मुक्ति मोर्चा और राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को जेल भरो आंदोलन के तहत शहर रैली निकाली गई। रैली बाजारटांड़ से शुरू हुई। मुख्य मार्ग होते हुए समाहरणालय के प्रवेश द्वार तक पहुंची। रैली का नेतृत्व राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिलाध्यक्ष राजू गुप्ता ने किया। राजू गुप्ता ने कहा कि बोधगया टेंपल 1949 एक्ट को रद्द किया जाए।



रैली में शामिल लोग

## सांसद ढुलू महतो मामले मे सुनवाई

**धनबाद।** 2024 के लोकसभा चुनाव के दौरान आचार संहिता उल्लघन करने के एक मामले में आरोपित धनबाद के भाजपा सांसद ढुलू महतो के मामले की सुनवाई बुधवार को एमपी एमएलए न्यायालय के विशेष न्यायिक दंडाधिकारी अर्पिता नारायण की अदालत में हुई। इस दौरान सांसद श्री महतो हाजिर नहीं थे। अधिवक्ता ने उनकी ओर से प्रतिनिधित्व का आवेदन दिया था। मामला अन्य अभियुक्तों की उपस्थिति के लिए लंबित है।मामले में धनसार थाने में ढुलू महतो, सोना रजक, मनोज चौहान, विनोद कुमार चौहान व संजय चौहान के खिलाफ प्राथमिकी कांड संख्या 69/24 दर्ज की गई थी।

# जनता मजदूर संघ के मुगमा क्षेत्रीय सचिव के रूप में मनोज सिंह का मनोनयन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मैथन।** जनता मजदूर संघ के केंद्रीय महासचिव सिद्धार्थ गौतम ने मनोज कुमार सिंह को यूनियन का मुगमा क्षेत्रीय सचिव के पद पर मानोनित किया है। साथ ही यूनियन के असंगठित प्रकोष्ठ का क्षेत्रीय अध्यक्ष एवं संदीप कुमार ठाकुर को सचिव पद पर मनोनीत किया है।जनता मजदूर संघ का क्षेत्रीय सचिव पद पर मनोज सिंह के मनोनयन से मजदूरों में हर्ष व्याप्त है। वही यूनियन के क्षेत्रीय सचिव पद पर मनोनयन के बाद मनोज सिंह ने कहा कि वह मजदूरों की लड़ाई निर्भीकता के साथ लड़ेंगे। मजदूरों का शोषण करने वाले सभी लोगों को समुचित जवाब दिया जाएगा।




JAP-IT
(An Autonomous body under Department of Information Technology, Govt. of Jharkhand)
Ground Floor, Engineer's Hostel – I, Near Golchakkar, Dhurwa, Ranchi, Jharkhand
Phone. 0651-2401044/2401067, E-mail- japit_doit@rediffmail.com

**CORRIGENDUM-II**

**Procurement of Supply, Installation & Support for High End Server (02), End Point Protection Unit Rate (8,000 Users), Smart LED TV 65" Inch (02) for JAP-IT, Ranchi Jharkhand**

With reference to the above tender, please be informed that the tender schedule has been revised.

Revised Tender Schedules

| S.N. | Basic Requirement | Specific Requirement |
|---|---|---|
| 1. | Tender Ref No. | JAP -IT/JHSECURE -1/2025 |
| 2. | Name of the Work | Procurement of Supply, Installation & Support for High End Server (02), End Point Protection Unit Rate (8,000 Users), Smart LED TV 65" Inch (02) for JAP -IT, Ranchi Jharkhand |
| 3. | Last Date for Submission of Bids Online | 17-04-2025 up to 06:00 P.M. |
| 4. | Date of Opening of Pre- qualification & Technical Bid | 21 -04 -2025 at 3:00 P.M. |
| 5. | Date of Commercial Bid opening | To be announced later |

For further details please visit https://jharkhandtenders.gov.in.
PR Ref No. 348716, 349601
PR.NO.349998 Information Technology(25-26):D
Sd/-
(OSD, JAP-IT)


# मिनरल वाटर प्लांट का उद्घाटन


उद्घाटन करते लोग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** जिले के रंका प्रखण्ड के बिश्रामपुर पंचायत में मिनरल वाटर प्लांट का उद्घाटन किया गया। जिसका उद्घाटन पीएलवी राजेश कुमार चौधरी, समाजसेवी विवेक सिंह, मुखिया पति संजय उरांव, उपमुखिया प्रमोद प्रसाद ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। मौके पर संचालक पीटर पन्ना ने बताया कि बिश्रामपुर में मिनरल वाटर प्लांट व्यवसायों की मांग बढ़ रहा है।

दूर दराज तक गांव में कही भी मिनरल वाटर प्लांट नहीं है। एक व्यवस्थित दृष्टिकोण और एक गतिशील व्यवसाय योजना की शुरूआत हैं। पीएलवी ने कहा कि इस प्रकार का पानी खनिजों से रहित होता है। यह पानी विभिन्न प्रकार के अशुद्धियों जैसे कि बैक्टीरिया, वायरस से शुद्ध करता है, जिससे यह पीने योग्य और सुरक्षित हो जाता है। मौके पर पूनम पन्ना, मुनासी टोप्पो, जगदीश टोप्पो, लालू यादव, लखन उरांव, लखन कोरवा, प्रदीप पन्ना, पोद्दार महतो, विजय यादव, मनदीप पन्ना, अनिल कुजूर, कविता सिंह, लीमन पन्ना, नितिन बाखला, सुरेश पन्ना, अजय सिंह, फूलमानी बखला, एनिमा ओसरा, राहुल कुजूर, एंथोनी कुजूर, किरण कुजूर आदि लोग उपस्थित थे।

## अलग-अलग घटित घटना दो लोग घायल

**भवनाथपुर।** बीती रात्रि दो अलग-अलग घटित घटना में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हे प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए भवनाथपुर सीएचसी में प्राथमिक उपचार के लिए भर्ती कराया गया। पहली घटना में खरौंधी के सुंडी गांव निवासी सहिया लक्ष्मी देवी पति लक्ष्मण देव गुप्ता को उसकी गोतनी सुनीता देवी पति महेश गुप्ता और उसका पुत्र सोनू गुप्ता ने आपसी विवाद में मारपीट कर घायल कर दिया। जिसमें लक्ष्मी देवी को माथा में गंभीर चोट लगी है। जबकि दूसरी घटना भवनाथपुर सूर्य मंदिर के पास संचालित मानस गंगोत्री नरसिंह कॉलेज की एक प्रशिक्षक रानी आर्यपुत्र को बेड बिछाने के दौरान एक बिच्छू काटने से गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसे घायलावस्था में कॉलेज के प्रभारी डॉ अशोक कुमार के द्वारा भवनाथपुर सीएचसी में प्राथमिक उपचार के लिए भर्ती कराया गया।

## पीएम श्री उत्क्रमित उच्च विद्यालय में सांस्कृतिक समागम का आयोजन


मंचासीन अतिथि

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कांडी।** प्रखंड अंतर्गत पीएम श्री उत्क्रमित उच्च विद्यालय लमारी कला में बुधवार को एक स्वयंसेवी संस्था युवा सदन के तत्वावधान में सांस्कृतिक समागम व एक भारत, श्रेष्ठ भारत पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। रांची से पहुंची टीम द्वारा वृहद कार्यक्रम का आयोजन करते हुए ग्रीन स्कूल क्लीन स्कूल, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ईक्कीसवीं सदी की शिक्षा,वृक्षारोपण में सामूहिक भागीदारी व स्वच्छता पखवाड़ा के आयोजन पर वृहद चर्चा की गई। इस दौरान नवीं एवं दसवीं कक्षा के बच्चों के साथ कैरियर चयन कर भी चर्चा की गई। कार्यक्रम के बीच बीच में बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। युवा सदन संस्था के अभिषेक कुमार व अभिमन्यु कुमार ने बच्चों द्वारा पूछे गए डॉक्टर, इंजीनियर, टीचर व सेना में उच्चाधिकारी कैसे बनें। का जवाब बेहद सरलता से दिया।


## उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, गुमला
(सामान्य शाखा)
**सूचना**

आदेशानुसार सभी संबंधित अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि चौकीदार नियुक्ति परीक्षा–2023 अन्तर्गत दिनांक–24.03.2025 को आयोजित दिव्यांग श्रेणी के अभ्यर्थियों के प्रमाण पत्र सत्यापन, दौड़, शारीरिक दक्षता परीक्षा में अंतिम रूप से चयनित सफल अभ्यर्थियों की सूची गुमला जिला के Website www.gumla.nic.in पर दिनांक–07.04.2025 को प्रकाशित किया गया है।

उक्त आलोक में अंतिम रूप से चयनित सफल अभ्यर्थियों की मेडिकल जाँच की तिथि दिनांक–12.04.2025 को सदर अस्पताल, गुमला में निर्धारित की गई है।

अतः चयनित पुरुष / महिला सफल उम्मीदवार सदर अस्पताल, गुमला में मेडिकल जाँच हेतु पूर्वाहन 9:00 बजे उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

प्रभारी पदाधिकारी,
जिला सामान्य शाखा, गुमला।

PR 350078 District(25-26)D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय भवन निर्माण विभाग
**भवन प्रमंडल संख्या–1, राँची**
**अति अल्पकालीन निविदा / कोटेशन आमंत्रण सूचना–03 / 2025–26**

1. विज्ञापनदाता का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल संख्या–1,राँची।
2. परिमाण विपत्र बिक्री करने की तिथि एवं समय : दिनांक 16.04.2025 को 1.00 (एक) बजे अपराहन् तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 17.04.2025 को 3.00(तीन) बजे अपराहन् तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 17.04.2025 को 3.30(साढ़े तीन) बजे अपराहन।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, छोटानागपुर भवन अंचल–1, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष, राँची एवं कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या–1, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष, राँची।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : नगर नियंत्रण कक्ष राँची।
7. निविदा खोलने का स्थान : अधोहस्ताक्षरी का कार्यालय।
8. कार्यों का विवरण :

| क्र0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Renovation of A Type Quarter No. -A/12, 48 Set at Near Seth Sita Ram School, Doranda, Ranchi (High Court Pool) | 262700 | 5300 | 750 | One Month |
| 2 | Construction of Car Shed in the Campus of Block No. -5 & 6 and Shed for Quarter No. -B-26 at Near Seth Sitaram School at Doranda, Ranchi (High Court Pool) | 338900 | 6800 | 750 | One Month |
| 3 | Renovation of B type Quarter No-19/56, 56 Set at Doranda Ranchi | 384800 | 7700 | 750 | One Month |
| 4 | Renovation of B type Quarter No -14/24 at New Police Line, Kanke Road, Ranchi | 389700 | 7800 | 750 | One Month |
| 5 | Renovation of B Type Quarter No. -B/18 Block No. -3 at High Court Colony, Behind Indira Place, Hinoo, Ranchi (High Court Pool) | 434600 | 8700 | 750 | One Month |
| 6 | Renovation of C type Quarter No -92 (One Unit) at New Nagra Toli Ranchi | 582300 | 11700 | 1250 | One Month |
| 7 | Renovation C type Quarter No -C/5, Block No -1 at High Court Colony, Behind Indira Place, Hinoo Ranchi | 585250 | 11800 | 1250 | One Month |
| 8 | Renovation of PA Flat No -1/4 (Block No -2) at Kanke Road Ranchi | 587900 | 11800 | 1250 | One Month |
| 9 | Renovation of Outer Surface and W aterproofing of C type Quarter No-01 to 04 of Block-10 at Audrey House Ranchi | 667000 | 13400 | 1250 | One Month |
| 10 | Renovation of JAP -1 Commandant Residence Painting, Fixing of tiles, Sanitary Installation, Cow Shed at Doranda Ranchi | 924600 | 18500 | 1250 | One Month |
| 11 | Renovation of B type Quarter No -B.C.D-22 and 23 (2 Unit, 1 Block with Roof Waterproofing work) 51 Set at Harmu Ranchi | 1017150 | 20400 | 2500 | One Month |
| 12 | Renovation of Main Building, Court Room and Chamber of Gram Nyayalaya at Mander, Ranchi | 1297100 | 26000 | 2500 | One Month |
| 13 | Construction of Flower Stand, Laying of Lawn Grass and Supplying of Other Garden Materials in the Hon"ble Judge Quarter (Bungalow) No -1, 2 and JHALSA at Near A.G. More Doranda Ranchi (High Court Pool) | 1459300 | 29200 | 2500 | One Month |
| 14 | Renovation of BCD Sub Division Office and Provision of Parking tiles in the Campus of Sub -Division Office Jhanda Chowk Doranda Ranchi | 1571800 | 31500 | 5000 | Two Months |
| 15 | Renovation of Main Building Pathway and Raising of Compound wall in Quarter No -D-2 (One Unit) in Front of 5 Set at Mayer's Road Ranchi | 1770500 | 35500 | 5000 | Two Months |

नोट :– निविदा की शर्तें www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता भवन निर्माण विभाग
भवन प्रमण्ल संख्या–1, राँची।

PR 349989 Building(25-26)D


## इलाज के दौरान जवान का निधन

**गढ़वा।** पुलिस विभाग के जवान नंद किशोर राम का मंगलवार को इलाज के दौरान निधन हो गया। वह गढ़वा थाना क्षेत्र के दरमी गांव निवासी स्व. रामवृक्ष राम के पुत्र थे। वर्तमान में वे पलामू जिले के हुसैनाबाद के ड्यूटी में तैनात थे। बीते कुछ दिनों से उनकी तबीयत खराब चल रही थी। चिकित्सकों के अनुसार उन्हें किडनी से संबंधित बीमारी थी और उनका इलाज रांची स्थित मेदांता अस्पताल में चल रहा था। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मेंस एसोसिएशन के अध्यक्ष रवि कुशवाहा, सचिव धीरेंद्र कुमार पासवान, उपाध्यक्ष राजू कुमार चंद्रवंशी, केंद्रीय सदस्य प्रकाश यादव, कोषाध्यक्ष दीपक कुमार, दिनेश कुमार और विभूति कुमार 'विभु' सहित अन्य सदस्य सदर अस्पताल पहुंचकर शोक-संतप्त परिजनों से मुलाकात कर सांत्वना दी।

# डीसी ने पोषण पखवाड़ा जागरूकता रथ को किया रवाना

**08 से 22 अप्रैल 2025 तक तक मनाया जायेगा पोषण पखवाड़ा**



जागरूकता रथ को रवाना करते डीसी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** डीसी शेखर जमुआर ने समाहरणालय परिसर से पोषण पखवाड़ा जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मौके पर डीसी ने कहा कि इस वर्ष मनाये जाने वाले पोषण पखवाड़ा के मुख्य थीम के उद्देश्यों की प्राप्ति हेतु गढ़वा जिले के विभिन्न प्रखंडों के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में जागरूकता रथ का संचालन कराया जा रहा है। ताकि सभी लक्षित लाभार्थियों को वृद्धि निगरानी के अनुसार उचित प्रबंध व ईलाज की सुलभ कार्रवाई किया जा सके। ज्ञात हो कि पोषण अभियान योजनान्तर्गत पोषण पखवाड़ा का आयोजन 8 से 22 अप्रैल तक किया जाना है। पोषण पखवाड़ा 2025 के तहत प्रतिदिन के लिए निर्धारित कैलेण्डर के अनुसार निर्धारित गतिविधियाँ आयोजित कराई जानी है। मौके पर डीडीसी पशुपतिनाथ मिश्रा, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी प्रमेश कुशवाहा समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

## ट्रक की चपेट में आने से मौत


सदर अस्पताल में उपस्थित लोग

**गढ़वा।** गढ़वा-रंका मुख्य मार्ग पर पुरणचंद चौक के समीप दर्दनाक सड़क हादसे में थाना क्षेत्र के साईं मोहल्ला निवासी नागेंद्र प्रसाद सिन्हा की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार नागेंद्र प्रसाद मोटरसाइकिल से अपने घर से टंडवा की ओर एक स्कूल में किताबें पहुंचाने जा रहे थे। इसी दौरान पुरणचंद चौक के समीप एक तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें गंभीर हालत में सदर अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। ज्ञात हो कि नागेंद्र प्रसाद सिन्हा टीम दौलत के अहम सदस्य विवेक सिन्हा के पिता थे। घटना के बाद पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए ट्रक और चालक को कब्जे में लेकर थाना ले आई है।

# महंगाई की मार

देश में बढ़ी महंगाई के बीच रसोई गैस की कीमतों में वृद्धि कोढ़ में खाज जैसी ही है। निस्संदेह, सरकार का कोई भी फैसला देश के व्यापक व दूरगामी लक्ष्यों को लेकर होता है। वैसे भी पेट्रोलियम पदार्थों पर लगने वाले विभिन्न कर केंद्र व राज्य सरकारों की आर्थिकी के लिये प्राणवायु जैसे होते हैं। लेकिन सरकारों को राजस्व जुटाने के लिये वैकल्पिक रास्ते तलाशने चाहिए। उन मदों में समय-समय पर वृद्धि करना, जो पहले से ही लोगों पर भार डाल रहे हों, सुशासन की दृष्टि से तर्कसंगत नजर नहीं आता। निस्संदेह, बढ़ती महंगाई के बीच पेट्रोल-डीजल व रसोई गैस की कीमतें लोगों का बजट बिगाड़ रही हैं। सरकार के तमाम मौद्रिक उपाय महंगाई पर काबू पाने में सफल नहीं हो सके हैं। कोरोना संकट के बाद आम आदमी की आय में अपेक्षित वृद्धि भी नहीं हो पायी है। इससे जीवन-यापन कठिन होता जा रहा है।लोकसभा व विधानसभा चुनावों के दौरान तेल का खेल होता रहा है। पिछले लोकसभा चुनाव व उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के दौरान केंद्र सरकार ने पेट्रोलियम पदार्थों पर उत्पाद शुल्क में कमी की थी। हाल में फिर उसमें वृद्धि कर दी गई है। वैसे तो सरकार को भी पता है कि पेट्रोलियम पदार्थों व रसोई गैस की कीमतों में वृद्धि से महंगाई की एक श्रृंखला पैदा होती है। लेकिन लगता है कि टैरिफ युद्ध से भारतीय अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले नुकसान की भरपाई सरकार पेट्रोलियम पदार्थों की कीमत बढ़ाकर करना चाहती है। यूं तो हम अपने प्रत्यक्ष लाभ-हानि को दृष्टिगत रखते हैं, जबकि सरकार को व्यापक दृष्टिकोण के साथ दूरगामी फैसले लेने होते हैं। वैसे नागरिकों के हित राष्ट्रहित से अलग नहीं हो सकते। लेकिन फिर भी ऐसे फैसले लेते वक्त संवेदनशील दृष्टि अपनाना जरूरी है। इस प्रकार का वृद्धि देश के लिए नुकसानदेह है। इससे आम लोगों की बचत कम होती है।




**मेष :** बुद्धि व धन का दुरुपयोग न करें। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। भ्रातृपक्ष में विरोध की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य ठीक रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय न गंवाकर काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। शुभांक-2-5-7

**वृष :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। शुभांक-2-3-5

**मिथुन :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें। चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। शुभांक-2-3-8

**कर्क :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। बातचीत में संयम बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। शुभांक-2-5-8

**सिंह :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। संतोषजनक सफलता मिलेगी। शुभांक-4-8-9

**कन्या :** अपनों का सहयोग मिलेगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति ठीक रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। कार्य सफल होंगे। शुभांक-2-8-9

**तुला :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार विमर्श होगा। सहयोग प्राप्त होगा। अपने आपको अधिक सक्रिय पाएंगे। परामर्श आदि सभी का सहयोग मिलेगा। शुभांक-5-7-9

**वृश्चिक :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। उतावलेपन से बचे। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। किसी को हानि पंहुचाने की चेष्टा न करें अन्यथा हानि संभव है। स्वविवेक से कार्य करे। शुभांक-1-2-7

**धनु :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। पसंदीदा भोज्य पदार्थों की प्राप्ति होगी। शुभांक-1-4-8

**मकर :** प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। शुभांक-5-6-8

**कुंभ :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कुछ तनाव हो सकता हैं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। शुभांक-5-7-8

**मीन :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। यात्रा सुखद रहेगी। शुभांक-3-5-7


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

प्रधान संपादक
सौरभ कुमार सिंह
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006

e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

धनबाद कार्यालय
लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
( R.N.I No. आवेदित )

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।


## छठे बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में भारत के रोडमैप के कायल सभी देश






- कमलेश पाण्डे

**पीएम मोदी** ने बिम्सटेक के सभी सदस्य देशों को आपसी सम्बन्धों को मजबूत बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि बिम्सटेक में सबकुछ करने की क्षमता है। इसलिए साइबर अपराध, साइबर सुरक्षा खतरों, आतंक, मादक पदार्थों और मानव तस्करी पर रोक लगानी होगी।

थाईलैंड में आयोजित छठे बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में भारत के रोडमैप पर सभी सदस्य देश कायल हुए। इससे सुशासन व विकास को गति मिलने के आसार बढ़ गए हैं। बता दें कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने थाईलैंड की अध्यक्षता में बैंकाक में आयोजित बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में गत 4 अप्रैल 2025 शुक्रवार को भाग लिया। जिसका विषय था- बिम्सटेकः समृद्ध, लचीला और खुला। इस दौरान सभी सदस्य देशों का ध्यान क्षेत्रीय सहयोग को और अधिक मजबूत करने और आसन्न प्रमुख चुनौतियों का समाधान करने पर था।

तभी तो इस शिखर सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए मोदी ने सदस्य देशों, यथा- थाईलैंड, बांग्लादेश, नेपाल, म्यांमार, श्रीलंका, भूटान के सामने आपसी साझेदारी मजबूत करने के लिए 21 बिंदुओं का एक्शन प्लान पेश किया, जिसपर सबने सहमति जताई। वहीं, उन्होंने सभी सदस्य देशों को भारत की भुगतान प्रणाली 'यूपीआई' से जुड़ने का प्रस्ताव दिया। ताकि उनके पारस्परिक व्यापार, व्यवसाय, पर्यटन क्षेत्र को एक नए मुकाम पर पहुंचाया जा सके। उन्होंने यहां तक कहा कि सदस्य देश यदि इससे जुड़ते हैं तो सबका भला होगा।

वहीं, प्रधानमंत्री मोदी ने बांग्लादेश सरकार के अंतरिम सलाहकार मोहम्मद यूनुस से बातचीत करते हुए उनके देश में हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यक समुदायों की सुरक्षा सुनिश्चित करने को कहा। भारत-बंगलादेश के रिश्ते बहुत पुराने हैं। भारत व्यवहारिकता के आधार पर बंगलादेश से सकारात्मक सम्बन्धों को नए आयाम पर पहुंचाने का पक्षधर है। उन्होंने सीमा पर शांति व स्थिरता बनाए रखने के लिए कड़े कदम उठाने की जरूरत भी बताई।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिम्सटेक के सभी सदस्य देशों को आपसी सम्बन्धों को मजबूत बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि बिम्सटेक में सबकुछ करने की क्षमता है। इसलिए साइबर अपराध, साइबर सुरक्षा खतरों, आतंक, मादक पदार्थों और मानव तस्करी पर रोक लगानी होगी। इस दिशा में सदस्य देशों के बीच गृह मंत्री स्तर के तंत्र को मिली मंजूरी भी स्वागत योग्य है। उन्होंने यह भी कहा कि सूचना एवं प्रौद्योगिकी क्षेत्र की क्षमता का इस्तेमाल करते हुए सभी सदस्य देशों को तकनीक के क्षेत्र में खुद को बेहतर साबित करना है। उन्होंने भारत में बिम्सटेक सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर डिजास्टर मैनेजमेंट की स्थापना का भी प्रस्ताव रखा। मोदी ने सदस्य देशों के बीच व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए बिम्सटेक चैंबर्स ऑफ कॉमर्स के गठन का प्रस्ताव दिया।

वहीं, प्रधानमंत्री मोदी ने सम्मेलन में आए म्यांमार सेना के प्रमुख वरिष्ठ जनरल मिन आंग हेंग से मुलाकात में कहा कि भारत भूकम्प से बुरी तरह प्रभावित म्यांमार की मदद के लिए तैयार है। जबकि मेजबान थाईलैंड के प्रधानमंत्री पैतोंगतार्न शिनावात्रा ने बताया कि सभी सदस्य देश भूकंप के बाद राहत व बचाव कार्य को तेज करने के लिए राजी हुए हैं।

**# छठे बिम्सटेक शिखर सम्मेलन की मुख्य बातें क्या हैं?**

जहां तक छठे बिम्सटेक शिखर सम्मेलन की मुख्य बातों का सवाल है तो इस दौरान कई अहम प्रस्ताव रखे गए, जिनपर मिलजुलकर काम करने का निर्णय लिया गया। इस शिखर सम्मेलन में शिखर सम्मेलन घोषणा और बैंकॉक विजन 2030 को अपनाया गया, जिसमें आर्थिक एकीकरण, वैश्विक चुनौतियों के प्रति लचीलापन और बुनियादी ढाँचे और प्रौद्योगिकी में सहयोग पर ध्यान केंद्रित करते हुए क्षेत्रीय समृद्धि के लिये एक रोडमैप की रूपरेखा तैयार की गई। जिसमें भारत द्वारा घोषित प्रमुख पहल इस प्रकार है।

> शिखर सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए मोदी ने सदस्य देशों, यथा- थाईलैंड, बांग्लादेश, नेपाल, म्यांमार, श्रीलंका, भूटान के सामने आपसी साझेदारी मजबूत करने के लिए 21 बिंदुओं का एक्शन प्लान पेश किया, जिसपर सबने सहमति जताई। वहीं, उन्होंने सभी सदस्य देशों को भारत की भुगतान प्रणाली 'यूपीआई' से जुड़ने का प्रस्ताव दिया।

पहला, बिम्सटेक उत्कृष्टता केंद्र के तहत भारत ने आपदा प्रबंधन, सतत समुद्री परिवहन, पारंपरिक चिकित्सा और कृषि में अनुसंधान और प्रशिक्षण पर ध्यान केंद्रित करते हुए भारत में बिम्सटेक उत्कृष्टता केंद्रों की स्थापना की घोषणा की। इसने बिम्सटेक में शासन और सेवा वितरण को बढ़ाने के लिये डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना (उद्धक) पर एक पायलट अध्ययन का भी प्रस्ताव रखा। वहीं, बिम्सटेक देशों के युवा राजनयिकों की हर साल भारत में प्रशिक्षण देने की बात भी रखी गई। जबकि, सदस्य देशों के छात्रों को भारतीय वन अनुसंधान संस्थान और नालंदा विवि में छात्रवृत्ति प्रदान करने का भी प्रस्ताव दिया।

दूसरा, बोधि कार्यक्रम के तहत भारत ने बिम्सटेक देशों के विभिन्न पेशेवरों के लिये कौशल विकास, प्रशिक्षण, छात्रवृत्ति और क्षमता निर्माण प्रदान करने के लिये बोधि कार्यक्रम (मानव संसाधन अवसंरचना के संगठित विकास के लिये बिम्सटेक) की शुरूआत की।

तीसरा, कैंसर देखभाल क्षमता निर्माण कार्यक्रम के तहत भारत ने बिम्सटेक क्षेत्र में कैंसर देखभाल के लिये क्षमता निर्माण कार्यक्रम का प्रस्ताव रखा और कहा कि टाटा मेमोरियल कैंसर सेंटर सदस्य देशों में कैंसर उपचार व्यवस्था को बेहतर बनाएगा। इसके अलावा पारंपरिक चिकित्सा क्षेत्र को एक दूसरे तक पहुंचाने के लिए भी नई शोध केंद्र बनाएंगे।

चतुर्थ, वाणिज्य मंडल एवं व्यवसाय शिखर सम्मेलन के तहत सदस्य देशों के बीच क्षेत्रीय आर्थिक एकीकरण को बढ़ावा देने के लिये बिम्सटेक वाणिज्य मंडल की स्थापना और वार्षिक बिम्सटेक व्यवसाय शिखर सम्मेलन की मेजबानी का प्रस्ताव किया गया।

पंचम, लोगों से लोगों के बीच संबंध की रणनीति के तहत भारत ने सांस्कृतिक और लोगों से लोगों के बीच संबंधों को मजबूत करने के लिये एक सकारात्मक पहल की घोषणा की, जिसमें बिम्सटेक एथलेटिक्स मीट (2025), प्रथम बिम्सटेक खेल (2027), समूह की 30वीं वर्षगाँठ, बिम्सटेक पारंपरिक संगीत महोत्सव, युवा नेताओं का शिखर सम्मेलन और युवा जुड़ाव के लिये हैकाथॉन, सांस्कृतिक सहयोग को गहरा करने के लिये युवा पेशेवर आगंतुक कार्यक्रम शामिल हैं।

इन नीतिगत निर्णयों से साफ है कि बिम्सटेक में भारत अपना वर्चस्व कायम रखते हुए एक बड़ी भूमिका निभाने को तैयार दिखाई दे रहा है। उसने इस क्षेत्रीय मंच को महत्व देने के साथ ही यहां पर अपना दबदबा बरकरार रखने की कोशिश की है। इस बाबत अंतरराष्ट्रीय मामलों के एशियाई जानकारों का कहना है कि भारत की मौजूदा नीतियों और नजरिए ने इस मंच को उम्मीद से बड़ा आकार प्रदान किया है।

## लेटर टू एडिटर

### शिक्षा का अर्थ

शिक्षा का अर्थ केवल एक निश्चित पाठ्यक्रम को विद्यार्थियों तक पहुंचाना नहीं होता, बल्कि नैतिकता का पाठ भी पढ़ाना होता है। भारतीय शिक्षा पद्धति का आधार नैतिक चरित्र ही रहा है। ज्ञान में किया गया निवेश सर्वश्रेष्ठ होता है। शिक्षा व्यक्ति में निहित प्रतिभा को निखारती है। शिक्षा जीवन की तैयारी नहीं, बल्कि स्वयं ही जीवन है।

-अनूप कुमार, रांची

### नाराज किसान

भारतीय किसान यूनियन और पंजाब सरकार के बीच टकराव का उल्लेख है। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान किसानों की मांगों के प्रति सहानुभूति रखते हुए भी भारतीय किसान यूनियन की बैठक छोड़कर चले गए। इसके बाद किसान यूनियन ने आंदोलन का ऐलान किया, जिससे ट्रैफिक जाम की समस्या पैदा हुई। पंजाब सरकार को हड़ताली कर्मचारियों की समस्याओं को सहानुभूति से हल करना चाहिए।

- रवि, रांची

## ट्वीट

**कैबिनेट** बैठक में हेमंत सरकार ने 8,900 टीजीटी और पीजीटी शिक्षकों के पद सरेंडर करने का निर्णय लिया है।

जब राज्य में शिक्षक के लाखों पद पहले से ही रिक्त हैं, तब टीजीटी और पीजीटी के 8,900 पदों को एक झटके में खत्म कर देना शिक्षित बेरोजगारों के साथ अन्याय है, साथ ही प्रदेश के शिक्षा तंत्र को भी कमजोर करने का प्रयास है। यह फैसला उन हजारों युवाओं की उम्मीदों का अंत है, जो सालों से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे थे।

शिक्षक पदों को खत्म करने का दुष्प्रभाव विद्यार्थियों के भविष्य पर पड़ेगा। सरकार अविलंब इस निर्णय को वापस ले और जल्द से जल्द खाली पदों को भरने की प्रक्रिया शुरू करे।

- बाबूलाल मंराडी विधायक

## नवकार महामंत्र जाप में पानी बचाने समेत 9 संकल्प की मोदी ने की बात

सामयिक

### झारखंड के पारसनाथ स्थित सम्मेदशिखर नयी संसद भवन की दीवार पर अंकित काने की भी दी जानकारी

**भारत माता की जय बोलने वाले एक मंच पर आये : नरेंद्र मोदी**

**जैन इंटरनेशनल** ट्रेड आगेनाईजेशन के द्वारा आयोजित नवकार महामंत्र का जाप कार्यक्रम पूरे विश्व में एक साथ एक ही समय पर आयोजित किया गया ।मुख्य रूप से दिल्ली में माननीय प्रधानमंत्री इस कार्यक्रम में सम्मिलित हुए और उन्होंने भगवान महावीर से अहिंसा और सभी को साथ लेकर चलने की बात कही नवकार मंत्र का जाप लगातार 20 मिनट तक किया और 9 अप्रैल को नवकार महामंत्र दिवस मनाने की अपील की बात कही उन्होंने कहा कि जैन धर्म प्राचीन काल से चला आ रहा है बहुत सारी मूर्तियां यहां से चोरी होकर विदेश में चली गई थी जो अब धीरे-धीरे लौट कर आ रही है उसी क्रम में जैन धर्म की मूर्तिया भी ऑस्ट्रेलिया से आई जिसे नए संसद भवन में स्थापित किया गया ।

उन्होंने **नौ संकल्प लेने की भी बात कही जिसमें पानी की बचत, वोकल फार लोकल, एक पेड़ मां के नाम ,योग एवं खेलों को आगे बढ़ाना, स्वच्छता ,लोकल फॉर वोकल , देश दर्शन, नेचुरल फार्मिंग, हेल्दी लाइफस्टाइल अपनाना, गरीबों की सहायता करना**। देश में बने अपने लोगों की पसीने की खुशबू से बने चीजों का उपयोग करना साथ ही युवाओं से आह्वान किया कि आप 9 दिनों तक लगातार सुबह से शाम तक उपयोग में आने वाले वस्तुओं पर ध्यान दें कि कौन सी वस्तु अपने देश में बनी है और कौन से विदेश की बनी वस्तुओं का उपयोग कर रहे हैं धीरे-धीरे कर आप एक-एक विदेशी वस्तुओं का त्याग करें जिससे कि अपने देश को आगे बढ़ाने में आपका योगदान होगा साथ ही जैन धर्म के पांच सिद्धांतों के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि एकता का संदेश पूरे भारत में देते हुए भारत माता की जय बोलने वाले एक मंच पर आकर भारत की प्रगति पर अपना योगदान दे। जीतो के माध्यम से जैन समाज के चारों फिरके पूरे विश्व में एक मंच पर आकर इस कार्यक्रम में सम्मिलित हुए यह एकता की अद्भुत मिसाल है और झारखंड से संबंधित पारसनाथ स्थित सम्मेदशिखर नई संसद भवन के साउथ बिल्डिंग के दीवार पर अंकित कराया गया है इस बात की जानकारी उन्होंने रखी। पूरे कार्यक्रम को डोरंडा स्थित श्वेतांबर जैन मंदिर में एलईडी के माध्यम से श्वेतांबर जैन समाज एवं अन्य समाज के लोगों ने लाइव प्रसारण के जरिए लगातार 20 मिनट तक नवकार मंत्र का जाप किया एवं आगे मोदी जी के भाषण को गंभीरता से सुनते हुए उनकी कहीं बातों का अनुसरण करने की बात कही, श्वेतांबर जैन समाज के लोगों ने कहा कि एक साधु संत की तरह पीएम मोदी जैन समाज के बारे में जानकारी रखते हैं वह अद्भुत है कार्यक्रम को सफल बनाने में श्वेतांबर जैन समाज के संरक्षक संपत लाल रामपुरिया अध्यक्ष सुभाष चंद्र बोथरा सचिव विनय नाहटा, बालवीर जैन, अनिल कोठारी ,अजय कोठारी, संजय कोठारी ,राकेश कोठारी ,शांतिलाल रामपुरिया ,नवीन रामपुरिया ,मनीष जैन, अक्षय जैन का योगदान रहा।

ोगदान दिया। इस आशय की जानकारी रोहित शारदा ने दी।



## जिबली-जिबली खेलें, मगर संभलकर !

आई टी

प्रतिभा कुशवाहा

गिबली है कि जिबली है, यह तय करने में काफी गफलत थी। वैसे भी किसी ने कहा है कि नाम में क्या रखा है। बेशक, बात तो काम की होनी चाहिये। तो यह सोशल मीडिया में गदर काट रहा गिबली... गिबली या जिबली... जिबली का चक्कर क्या है। कहीं इसके चक्कर में हम घनचक्कर तो नहीं बने जा रहे हैं।

बच्चे, युवा, बूढे. सभी जिबली.... जिबली खेल रहे हैं। वैसे तो जिबली एक अनोखा जापानी आर्टवर्क है, जिसे जापान के एक स्टूडियो जिबली ने विकसित किया था। इस एनीमेशन स्टूडिया की स्थापना हायाओ मियाजाकी और उनके दोस्तों ने 1985 में की थी जिसने एनीमेशन फील्ड में कई मशहूर फिल्मों का निर्माण किया था। यहां निर्मित हर फिल्म के हर फ्रेम को हाथों से बनाया जाता था। इसे खासतौर पर डिटेल्ड बैकग्राउंड, वॉटरकलर रंगों, ड्रीम लाइक सीनरी और इमोशनल कैरेक्टर डिजाइन के लिए जाना जाता है।

पिछले कुछ दिनों से सोशल मीडिया में जिबली तस्वीरें नजर आ रही हैं। ये सभी तस्वीरें एनीमेटेड फॉर्म में हैं। 24 मार्च को ओपन एआई ने जीपीटी-40 इमेज जनरेशन फीचर लांच किया था। ओपन एआई के चैट जीपीटी का प्रयोग करके अपनी असली तस्वीरों को जिबली एनीमेटेड तस्वीरों में चेंज कर शेयर करने का ट्रेंड चल पड़ा है। ऐसा नहीं है कि इस ट्रेंड में युवा ही भाग ले रहे हैं, सिनेमा के सितारे, और राजनेताओं ने भी इस ट्रेंड को बढ़ाने में अपनी भूमिका अदा की। इन तस्वीरों का लुक हूबहू असली तस्वीरों से मिलता-जुलता रहता है, लेकिन एनीमेटेड फॉर्म में होता है। इन तस्वीरों का लुक इतना आकर्षक लगता है कि लोगों की दिलचस्पी कम होने का नाम नहीं ले रही है। उनकी इसी दिलचस्पी को भांपते हुये ओपन एआई के सीईओ सैम अल्टमस ने एक बार में तीन तस्वीरों को जीपीटी-40 इमेज जनरेशन फीचर इस्तेमाल का अश्वासन दे दिया है।

सवाल है कि इस ट्रेंड यानी भेड़चाल का किसे नफा और किसे नुकसान होगा। जिबली... जिबली का खेल किस पर भारी पड़ने वाला है। जिस तेजी से हम खेल और मनोरंजन के लिये अपनी फोटो ओपन एआई को सौंप रहे हैं, उनका होगा क्या। ऐसा करके हम क्या खतरा मोल ले रहे हैं, इस बात पर सोचने का वक्त सोशल मीडिया के जमाने में हमारे पास कम ही बचा है, क्योंकि यह तो सब कर रहे हैं। सवाल है कि एआई इससे क्या करेगा। तो बात दें कि इससे कमाल की टेक्नोलॉजी विकसित की जाती है, जिसे फेशियल रिकॉग्निशन टेक्नोलॉजी कहते हैं।

फेशियल रिकॉग्निशन एक बायोमेट्रिक तकनीक है, जो इंसान के चेहरे को स्कैन करके उसकी पहचान करने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और मशीन लर्निंग (एमएल) का उपयोग करती है। इसके लिये डेटा कलेक्शन का काम किया जाता है। कैमरे या इमेज सेंसर के माध्यम से व्यक्ति के चेहरे की तस्वीर या वीडियो बनायी जाती है। एआई आधारित एल्गोरिदम चेहरे की मुख्य विशेषताओं (जैसे आंख, नाक, होंठ, ठोड़ी आदि) को पहचानता है और उन्हें डिजिटल डेटा में बदल देता है। पहचाने गए फीचर्स को डेटाबेस में पहले से स्टोर की गई छवियों से मिलाया जाता है। अगर चेहरे का डेटा डेटाबेस में मौजूद डेटा से मेल खाता है, तो व्यक्ति की पहचान सत्यापित हो जाती है। यह तकनीक कई क्षेत्रों में उपयोग की जा रही है, जैसे सुरक्षा, स्मार्टफोन अनलॉकिंग, बैंकिंग, हेल्थ सेक्टर और कानून प्रवर्तन।

फेशियल रिकॉग्निशन तकनीक आज के डिजिटल युग में तेजी से विकसित हो रही है। यह सुरक्षा, स्वास्थ्य, और वित्तीय लेन-देन जैसे कई क्षेत्रों में उपयोगी साबित हो रही है।



सरहुल सहित अन्य उत्सव समाप्त होने के बाद अब मांदर की आवाज थम सी गयी। फोटो: अजय सानी

## कार्टून वर्ल्ड



## स्पीड न्यूज

### उज्जवला फाउंडेशन में होगी सिलाई



**कुजू।** मोती राम कॉम्प्लेक्स में बुधवार को उज्जवला फाउंडेशन की बैठक हुयी। इसकी अध्यक्षता फाउंडेशन अध्यक्ष जगेश्वर प्रजापति व संचालन आशा कुमारी ने किया। जगेश्वर प्रजापति ने कहा कि फाउंडेशन में जल्द ही सिलाई का कार्य शुरू होगा। जिसकी सारी तैयारी पूरी कर ली गयी है। साथ ही सिलाई के लिए 23 सदस्यो ने अपना-अपना बायोडाटा जमा कर चुकी है। उन्होंने कहा कि फाउंडेशन के माध्यम से महिलाओं को जोड़कर उनको आत्म निर्भन बनाने की दिशा में पहल किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सिलाई के शुभारंभ होने से महिलाएं आत्मनिर्भर बनकर उभरेंगी। वही अब महिलाओं द्वारा हर माह 100 रुपए भी बचत में जमा किया। मौके पर सोनम कुमारी, संगीता देवी, संध्या देवी, मीना देवी, प्रीति कुमारी, निक्की कुमारी, मालती देवी, नीतू देवी, आरती देवी, संजीता देवी, वीणा देवी, आरती देवी, बेबी देवी सहित काफी संख्या में महिलाएँ शामिल थे।

### लपंगा में छात्रों के दांतों की हुयी जांच



**रामगढ़ ।** स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम एवं राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत बुधवार को उत्क्रमित हाई स्कूल लपंगा में स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन। डॉ नीतेश कुमार ने विद्यालय के बच्चों के दांतों की सफाई की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दांत की सफाई कैसे की जाय ताकि दांतों को उम्र भर स्वस्थ रखा जा सके। बच्चों को ओरल हेल्थ कीट प्रदान करते हुए उन्हें ब्रश करने के तरीके से अवगत कराया गया डॉ नीतेश कुमार एवं तम्बाकू परामर्शी विनय शर्मा ने छात्र - छात्राओं को तंबाकू से होने वाली हानि से अवगत कराया तथा यह भी बताया कि किस तरह यह हृदय के बीमारी के साथ कैंसर से लोगो को प्रभावित कर रहा है।

### पकरिया टोला में मनेगा अंबेडकर जयंती



**कुजू।** 14 अप्रैल को संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाने को लेकर कुजू पश्चिमी पंचायत भवन में बैठक हुइ। इसकी अध्यक्षता धर्मराज राम ने किया। बैठक में बाबा साहब की जयंती धूमधाम से श्री राम चौक स्थित पकरिया टोला में मनाने का निर्णय लिया गया। जिमसें काफी संख्या में महिला सहित पुरुषों के शामिल होने की बात कही गयी। मौके पर मेघलाल राम, संतोष भुइयां, राजू नायक, सुरेश राम, नरेश करमाली, कपूर भुइयां, बिनोद राम, संजीत राम, विकास राम, शक्ति राम, महेंद्र भुइयां, सुनील राम, पिंटू राम, शिवचरण राम, विजय राम आदि शामिल थे।

### बाल संसद गोष्ठी का उद्घाटन



**रामगढ़।** गाँधी मेमोरियल मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय रामगढ़ में बुधवार को बाल संसद गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बाल संसद के सदस्यों का उनके विद्यालय विकास में योगदान के लिए उनकी भूमिका को चिन्हित करना और पहचान देना था।कार्यक्रम में ज़िले के 3 उत्कृष्ट विद्यालयों के छात्र - छात्राओं ने अपने अपने बाल संसद के अनुभव को साझा किया। ज़िला कार्यक्रम पदाधिकारी नलिनी रंजन ने छात्रों के इस अनुभव की सराहना करते हुए उन्हें शुभकामनाएँ दी। क्षेत्रीय शिक्षा पदाधिकारी बबीता ने बच्चों को विभिन्न गतिविधियों में भाग लेने और बहुमुखी विकास करने के लिए प्रेरित किया। मौके पर एडीपीओ नलिनी रंजन, आरईओ बबीता कुमारी, प्रोजेक्ट संपीड़न से मनीष कुमार, पार्थी मिश्र, राखी कुमारी ,सरिता सिंह और सत्यजीत कुमार मौजूद थे।

### मेडिकल लेबोरेट्री में रक्तदान शिविर



**रामगढ़।** झारखंड मेडिकल लेबोरेट्री टेक्नोलॉजिस्ट एसोसिएशन रामगढ़ इकाई के तत्वाधान में बुधवार को रामगढ़ कैंटोनमेंट जनरल हॉस्पिटल रक्तदान शिविर लगा। इस शिविर का उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों के लिए सुरक्षित रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना तथा समाज में रक्तदान के प्रति जनजागरूकता फैलाना था। संघ के अध्यक्ष राम निरेख दुबे, सचिव टिकेश्वर प्रसाद कुशवाहा एवं कल्याण सचिव रवि शेखर सिंह की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन में शिविर का सफल संचालन किया गया। कार्यक्रम के आयोजन में सचिव अमरजीत भारतीह्न ने व्यवस्था की कमान संभाली और आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। रेडक्रॉस सोसाइटी के अमित कुमार सिन्हा ने शिविर के आयोजन के लिए झारखंड मेडिकल लेबोरेट्री टेक्नोलॉजिस्ट एसोसिएशन की सराहना की। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में जरूरतमंदों के लिए जितनी रक्त की आवश्यकता होती है उतना रक्त उपलब्ध नही हो पाता है।

# हजारीबाग जिले के 85 प्रतिशत विद्यालयों में नही है तड़ित चालक

## झारखंड में वज्रपात से होती हैं सैकड़ों मौतें

खबर मन्त्र संवाददाता




**हजारीबाग।** स्कूलों में आपदा प्रबंधन की व्यवस्था न होना नौनिहालों के जीवन के साथ खिलवाड़ करना है। कुछ ऐसा ही हाल हजारीबाग जिले का है। जिले के कई स्कूल शिक्षा के मंदिर नहीं, बच्चों की कब्रगाह बन सकते सकते हैं। हजारीबाग जिले के 85 फीसदी से ज्यादा स्कूलों में तड़ित चालक की सुविधा नहीं हैं।

हैरानी इस बात की है कि इस ओर किसी अधिकारी का ध्यान नहीं है। वहीं वज्रपात से वर्ष में यहां सैकड़ों मौतें हो जाती है। सरकार चुपचाप तमाशा देख रही है।स्कूलो में तड़ित चालक ना होना कभी भी परेशानी का सबब बन सकता है। ज्ञात हो कि लगभग 19 साल पहले सरकार ने 2005-06 में तड़ित चालक लगवाने की योजना शुरू की थी, पैसे दिए गए, बिल बने, भुगतान हुआ। लेकिन उसकी गुणवत्ता पर किसी ने कोई सवाल नहीं उठाए। सवाल उठे भी तो जांच पदाधिकारी को येन-केन-प्रकारेण मुंह बंद कर दिया गया। कई स्कूलों में तड़ित चालक की चोरी भी हो गई। थाने में एफआईआर के साथ ही सब ठंडे बस्ते में चला गया। यानी साज़िश पहले हुई, सफाई बाद में। 1462 प्राइमरी और मिडिल स्कूल, 51 हाई स्कूल और 550 से ज्यादा निजी स्कूलों में लाखों बच्चे रोज जाते हैं, लेकिन आपदा प्रबंधन को लेकर कोई सुरक्षा नहीं। बच्चों की जान की कीमत अफसरों और ठेकेदारों की जेब में गई और विभाग अब तक बेशर्मी से चुप है। आखिर इंतजार किस बात का है? किसी स्कूल के मैदान में आकाशीय बिजली के हादसे में बच्चे जलकर मरें? क्या तब शिक्षा विभाग और सरकार की नींद खुलेगी या फिर ट्वीट्स और वायरल वीडियो का इंतजार है? 2023 में सिल्वार पहाड़ी पर बिजली गिरने से तीन लोगों की मौत हुई थी। 2024 में अब तक विभिन्न घटनाओ में 24 से ज्यादा लोग वज्रपात से मर चुके हैं । अगला नंबर किसका है, इसकी चिंता किसी को नहीं। अब अगर विभाग व सरकार नहीं चेतेगी और कोई घटना घट जाती है तो उसे लापरवाही कहा जाएगा या सुनियोजित हत्या।

# कटकमसांडी में सांसद ने 20 से अधिक बेटियों को दिया लहंगा

खबर मन्त्र संवाददाता



**कटकमसांडी /बड़कागांव।** सांसद मनीष जायसवाल के सौजन्य से कटकमसांडी प्रखंड के कई गांवों में 20 से अधिक बेटियों को विवाह के अवसर पर उपहार स्वरूप लहंगा भेंट किया गया। यह पहल पूर्व वर्षों की तरह इस बार भी निरंतर जारी रही, जिसे लेकर क्षेत्र में काफी उत्साह देखा गया। सांसद की ओर से यह उपहार उनके प्रतिनिधि एवं पूर्व विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा ने स्वयं गांव-गांव जाकर बेटियों को सौंपा। लहंगा पाने वालों में ग्राम पंचायत शाहपुर, डांटो खुर्द, कटकमसांडी, कंडसार सहित कई गांवों की बेटियां शामिल रहीं। लहंगा पाकर लाभार्थी परिवारों ने सांसद मनीष जायसवाल के प्रति आभार प्रकट किया और कहा कि यह सहयोग उनके लिए किसी वरदान से कम नहीं है। किशोरी राणा ने कहा कि सांसद गरीबों और जरूरतमंदों के लिए मील का पत्थर साबित हो रहे हैं। वह न केवल विकास कार्यों के लिए प्रतिबद्ध हैं, बल्कि सामाजिक सरोकारों में भी बढ़-चढ़कर भाग लेते हैं। मौके पर पश्चिमी मंडल अध्यक्ष कैलाश यादव, पूर्व मुखिया प्रेम प्रसाद, दुर्जोय प्रसाद, योगेन्द्र प्रसाद, लेखराज यादव, अनुराग मित्तल उर्फ सीकू सहित कई लोग मौजूद थे।

**बड़कागांव में भी लहंगा वितरित :** सांसद मनीष जायसवाल द्वारा लोकसभा क्षेत्र के गरीब बेटियों के बीच लहंगा वितरण कार्यक्रम के तहत बुधवार को बड़कागांव के कई गांवों में सांसद प्रतिनिधि पूनम साव के नेतृत्व में लहंगा वितरण किया गया। जिसमें बड़कागांव, पड़रिया, चोरका, जमनीडीह,आराहारा, लगातू, जुगरा, चेपा कला आदि गांव में घर-घर जाकर लहंगा दिया। मौके पर विधानसभा प्रतिनिधि पूनम शाह, सह प्रतिनिधि कृष्णा राम, बड़कागांव विधानसभा मीडिया प्रतिनिधि उमेश दांगी, बड़कागांव मंडल प्रतिनिधि रंजीत कुमार, सिद्धार्थ कुमार मौजूद थे।

### डीएवी पब्लिक स्कूल में मना आर्य समाज का स्थापना दिवस

**रजरप्पा।** डीएवी पब्लिक स्कूल में आर्य समाज का 150वां स्थापना दिवस मनाया गया। समाज की नींव 10 अप्रैल 1875 ई. को महर्षि दयानंद सरस्वती जी ने रखी थी। आर्य समाज के संस्थापक व अनुयायी महर्षि दयानंद जी के तस्वीर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किया। प्राचार्य डॉ. एसके शर्मा ने कहा कि आर्य समाज की स्थापना जिस समय की गई थी, उस समय के समाज का स्वरूप कुछ और था। पूरा समाज कुंठित हो चुका था। इसी कुंठा को दूर करने के लिए आर्य समाज की स्थापना की गई। सातवीं कक्षा की पल्लवी किस्कू तथा नवीं की हिमानी उपाध्याय ने अंग्रेजी तथा हिंदी भाषा में आर्य समाज के महत्व पर प्रकाश डाला। प्राचार्य एसके शर्मा ने सभी को स्वामी दयानंद जी द्वारा दिखाए गए रास्तों को चलने की अनुशंसा की।

### सतीश सिन्हा से मिले सुदेश



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ के महामंत्री सतीश सिन्हा के सयाल स्थित आवास पर आजसू के अध्यक्ष सुदेश महतो, विधायक रोशन लाल चौधरी, विधायक तिवारी महतो सहित अन्य नेतागण पहुंचे और उनका हालचाल जाना। इस दौरान नेताओं ने सतीश सिन्हा शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करते हुए उन्हें आराम करने की सलाह दी। बताते चलें कि पिछले कुछ दिनों से सतीश सिन्हा अस्वस्थ चल रहे हैं। मुलाकात करने वालों में बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी, मांडू विधायक तिवारी महतो के साथ केंद्रीय प्रवक्ता डॉ. देवशरण भगत, प्रवीण प्रभाकर, पूर्व लोकसभा प्रत्याशी संजय मेहता और केंद्रीय महासचिव विजय साहू भी उपस्थित थे।

# कुएं का गंदा पानी पीने को मजबूर हैं धोबघट के ग्रामीण

योगेंद्र प्रजापति



बरही। रानीचुआ पंचायत अंतर्गत धोबघट और परसातरी टोला के करीब 150 से 200 लोग आज भी शुद्ध पेयजल की मूलभूत सुविधा से वंचित हैं। घने जंगलों और पहाड़ों से घिरे इस आदिवासी बहुल क्षेत्र में वर्षों पूर्व बने एकमात्र कुएं का ही सहारा है। कुआं गर्मियों में सूख जाता है और बाकी महीनों में गंदा पानी देता है, जिससे ग्रामीणों को मजबूरी में पीने और घरेलू उपयोग में लाना पड़ता है। गांव के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय में भी पीने के पानी की कोई समुचित व्यवस्था नहीं है, जिससे बच्चों को भी यही असुरक्षित पानी पीना पड़ता है। ग्रामीणों ने बताया कि कुआं अब जर्जर अवस्था में पहुंच गया है,और हैंडपंप गांव में नहीं है। तुलेश्वर सिंह, ललन सिंह, जुगेश्वरी देवी समेत अन्य लोगों ने बताया कि सरकार की योजनाएं चल तो रही हैं, पर जानकारी और पहुंच के अभाव में वे उसका लाभ नहीं उठा पा रहे हैं। जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव ने बताया कि अब गांव तक सड़क बन चुकी है और 10-15 दिनों के भीतर बोरिंग लगेगा।

**गांव में 10-15 दिनों के भीतर लगेगा बोरिंग : किशुन यादव**

# हजारीबाग की इंटरनेशनल रामनवमी ने रचा इतिहास

अभय कुमार सिंह

**सड़कों पर करीब 100 से अधिक अखाड़ों की झांकियां निकलीं, हर एक में उत्सव का एक नया रंग**



**हजारीबाग।** कल्पना कीजिए एक ऐसा मंजर, जहां न दिन का होश है, न रात की सुध। जहां इंसानों की भीड़ समुंदर की तरह लहराती है और हर कोना जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठता है। झारखंड के हजारीबाग में ऐसा ही चमत्कार हर साल होता है, लेकिन इस बार की रामनवमी तो जैसे इतिहास रच गई। पूरे 36 घंटे तक लोग सड़कों पर डटे रहे, थके नहीं, रुके नहीं, बस श्रद्धा और शौर्य के रंग में डूबे रहे। यह कोई साधारण उत्सव नहीं, बल्कि आस्था, उत्साह और एकता का महाकुंभ था, जिसे अब लोग इंटरनेशनल रामनवमी के नाम से पुकारते हैं। हजारीबाग की रामनवमी अब सिर्फ एक धार्मिक पर्व नहीं रही, बल्कि यह एक सांस्कृतिक धरोहर बन गई है। इस साल का आयोजन पहले से कहीं ज्यादा भव्य, ज्यादा ऊर्जावान और ज्यादा भीड़-भरा था। लाखो श्रद्धालुओं ने इस आयोजन में हिस्सा लिया, न केवल झारखंड से बल्कि देश के कोने-कोने और यहां तक कि विदेशों से भी भक्त इस ऐतिहासिक मेले में उमड़े।

शहर की सड़कों पर करीब 100 से अधिक अखाड़ों की झांकियां निकलीं, हर एक में उत्सव का एक नया रंग। युवाओं ने तलवारबाजी, भाला युद्ध, डंड युद्ध और अनोखे करतब दिखाए, जिनसे दर्शक मंत्रमुग्ध हो उठे। इन झांकियों में सिर्फ वीरता नहीं, बल्कि लोक संस्कृति, रामायण की झलकियाँ और सामाजिक संदेश भी समाहित थे।

पूरे आयोजन की सबसे खास बात थी कि एक दो छोटी घटनाओ को छोड़ दे तो यह अहिंसात्मक और पूर्णतया अनुशासित था। कहीं कोई हंगामा नहीं, न कोई अप्रिय घटना। प्रशासन ने चौकसी में कोई कसर नहीं छोड़ी, लेकिन सबसे बड़ा श्रेय जाता है जनता को, जिन्होंने रामभक्तों की मर्यादा को निभाया। हजारीबाग शहर को इस मौके पर एक दुल्हन की तरह सजाया गया। हर चौक-चौराहे पर भगवा पताकाएं, और भगवाधारी भक्तों की टोली माहौल को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर देती थी। दुकानों से लेकर छतों तक लोग झंडे और फूल मालावो से स्वागत कर रहे थे।

ऐसा लगा मानो राम-राज्य का दृश्य जीवित हो उठा हो। अंतिम दिन जब रामझांकी शहर की मुख्य सड़कों से होकर गुजरी, तब पूरा शहर थम-सा गया। भगवा रोशनी में नहाई भीड़, और हजारों कंठों से निकली 'जय श्रीराम' की हुंकार ने ऐसा समां बाँधा कि रोंगटे खड़े हो जाएं। बच्चों की मुस्कान, बुजुर्गों की आंखों में आंसू और युवाओं की जोश-हर कोई इस पल को जी रहा था, जैसे स्वर्ग धरती पर उतर आया हो। हजारीबाग की इस इंटरनेशनल रामनवमी ने न केवल धार्मिक आस्था को जीवंत किया, बल्कि यह दिखाया कि अगर आयोजन में श्रद्धा, समर्पण और शांति हो, तो वह सीमाओं से परे एक विश्व-पर्व बन सकता है। 36 घंटे तक चलने वाला यह जलसा सिर्फ एक त्योहार नहीं, बल्कि एक चेतना थी, राम में रमे भारत की पहचान।चाहे आप किसी भी धर्म या मत से हों, विदेशी में रह रहे हो। हजारीबाग की इस रामनवमी को एक बार जरूर देखना, यह एक जीवन भर की अनुभूति है।

## एक नजर में

### प्रधानमंत्री आवास में अनियमितता को ले मनोज गिरी ने सांसद को दिया आवेदन



कुजू। भाजपा नगर परिषद अध्यक्ष मनोज गिरी ने सांसद मनीष जयसवाल को प्रधानमंत्री आवास योजना में हो रहे है गड़बड़ी को लेकर आवेदन दिया है। उन्होंने कहा कि आवास योजना का ऑनलाइन फॉर्म को गुप्त तरीके से बिचौलियों के माध्यम से भरा जा रहा है। इस फॉर्म को पंचायत सचिवालय में शिविर लगाकर भरना चाहिए, ताकि गरीब परिवारों को इसका लाभ मिल सके। बिचौलियों के माध्यम से ऑनलाइन फॉर्म प्रधानमंत्री आवास योजना के वेरिफिकेशन के नाम पर मोटी रकम की वसूली की जाती है। जिसको लाभ मिलना चाहिए उसको लाभ नहीं मिल पा रहा है। वहीं अन्य लोगों को इसका लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने संसद से जांच कर कार्रवाई करने की मांग किया।

### ओलंपियाड में सफल छात्र हुये सम्मानित



भुरकुंडा (रामगढ़)। ए ला एंगलाइज विद्यालय में बुधवार को ब्लूम स्कूल ओलंपियाड 2024-2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। ब्लूम स्कूल ओलिंपियाड 2024-2025 की परीक्षा 24 नवंबर 2024 को विद्यालय में धर्मेश सोनी और गौरव कुमार साहू के निगरानी में संपन्न हुई थी। इस वर्ष विद्यालय के कई छात्रों ने विभिन्न विषयों गणित, विज्ञान, अंग्रेजी, तार्किक ज्ञान, समाजिक विज्ञान और कंप्यूटर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए न केवल विद्यालय स्तर पर टॉप किया, बल्कि कुछ छात्रों ने राष्ट्रीय स्तर पर भी टॉप स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए प्राचार्य विजयंत कुमार ने कहा कि परिश्रम ही सफलता की कुंजी होती है। यह उपलब्धि न केवल छात्रों की मेहनत का परिणाम है, बल्कि उनके शिक्षकों और अभिभावकों के सहयोग का भी परिचायक है। ऐसे छात्र भविष्य में देश का नाम रोशन करेंगे। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को मेडल, विद्यालय प्रमाण-पत्र, राष्ट्रीय प्रशस्ती पत्र और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय स्तर पर सर्वोच्च रैंक प्राप्त करने वालो में दिव्यांशु रंजन विज्ञान में 11वां रैंक, शाहिन फातिमा विज्ञान में 12वां रैंक, पम्मी कुमारी सामाजिक विज्ञान में 14वां रैंक, आकांक्षा कुमारी अंग्रेजी में 15वां रैंक, रोहित कुमार कंप्यूटर में 16वां रैंक और अंकुश कुमार रजक तार्किक ज्ञान में 20वां रैंक हासिल किए। विद्यालय स्तर पर कक्षा 9 के आर्यन यादव, कक्षा एक के अंशु कुमार, कक्षा 2 के शैलेश कुमार, कक्षा 9 के अनुष्का सोनी, कक्षा 10 के राज और राधिका को रजत पदक और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### पीवीयूएनएल में एंबुलेंस का उद्घाटन



भुरकुंडा (रामगढ़)। पतरातु विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड पतरातु में बुधवार को एम्बुलेंस का उद्घाटन कंपनी के सीईओ आरके सिंह ने किया। इसके बाद हरी झंडी दिखाकर एम्बुलेंस को रवाना किया। आरके सिंह ने कहा कि एडवांस लाईफ स्पोर्ट एंबुलेंस स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जो गंभीर रोगियों को त्वरित और सुरक्षित चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने में सहायक होगी। उन्होंने बताया की इस अत्याधुनिक एंबुलेंस में कार्डियक मॉनिटर, वेंटिलेटर, इंजेक्शन पंप सहित कई आधुनिक चिकित्सा उपकरण लगाए गए हैं, जो आपातकालीन स्थिति में गंभीर मरीजों को तृतीयक स्वास्थ्य केंद्रों तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाएंगे। श्री सिंह ने कहा की कंपनी में स्वास्थ्य सेवाओं को एक नया आयाम मिला है, और कंपनी स्वस्थ्य के क्षेत्र में गंभीर रूप से काम कर रही है। इस अवसर पर डॉ. तन्मय मिश्रा (मुख्य चिकित्सा अधिकारी), देवदीप बोस (महाप्रबंधक, संचालन एवं अनुरक्षण), अनुपम मुखर्जी (महाप्रबंधक, परियोजना), वरिष्ठ चिकित्सकगण, अस्पताल स्टाफ एवं विभागाध्यक्षगण उपस्थित थे।

### कुजू में श्याम महोत्सव आज

कुजू। श्री श्याम परिवार कुजू द्वारा गुरुवार को इस वर्ष भी तृतीय श्याम महोत्सव मनाया जाएगा। जिसकी सारी तैयारी पूरी कर ली गयी है। बाबा श्री श्याम महोत्सव को लेकर डटमा मोड़ हनुमान मंदिर से निशान यात्रा निकाला जायगा। जो कुजू चौक स्थित एमआर कॉम्प्लेक्स जाएगा। जहां पर बाबा श्री खाटू श्याम के दिव्य शिश का अलौकिक श्रृंगार, अखंड ज्योत, महाभोग, भजनो की अमृत वर्षा, संगीत के साथ भक्ति एवं ज्ञान की रस के गंगा प्रवाहित होगा। जिसमें मुख्य रूप से टाटानगर से अनुभव अग्रवाल, धनबाद से अभिषेक सिंघल, रांची से तनय कृपाल, रामगढ़ से कमल बगड़िया द्वारा बाबा के दरबार में अपना-अपना हाजिरी लगाएंगे।

### वुमेंस क्रिकेट टीम की कप्तान बनीं प्रतीक्षा



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित अंतर जिला सीनियर वुमेंस क्रिकेट टूर्नामेंट 2024-25 में भाग लेने के लिए बुधवार को रामगढ़ जिला सीनियर वुमेंस क्रिकेट टीम की घोषणा चिल्ड्रन पार्क ग्राउंड पतरातु में की गई। टीम की घोषणा करते हुए रामगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन (आरसीए) के मानद सचिव अरुण कुमार राय, कोषाध्यक्ष सूरज प्रसाद, संगठन सदस्य एवं कोच सुभोजित दत्ता ने खिलाड़ियों को चाईबासा रवाना किया। इस अवसर पर जिला सीनियर खिलाड़ी अभिषेक कुमार भी उपस्थित रहे। टीम की कप्तानी प्रतीक्षा दूबे को सौंपी गई है, जबकि उप कप्तान की भूमिका प्रिया पटेल निभाएंगी। टीम में चुनी गई अन्य खिलाड़ी में सुलेखा कुमारी, प्रगति कुमारी, तन्नू कुमारी, अमीषा पटेल, खुशी राठौड़, जुली कुमारी, श्रेया प्रिया, प्रियंका वर्णवाल, इशिका प्रिया, अंजलि कुमारी, सुधा कुजूर, स्तुति कुमारी एवं प्रतिमा यादव शामिल है।

### विधायक ने किया पीसीसी रोड का शिलान्यास



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** बड़कागांव भाजपा विधायक रोशनलाल चौधरी ने बुधवार को रीवर साईड बुधबाजार दोतल्ला पंचायत में डीएमएटी मद से 85 लाख की लागत से बनने वाले पीसीसी पथ का शिलान्यास किया। इसके पूर्व पतरातू प्रखंड उप प्रमुख बबीता पांडेय, मुखिया सत्यवंती देवी, उप मुखिया प्रशांत कुमार, वार्ड सदस्य रेणुका देवी, पुष्पा सिन्हा, नीतू सिन्हा ने विधिवत पूजा-अर्चना किया। जिसके बाद विधायक रोशनलाल चौधरी ने नारियल फोड़ कर एवं शिलापट्ट का अनावरण कर पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इस अवसर पर विधायक रोशनलाल चौधरी ने कहा कि पुरे बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र का चहुंमुखी विकास ही मेरी पहली प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि सड़क विकास का पैमाना होता है। पूरे क्षेत्र सड़क और पुल-पुलिया का जाल बिछाया जायेगा। मुखिया सत्यवंती देवी ने बताया कि ग्राम पंचायत में विगत 50 वर्षो से लंबी सड़कों का काफी अभाव था। जिसके कारण यहां के ग्रामीणों को आवागमन करने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। बरसात में ग्राम पंचायत की यातायात पूरी तरह से बाधित हो जाती थी।

# बज्रपात से स्कूल के आठ बच्चे घायल, इलाज जारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**मरकच्चो (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत पपलो पंचायत के ललकापनी में संचालित निजी विद्यालय संत मौर्या पब्लिक स्कूल के बच्चे बुधवार को वज्रपात होने से घायल हो गए। वहीं घायल छात्र-छात्राओं का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. प्रदीप बैठा व डॉ.



श्रीकांत कुमार द्वारा इलाज किया गया, घटना बुधवार लगभग 11:30 बजे की है। वहीं घायल बच्चे में 10 वर्षीय रोशनी कुमारी, 6 वर्षीय रिया कुमारी, 15 वर्षीय सुजाता कुमारी, 11 वर्षीय अंशिता कुमारी, 15 वर्षीय अंजुमन खातून, 10 वर्षीय प्रिया कुमारी, 8 वर्षीय संजना कुमारी, 6 वर्षीय रितेश यादव सभी वज्रपात से घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार घायल बच्चे क्लास रूम में लोहे के बने बेंच पर बैठे हुए थे, इस दौरान बिजली के झटके से बच्चे घायल हो गए। खबर की सूचना मिलते ही बीडीओ हुलास महतो ने अस्पताल पहुंचकर घायल छात्रों का जायजा लिया। वहीं उन्होंने बताया कि डॉक्टर के अनुसार सभी छात्र-छात्राएं ठीक हैं, रेफर करने की जरूरत नहीं है। वहीं उन्होंने बताया कि प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को उक्त विद्यालय का जांच का निर्देश दिया गया है। वहीं निजी विद्यालय संत मौर्या पब्लिक स्कूल सरकार के गाइड लाइन को दर किनार करते हुए बिना यूआईडेस कोड का संचालित है।

## पोषण पखवाड़ा जागरूकता रथ को उपायुक्त ने किया रवाना



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** जिले में 8 अप्रैल से 22 अप्रैल तक आयोजित हो रहे पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम को लेकर बुधवार को उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने पोषण पखवाड़ा जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। इस दौरान उपायुक्त ने पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम को उपस्थित पदाधिकारियों व कर्मियों को शपथ दिलाया। वहीं कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि पोषण अभियान को देश व्यापी जन आंदोलन बनाना है, हर गांव, हर शहर से सही पोषण की गूंज उठाने की जरूरत है। मौके पर डीसी के अलावे डीसीसी ऋतुराज, एसी पूनम कुजूर, डीसीओ रूमा झा आदि मौजूद थे।

## दो पुलों की रखी गयी आधारशिला

खबर मन्त्र संवाददाता



**मरकच्चो (कोडरमा)।** कोडरमा विधायक डॉ.नीरा यादव ने बुधवार को प्रखंड क्षेत्र के दो पुलों की आधारशिला रखी। बताते चलें कि साढ़े छः करोड़ की लागत से बनने वाले दो पुलों जिसमे मध्य पंचायत मरकच्चो पाण्डेयडीह में पंचखेरो नदी में साढ़े तीन करोड़ की लागत से बनने वाले पूल तथा सुदूरवर्ती डगरनवा पंचायत के टेपरा नदी में तीन करोड़ की लागत से बनने वाली पूल शामिल है। उक्त दोनों पुलों का निर्माण मेसेर्स रामचंद्र यादव कंस्ट्रक्शन कम्पनी द्वारा किया जाएगा। वहीं पंचखेरो नदी में बनने वाले पूल से मरकच्चो मध्य पंचायत का पपलो पंचयात से सीधे जुड़ाव के साथ साथ गिरिडीह जाने वाली मुख्य मार्ग से भी जुड़ाव हो जाएगा। वहीं टेपरा नदी में पूल बन जाने से सुदूरवर्ती असनातरी झांवातरी आदि गांवो के भी लोगों को आवागामन मे बहुत आसानी होगी।

पहले बरसात के दिनों में टेपरा नदी में पानी आने के बाद उक्त गांव के लोगों का पंचायत मुख्यालय डगरनवा से जुड़ाव कट जाता था अब इस पूल के बन जाने से सुदूरवर्ती गांवो के लोगों को काफी सुविधाएं मिलेंगी। मौके पर भाजपा जिला महामंत्री विजय यादव, धानेश्वर यादव, रामचंद्र यादव, रामलाल यादव, सदानंद कुशवाहा, अर्जुन यादव, जगरनाथ कुशवाहा, जितेंद्र यादव, पवन सिंह आदि मौजूद थे।

## बैंक ऑफ इंडिया के दो कर्मचारियों के फ्लैट से चोरी

### फोटो सीसीटीवी कैमरे में कैद, जांच में जुटी पुलिस

खबर मन्त्र संवाददाता

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** तिलैया थाना क्षेत्र अंतर्गत गंगोत्री अपार्टमेंट में बैंक ऑफ इंडिया के दो कर्मचारियों के फ्लैट में चोरी की घटना को अंजाम दिया है। घटना अपार्टमेंट के सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।

वहीं पीड़ित परिवार की मां वेद प्रकाश सिंह ने बताया कि उनका बेटा और बहू बच्चों के साथ वेल्लोर गए थे। वह खुद अपने पैतृक गांव पहाड़पुर गई हुई थीं, तभी मंगलवार को बेटे के कहने पर जब वह फ्लैट पहुंचीं तो कमरे का सामान बिखरा मिला। वहीं



उन्होंने कहा कि बच्चों के लिए काफी जेवरात बनवाए थे, अलमारी से सभी जेवरात गायब थे। वहीं पीड़िता ने बताया कि मैं सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारी हूं। चोरों ने करीब 12 लाख के जेवरात और 1 लाख रुपए नगद चुरा लिए। इधर फ्लैट में रहने वाले अमित कुमार ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज से यह ज्ञात हुआ है कि यह घटना सोमवार दोपहर की है। वहीं उन्होंने बताया कि जिस फ्लैट में चोरी हुई है, वे उस फ्लैट के ठीक बगल वाले फ्लैट में रहते हैं। शाम को जब दूध वाला आया तो उसने देखा कि घर के मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ है।

उसने यह बात फ्लैट के अन्य लोगों को बताई। इसके बाद फ्लैट मालिक को इसकी सूचना दी गई। वहीं उन्होंने कहा कि महज 10 मिनट में दिया गया घटना को अंजाम सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोर सोमवार को दोपहर 12 बजकर 9 मिनट पर दोनों फ्लैट में घुसे और महज 10 मिनट के अंदर 12 बजकर 19 मिनट में चोरी की घटना को अंजाम देकर रफूचक्कर हो गए। इधर घटना की सूचना मिलते ही तिलैया थाना प्रभारी विनय कुमार दल बल के साथ मौके पर पहुंचकर मामले की छानबीन में जुट गए हैं। वहीं उन्होंने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की पहचान की जा रही है।

## हनुमान की शक्ति अद्वितीय है : अमर सिंह

### हनुमान जन्मोत्सव को लेकर पोस्टर विमोचन व प्रचार वाहन को हरी दिखाकर किया गया रवाना



खबर मन्त्र संवाददाता

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** नगर की धार्मिक संगठन श्री हनुमान संकीर्तन मंडल के तत्वधान में दो दिवसीय हनुमान जन्मोत्सव सह मंडल का 44वां वार्षिक उत्सव को ले बुधवार देर शाम श्री अग्रसेन भवन में पोस्टर विमोचन एवं प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में अतिथि के रूप में एसबीआई झुमरीतिलैया शाखा के मुख्य प्रबंधक अमर कुमार सिंह, तनिष्क शोरूम के निदेशक विमल फोगला, हर्ष जालान, सिटी मैनेजर लेमांशु कुमार, आरएसएस के दिलीप सिंह, मंडल के संरक्षक मधुसूदन दारूका, प्राइवेट स्कूल चिल्ड्रन वेलफेयर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष बीएनपी बर्णवाल, क्लोरोफिल के निदेशक अजय अग्रवाल, यामहा शोरूम के संचालक अभिषेक पांडेय, बीरू फर्नीचर के संचालक बीरू यादव, मारवाड़ी सम्मेलन के पप्पू केडिया मुख्य रूप से उपस्थित थे।

वहीं मुख्य अतिथि अमर कुमार सिंह ने कहा कि हनुमान जी की शक्ति अद्वितीय है और हनुमान मंडल का यह महोत्सव एक अनूठी छाप छोड़ेगा। वहीं विमल फोगला ने कहा कि हनुमान मंडल एक यूनिवर्सिटी है और मंडल अद्वितीय कार्य कर पूरे विश्व मे एक अलग पहचान बनाई है। वहीं हर्ष जालान ने कहा कि शक्ति और भक्ति का अनूठा संगम हनुमान मंडल है। वहीं सिटी मैनेजर लेमांशु कुमार ने कहा कि भक्ति के बिना कोई भी कार्य नही हो सकती। वहीं बीएनपी बर्णवाल, अजय अग्रवाल, दिलीप सिंह, मुन्ना भदानी ने संयुक्त रूप से कहा कि हनुमान मंडल एक धार्मिक संगठन में अलग पहचान बनाई है और यह मंडल एक बटवृक्ष के समान है, बाकी इसकी सभी शाखाएं है। मौके पर नवीन सिन्हा, विजय पांडे, विक्की केशरी, बबलू पांडेय, धीरेन्द्रनाथ मिश्रा, बिनोद कुमार, अरविंद चौधरी, संदीप केडिया, आशुतोष भदानी, सज्जन शर्मा, चंद्रशेखर जोशी, आलोक कुमार सिन्हा, विकास अग्रवाल, राकेश बजाज, रितेश पाण्डेय, नितिन मिश्रा, चन्द्रशेखर शर्मा समेत काफी संख्या में मॉडल के सदस्य उपस्थित थे।

## झारोटेफ आंदोलन का दूसरा चरण शुरू



**लातेहार।** झारखंड ऑफिसर्स टीचर्स एंड एंप्लॉई फेडरेशन (झारोटेफ) जिला इकाई लातेहार के बैनर तले बरवाडीह प्रखंड अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह के नेतृत्व एवं जिला प्रवक्ता उमेश सिंह उजाला के मौजूदगी मे सरकारी कर्मियों की मांगों के समर्थन में ध्यानाकर्षण रैली-सह-ज्ञापन कार्यक्रम के तहत बुधवार को बरवाडीह प्रखंड विकास पदाधिकारी को ज्ञापन सोपा गया। इसमें झारखंड राज्य के सरकारी कर्मचारियों की प्रमुख तीन मांग शिक्षकों के लिए एमएसपी सरकारी कर्मी का सेवानिवृत्ति उम्र 62 वर्ष करना एवं केंद्रीय कर्मचारियों की भांति राज्य सरकार के कर्मचारियों को शिशु शिक्षण भत्ता का मांग किया गया। इस कार्यक्रम मे विभिन्न विभागों से सैकड़ो कर्मचारी मौजूद थे। जिसमेंअशोक कुमार सिंह,उमेश सिंह, मुनेश्वरसिंह, मदन प्रसाद, पुरुषोत्तम सिंह, अरुण महतो, राजीव नयन, अशोक कुमार उपस्थित थे ।

## अड्डी बांग्ला दुर्गा पूजा समिति परिसर का विकास होगा : अन्नपूर्णा देवी



खबर मन्त्र संवाददाता

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** अड्डी बांग्ला दुर्गा पूजा समिति परिसर की झारखंड रांची से धार्मिक न्यास बोर्ड से पंजीकृत होने के पश्चात समिति के सभी प्रमुख पदाधिकारी सांसद सह मंत्री अन्नपूर्णा देवी से भेंट कर झारखंड धार्मिक न्यास बोर्ड रांची से प्राप्त पंजीयन की जानकारी दी। पंजीयन कराए जाने में सांसद सह केंद्रीय मंत्री से जो सहयोग प्राप्त हुआ उसके लिए उन्हें ट्रस्ट कमेटी के मुख्य न्यासीकर्ता नितेश चंद्रवंशी के नेतृत्व में धन्यवाद दिया गया। वहीं सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति अड्डी बांग्ला के अध्यक्ष आलोक कुमार सरकार, पूर्व सचिव आलोक कुमार, कोषाध्यक्ष श्यामजीत कुमार, अमित कुमार जायसवाल, संतोष केसरी, मनोज साव, सुदीप्तो घोष एवं विमल चटर्जी अन्नपूर्णा देवी को उनके सहयोग के लिए धन्यवाद दिया और मंदिर परिसर की वर्तमान स्थिति से अवगत कराया। वहीं सांसद ने समिति के न्यासी सदस्यों को आश्वस्त किया की अब मैं बहुत जल्द मंदिर परिसर में आकर वहां की सही जानकारी लूंगी और उस परिसर का विकास किया जाएगा।

## शाम को टहलने गए दो बच्चे लापता, परिजन परेशान

### सात दिन बाद भी नहीं मिला सुराग, पुलिस कर रही जांच

खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** जिले के हंटरगंज थाना क्षेत्र के तिलहेत गांव के चतरीमौव टोला से दो बच्चे रहस्यमय तरीके से लापता हो गए हैं। यह घटना 2 अप्रैल की शाम करीब 7 बजे की है, जब दोनों बच्चे टहलने के लिए घर से निकले थे। सात दिन बीत जाने के बाद भी उनका कोई पता नहीं चल पाया है। लापता बच्चों की पहचान 16 वर्षीय रामबिरबल भुईयां और 14 वर्षीय सुभाष कुमार के रूप में हुई है। रामबिरबल बाबूलाल भुईयां का बेटा है और नौवीं कक्षा में पढ़ता है। वहीं, सुभाष कुमार राजेश भुईयां का बेटा है और सातवीं कक्षा का छात्र है। दोनों बच्चे उत्क्रमित मध्य विद्यालय धरधारा में पढ़ते हैं। परिजनों ने बताया कि दोनों बच्चे 2 अप्रैल की शाम को अपने-अपने घर से



निकले थे, लेकिन इसके बाद वे वापस नहीं लौटे। जब बच्चों का देर रात तक कोई पता नहीं चला, तो परिवार वाले परेशान हो गए। कई दिनों तक अपने स्तर से ढूंढने के बाद भी जब कुछ पता नहीं चला, तो 7वें दिन हंटरगंज थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई गई। बच्चों के गायब होने से गांव में भी चिंता का माहौल है। परिजन किसी अनहोनी की आशंका से घबराए हुए हैं और प्रशासन से बच्चों को जल्द से जल्द खोज निकालने की मांग कर रहे हैं। इस मामले में हंटरगंज थानाप्रभारी प्रभात कुमार ने बताया कि पुलिस जांच कर रही है और बच्चों की तलाश में लगातार कोशिशें जारी हैं।

## स्पीड न्यूज

### बगरा साप्ताहिक हाट से बाइक की चोरी

**सिमरिया।** थाना क्षेत्र के बगरा साप्ताहिक हाट से मंगलवार को एक बाइक संख्या ( जेएच 02 ए एल 9282) चोरी हो गयी। बाइक बरियातू थाना क्षेत्र के जबरा गांव निवासी नरेश प्रजापति का था। भुक्तभोगी ने बताया कि घर से साप्ताहिक हाट आया हुआ था। इस दौरान वह बरगद के पेड़ के नीचे अपना बाइक खड़ा करके सब्जी खरीदने गया। जब सब्जी खरीदकर वापस आया तो देखा बाइक गायब है। काफी खोजबीन किया कहीं से कोई अता पता नहीं चल पाया। भुक्तभोगी ने थाना में आवेदन चोरों के खिलाफ करवाई करने की मांग की है।

### जरही गांव में हाथियों ने मचाया तांडव

**सिमरिया।** प्रखंड के जरही गांव में मंगलवार की रात दो जंगली हाथियों ने एक घर में घुसकर चावल और आलू खा लिए। गांव के निवासी देवराज भगत ने बताया कि वह अपने बच्चों के साथ घर में सो रहे थे, तभी अचानक हाथियों ने घर का दरवाजा तोड़ दिया और घर में रखे अनाज को खाने लगे। देवराज भगत ने बताया कि हाथियों को देखकर वह बहुत डर गया। किसी तरह उसने बिना शोर किए अपने बच्चों को उठाया और पीछे के दरवाजे से बाहर निकालकर पड़ोसी के घर में जाकर शरण ली। हाथियों ने घर में रखा सारा अनाज खा लिया, जिससे अब सालभर के खाने की समस्या खड़ी हो गई है। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले पांच दिनों से दो हाथी गांव के पास के जंगल में घूम रहे हैं, जिससे पूरे गांव में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने वन विभाग से अपील की है कि हाथियों को जंगल की ओर भगाया जाए, ताकि गांववाले सुरक्षित रह सकें।

### गिद्धौर पहुंचे जिला शिक्षा अधीक्षक, स्कूलों का किया निरीक्षण

**गिद्धौर।** बुधवार को जिला शिक्षा अधीक्षक रामजी कुमार गिद्धौर पहुंचे और यहां के स्कूलों का निरीक्षण किया। सबसे पहले उन्होंने पीएम श्री मध्य विद्यालय गिद्धौर का दौरा किया, जहां उन्होंने स्कूल की गतिविधियों और मिड-डे मील की व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान स्कूल के सभी शिक्षक उपस्थित पाए गए। जिला शिक्षा अधीक्षक ने शिक्षकों को पढ़ाई की गुणवत्ता और स्कूल संचालन को लेकर जरूरी दिशा-निर्देश दिए। इसके बाद वे उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय सिमरातरी भी पहुंचे। वहां भी उन्होंने स्कूल की स्थिति देखी और शिक्षकों से बेहतर ढंग से पढ़ाई करवाने की बात कही। बताया गया कि डिएसी का यह दौरा प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी के मार्गदर्शन में किया गया था। उन्होंने दोनों स्कूलों में पढ़ाई, साफ-सफाई और अन्य व्यवस्थाओं को देखकर संतोष जताया और शिक्षकों को बच्चों की पढ़ाई को और बेहतर बनाने पर जोर दिया।

### जनसेवकों ने लगाया काला बिल्ला, जताया विरोध

**चंदवा।** चंदवा के जनसेवकों ने काला बिल्ला लगाकर प्रतापपुर बीडीओ की मनमानी के खिलाफ विरोध जताया। कहा कि प्रतापपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी अभिषेक पांडेय ने वहां के के आठ जनसेवकों के चार माह का वेतन आवंटन उपलब्ध रहने के बावजूद भुगतान नहीं किया और राशि प्रत्यर्पित कर दी गई। विरोध जताने वालों में लव कुमार, मनीष पांडेय, पवन कुमार समेत अन्य शामिल है।

### पूर्व सरपंच के निधन पर लोगों ने जताया शोक

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत पल्हेया पंचायत स्थित कुरूंद गांव निवासी पूर्व सरपंच सह समाजसेवी मूरत यादव,उम्र 107 का दिन बुधवार को निधन हो गया। बता दें कि उन्होंने लगभग 10 सालों तक पंचायत की सेवा की। वहीं उनकी मौत से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। साथ ही कुरूंद गांव स्थित मंगरदाहा श्मशान घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। वहीं पूर्व सरपंच सह समाजसेवी मूरत यादव के अंतिम यात्रा में पूर्व जिला परिषद सदस्य रघुपाल सिंह, नागेंद्र यादव,समेत कई लोग उपस्थित थे।

## एक नजर में

### प्रखंड क्षेत्र में शांतिपूर्वक संपन्न हुआ रामनवमी महापर्व



खबर मन्त्र संवाददाता

**गिद्धौर।** प्रखंड क्षेत्र में रामनवमी का महापर्व पूरी श्रद्धा और शांति के साथ मनाया गया। रामनवमी के दिन विभिन्न गांवों और कस्बों में भव्य जुलूस और आकर्षक झांकियां निकाली गईं। इसके अगले दिन दशमी को प्रखंड मुख्यालय गिद्धौर में भी रामनवमी मेला स्थल पर बड़ी संख्या में लोग जुटे और वहां भव्य झांकी व जुलूस का आनंद लिया। इस मौके पर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत रही। सिमरिया के अनुमंडल पदाधिकारी सन्नी राज और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी शुभम खंडेलवाल ने मेला स्थल पहुंचकर विधि-व्यवस्था का जायजा लिया। पूरे प्रखंड में शांति बनाए रखने के लिए प्रशासन की ओर से दंडाधिकारी और पुलिस बल तैनात किए गए थे। रामनवमी पर्व के शांतिपूर्ण आयोजन और अच्छी व्यवस्था को लेकर गिद्धौर उपरटोला स्थित भास्कर स्वलंबन क्लब की ओर से बीडीओ राहुल देव, सीओ अनंत सयनम विश्वकर्मा और थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता को धन्यवाद और बधाई दी गई। बधाई देने वालों में भास्कर स्वलंबन क्लब के अध्यक्ष और एसबीआई ग्राहक सेवा केंद्र के संचालक मुकेश कुमार, झांकी समिति अध्यक्ष मुकेश कुमार (पोकलेन ऑनर, शिक्षक अनिल कुमार, राजेश कुशवाहा, मंटू कुमार, विकास कुमार, प्रभात कुमार, सचिन कुमार समेत क्लब के अन्य सदस्य शामिल थे।

### थाना परिसर में लगा मध्यस्थता शिविर, कई मामले निष्पादित



खबर मन्त्र संवादाता

**चतरा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में चतरा सचिव के निर्देश पर वशिष्ठ नगर जोरी थाना परिसर में बुधवार को मध्यस्थता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के के माध्यम से कई छोटे-मोटे मामले का निष्पादन किया गया। इस शिविर में जानकारी देते हुए पीएलवी संदीप कुमार गुप्ता व सब दिलीप नामता ने बताया कि थाना क्षेत्र के दंतार, घंघरी, सलैया, पहाड़पुरा, जोरी, सलैया, सरदम, चौखला से आए ग्रामीणों ने मारपीट, गाली गलौज, जमीनी विवाद, घरेलू विवाद समेत कई मामलों में लोगों अपना-अपना पक्ष रखा सभी पक्षों के बातों को सुनने के बाद ग्रामीणों ने मध्यस्थता निष्पादन सुलह के आधार पर कराने की अपील की तथा इसके लिए मध्यस्थों को बधाई दी। मध्यस्थता शिविर को सफल बनाने में वशिष्ठ नगर थाना सब इंस्पेक्टर दिलीप नामता ने मध्यस्थता में आए सभी पक्षकारों को समझा-बुझा कर समझौता के लिए राजी किए।

### डॉ. डीएन मिश्रा बने विधि स्नातकोत्तर विभाग के निदेशक



खबर मन्त्र संवादाता

**कोडरमा।** झारखण्ड शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय झुमरीतिलैया के शिक्षाविद् सह समाजसेवी सह सचिव डॉ. डीएन. मिश्रा को मगध विश्वविद्यालय बोधगया बिहार का विधि स्नातकोत्तर विभाग का निदेशक बनाये जाने पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ. एसपी. शाही का अभिनन्दन एवं आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य एवं समस्त शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मियों ने पुष्पगुच्छ भेंट करते हुए सचिव का स्वागत किया। साथ ही कर्मियों ने कहा कि महाविद्यालय पूर्ण विश्वास एवं आशा से ईश्वर से कामना करता हूं कि सचिव स्वस्थ्य रहें एवं अपने जीवन में उच्च पद पर आसीन हों।

### सामंता होण्डा टू व्हीलर्स व सर्विस सेंटर का किया गया उद्घाटन



खबर मन्त्र संवाददाता

**मरकच्चो (कोडरमा)।** सामंता होण्डा टू व्हीलर्स का आउथराइज सर्विस सेंटर का उद्घाटन झारखण्ड सर्विस तथा सेल्स एरिया इंचार्ज सौरभ बिश्वास, कुंदन कुणाल, मुख्य प्रबंधकर्ता आनंद सामंता ने संयुक्त रूप से विधिवत पूजा अर्चना व फीता काटकर किया। वहीं प्रोपराइटर बिट्टू गोस्वामी व परुषोतम पांडेय ने बताया कि शोरूम में आसानी से ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राहकों को आसान किस्तों पर बाइक उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही कंपनी के द्वारा ग्राहकों को बेहतर सेवा उपलब्ध कराने की बात कही। उद्घघाटन के दौरान एक बाइक की बिक्री की गयी।

जिसे ग्राम कर्बलानगर निवासी नौशाद आलम ने खरीदी। मौके पर रविशंकर सिंह, संजू यादव, महेश यादव, विद्यासागर पासवान, दीपक कुमार सिंह, रंजीत कुमार, नविन पासवान, अजित राणा, इसत्याक आलम, शिवा गोस्वामी समेत कई लोग मौजूद थे।

### बिजली पोल के चपेट में आने से गर्भवती गाय की मौत

**मरकच्चो (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत मरकच्चो-बरियाडीह मुख्य मार्ग स्थित दरदाही में बिजली पोल के चपेट में आने से एक गर्भवती गाय की मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना में मवेशी पालक दरदाही निवासी शंकर राणा को 30 हजार से अधिक की क्षति हुई है। वहीं पीड़िता ने बताया कि उनकी गाय बिजली पोल के चपेट में आ गयी और घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गयी। मामले को लेकर पीड़िता ने प्रशासन से घटना की जांच कराते हुए मुआवजे की मांग की है।

## स्पीड न्यूज

### बढ़ती गर्मी को देखते हुए डीइओ व डीएसइ ने विद्यालयों को दिये कई निर्देश

**सभी विद्यालयों में पंखा की व्यवस्था करने, बच्चों को नींबू पानी, ठंडा पानी, शरबत आदि देने का निर्देश**

गुमला। जिले के सभी सरकारी, सरकारी सहायता प्राप्त एवं निजी श्रेणी के प्राथमिक, मध्य, माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को गर्मी के मौसम में तेज धूप एवं लू के प्रतिकूल प्रभाव से बचाव हेतु सावधानियों के संबंध में डीसी के निर्देशानुसार जिला शिक्षा अधीक्षक नूर आलम खां तथा जिला शिक्षा पदाधिकारी कविता खलखो ने निर्देश जारी किए है। जिसके तहत सभी विद्यालयों के वर्गकक्षों में पंखा की व्यवस्था सुनिश्चित करने, सभी विद्यालयों में बिजली की व्यवस्था आवश्यक है। जिन विद्यालयों में बिजली का कनेक्शन नहीं है। वैसे विद्यालयों में बिजली की व्यवस्था करने हेतु बिजली विभाग के कनीय अभियंता से सम्पर्क करने, अत्यधिक गर्मी की स्थिति में समय-समय पर बच्चों को नींबू पानी, चीनी-नमक का घोल, चना-गुड़, कच्चे आम एवं सत्तु का शरबत देने, विद्यालयों में ठंडा पानी हेतु मटका व मिट्टी के घड़े रखने, अस्पताल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र व उप स्वास्थ्य केंद्र से सम्पर्क कर विद्यालयों में एएनएम, सहिया, चिकित्सक के समन्वय में नि:शुल्क ओआरएस के घोल की व्यवस्था करने आदि का निर्देश दिया गया है।

### पानी की समस्या को लेकर बीडीओ ने मुखिया व जलसहिया के साथ की बैठक



घाघरा। प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित सभागार में बुधवार को बीडीओ दिनेश कुमार ने प्रखंड कर्मियों व जल सहिया के साथ बैठक की। बैठक में गर्मी को देखते हुए आमजनों को पेयजल की शिकायत से त्वरित निवारण हेतु प्रखंड कंट्रोल रूम व कंट्रोल रूम के कर्मी की प्रतिनियुक्ति की गई। इस दौरान बीडीओ ने कहा कि डीसी के आदेश पर गर्मी में आमजनों को पेयजल की शिकायत से त्वरित निवारण हेतु प्रखंड स्तर पर एक कंट्रोल रूम का गठन किया गया है। कंट्रोल रूम में प्रतिनियुक्ति कमी संदीप कुजूर मोबाइल नंबर 6205867041 व शोएब अख्तर मोबाइल नंबर 7992405933 है। बीडीओ ने आमजनों से अपील किया है कि इस नंबर पर संपर्क कर अपने क्षेत्र में हो रहे पानी की समस्या की जानकारी दें ताकि त्वरित कार्रवाई करते हुए पानी की व्यवस्था कराई जा सके। बैठक में मुखिया, जलसहिया को निर्देश देते हुए अपने-अपने क्षेत्र में पेयजल की समस्या का आकलन कर समाधान हेतु नियमानुसार कार्य करने को कहा। साथ ही उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि पानी की उपलब्धता जहां बिल्कुल नहीं है वहां पर टैंकर की व्यवस्था कर लोगों को पानी देना सुनिश्चित करें। मुखिया द्वारा बताया गया कि कई गांव में जलमीनार खराब है जिस पर बीडीओ के द्वारा पेयजल के कनीय अभियंता को कार्य करने का निर्देश दिया है।

### कृषि विज्ञान केंद्र विकास भारती बिशुनपुर ने पोषण पखवाड़ा का किया आयोजन



गुमला। कृषि विज्ञान केंद्र विकास भारती बिशुनपुर के द्वारा पोषण पखवाड़ा का आयोजन बुधवार को किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विकास भारती के संयुक्त सचिव महेंद्र भगत ने की। मौके पर महेंद्र भगत ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि पोषण सप्ताह के माध्यम से प्रत्येक किसान पोशक युक्त सब्जी एवं अन्य खाद्यान्न फसलों की खेती करें ताकि उसका उपयोग कर कुपोषण से बचा जा सकता है। झारखण्ड के लोगों को कुपोषण से निकलने हेतु पोषण वाटिका काफी लाभकारी सिद्ध हो रहा है। आने वाले दिनों में कृषि विज्ञान केंद्र प्रत्येक प्रखंड में दो दो पोषण वाटिका का निर्माण कराएगी। जिससे किसानों में जागरूकता लायी जा सके। इस कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉक्टर संजय कुमार ने बताया कि पोषण वाटिका के लिए भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के द्वारा विभिन्न प्रकार की बायो फोटीफाईड किस्म तैयार की गई है। जिसमें विभिन्न प्रकार के पोषक तत्वों की मात्रा ज्यादा है। कार्यक्रम में गुमला जिला के 12 प्रखंड के 45 लैंपस प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

### अंग्रेजी शराब के साथ रायडीह पुलिस ने ट्रक चालक को किया गिरफ्तार



रायडीह। रायडीह पुलिस ने गुप्त सूचना पर 172 पेटी अंग्रेजी शराब के साथ एक आयशर ट्रक व चालक को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। मिली जानकारी के अनुसार एसपी को गुप्त सूचना मिली कि ट्रक में छुपाकर अवैध शराब छतीसगढ़ से रायडीह की ओर आ रही है। जिसको लेकर एसडीपीओ चैनपुर के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। गठित टीम के द्वारा थाना क्षेत्र के भलमंडा के पास वाहन चेकिंग लगाया गया। रात्रि लगभग 8 बजे ट्रक यूपी 22 बीटी 2910 को रोकने का इशारा किया गया। लेकिन ट्रक चालक गाड़ी को भगाने लगा तो पीछा कर बक्सपुर के पास ट्रक को पकड़ा गया। पुलिस ने ट्रक की जांच की तो ट्रक के डाला फर्स में बॉक्स बनाकर छिपाया गया शराब बरामद किया गया। छापामारी अभियान में एसडीपीओ चैनपुर ललित मीणा, पुलिस निरीक्षक चैनपुर महेंद्र करमाली, थाना प्रभारी रायडीह कुंदन कुमार सिंह, पुअनि सूरज टोप्पो, सअनि धनंजय कुमार सिंह, सैट के जवान शामिल थे।

## पेंशन की कोई समस्या हो तो आकर मिले होगा समाधानः प्रदीप टोप्पो

### जिला पेंशनर समाज की बैठक संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता



बैठक में कोषागार पदाधिकारी प्रदीप कुमार टोप्पो को सम्मानित करते पेंशनर समाज के पदाधिकारी।

गुमला। जिला पेंशनर समाज की बैठक समाज के अध्यक्ष तेजपाल राम की अध्यक्षता में हुई। बैठक के प्रारंभ में समाज की आर्थिक सुदृढ़ता पर चर्चा किया गया। सचिव महावीर प्रसाद मिश्र के द्वारा बताया गया कि किसी भी संगठन के सुचारु संचालन के लिए आर्थिक दृष्टि से संबल होना नितांत है। विचारोपरांत अगले माह से समाज के सदस्यता शुल्क में मामूली बढ़ोतरी करने का निर्णय लिया गया। समाज के आमंत्रण पर बैठक में गुमला के कोषागार पदाधिकारी प्रदीप कुमार टोप्पो विशेष रूप से उपस्थित थे। उन्हें समाज के पदाधिकारियों द्वारा अंगवस्त्र ओढ़ा कर सम्मानित किया गया। अपने उदबोधन में उन्होंने कहा कि इस जिले का पेंशनर समाज काफी सक्रिय है तथा पदाधिकारी पेंशनरों के हित में कार्य करने की दिशा में सदैव तत्पर रहते हैं। उन्होंने यह भी आश्वस्त किया कि कोषागार स्तर पर किसी भी पेंशनर या पारिवारिक पेंशनधारकों को कोई परेशानी हो तो मुझसे कभी भी मिल सकते हैं। उनके कठिनाइयों का निवारण करने का उनके स्तर से प्रयास किया जायेगा। बैठक में कोषागार पदाधिकारी का सानिध्य पाकर पेंशनधारकों में हर्ष देखा गया। बैठक में पेंशनधारी शिव प्रसाद चौधरी, कर्मा खड़िया, वृंदावन मिश्र तथा बैद्यनाथ सिंह द्वारा समाज का सदस्यता ग्रहण किया गया। धन्यवाद ज्ञापन पेंशनर समाज के वरीय सदस्य गौरी प्रसाद के द्वारा किया गया। बैठक में महेश प्रसाद गुप्ता, डोमन राम, सुरेन्द्र खड़िया, श्यामा नंदन महतो, मोहन महतो, विश्वनाथ साहु, श्यामा सुंदर सिंह, जितिया उरांव, जगतपाल भगत, सदाशिव नन्द, परमानंद भीमकूल, एस पी केरकेट्टा, चन्द्र नाथ प्रसाद, वृंदावन मिश्र, गुलाब सिंह तथा मीडिया प्रभारी द्वारिका मिश्र सुमन उपस्थित थे।

## लोहरदगा : वेलनेश समृद्धि सेंटर का हुआ उद्घाटन, आम व खास सभी को मिलेगा लाभ

खबर मन्त्र संवाददाता



केरो। प्रखंड मुख्यालय के उत्का में बुधवार को वेलनेस समृद्धि सेंटर का उद्घाटन विधिवत पूजा अर्चना कर व स्थानिए पशु चिकित्सक सह समाजसेवी रामप्रसाद यादव व लीडर राहुल कुमार सहित अतिथियों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर राहुल कुमार ने कहा कि आज के समय में जहाँ एक तरफ रासायनिक खाद के प्रयोग व प्रदूषित वातावरण के कारण लोग बीपी, सुगर, कैंसर, हार्ट, बवासीर, अस्थमा सहित कई बीमारियों से गुजर रहे हैं और ऐसे में लाखों खर्च के बाद भी पूरी तरह न तो ठिक हो पा रहे हैं न ही इलाज के लिए पैसा की व्यवस्था हो पाती है। ऐसे में वेलनेश समृद्धि के आयुर्वेदिक रूप से तैयार दवाई व फूड सप्लीमेंट के प्रयोग कर लोग स्वस्थ रहेंगे, कई तरह की पुरानी से पुरानी बीमारी ठीक हो रही है वहीं बेरोजगार युवक युवतियों को आर्थिक उत्थान के लिए एक मौका भी दे रही है। मौके पर डायनेमिक लीडर राहुल कुमार, संचालक संभु तिवारी, रामप्रसाद यादव, आदित्य यादव, बलराम केवट, किरण देवी, मुन्ना राम, सुषमा संतोषी खाखा, एलिस लकड़ा सहित कई लोग मौजूद थे।

## झारखंड ऑफिसर टीचर एंप्लॉय फेडरेशन गुमला के नेतृत्व में शिक्षकों ने किया प्रदर्शन

### अपनी मांगों को लेकर सीएम व सीएस के नाम बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

खबर मन्त्र संवाददाता



गुमला। झारखंड ऑफिसर टीचर एंप्लॉय फेडरेशन गुमला के नेतृत्व में शिक्षकों ने अपनी तीन प्राथमिक मांगों के साथ 11 सूत्री मांगों को लेकर बुधवार को चरणबद्ध आंदोलन के दूसरे चरण में बीडीओ के माध्यम से सीएम एवं मुख्य सचिव झारखंड सरकार को ज्ञापन सौंपा गया। झारखंड राज्य के सभी सरकारी कर्मचारियों के तीन सूत्री मांग जिसमें शिक्षकों को एमएसीपी, शिशु शिक्षण भत्ता एवं सेवानिवृति आयु 62 वर्ष किए जाने हेतु गुमला जिला अंतर्गत चार प्रखंड रायडीह, चैनपुर, डुमरी और अल्बर्ट एक्का जारी में बीडीओ को मुख्य सचिव और मुख्यमंत्री के अवर सचिव के नाम ज्ञापन सौंपा गया। वहीं उपरोक्त मांग हेतु ध्यानाकर्षण रैली व प्रदर्शन भी किया गया। कार्यक्रम में सभी कर्मचारियों ने एक स्वर में कहा कि वर्तमान सरकार के घोषणा पत्र में अंकित वादों को याद करने हेतु ये कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जिसमें प्रखंड में कार्यरत सभी कर्मचारियों के द्वारा किए गए हस्ताक्षर को संलग्न कर झारखंड सरकार से अविलंब इसे लागू करने की मांग की गई। जिला इकाई गुमला के सचिव हरेंद्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि 4 प्रखंडों में यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। 11 अप्रैल को अन्य 5 प्रखंड घाघरा, बिशुनपुर, पालकोट, बसिया व कामडारा तथा 23 अप्रैल को सदर प्रखंड गुमला, सिसई व भरनो में आयोजित किया जाएगा। आंदोलन के अगले चरण में हस्ताक्षर सहित ज्ञापन सत्ताधारी दल के विधायकों को सौंपा जाएगा।

### लोहरदगा : सांसद के निर्देश का भी किया जा रहा है खुलेआम उल्लंघन

## संवेदक की लापरवाही से कंडरा पुल निर्माण का कार्य तीन साल से लंबित

खबर मन्त्र संवाददाता

**निर्देशों का पालन नहीं कर रहे एनएचआई के अधिकारी व संवेदक**

जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में भी इस मुद्दे को उठाया गया था। जहां संवेदक और अधिकारियों को सांसद सुखदेव भगत ने खास निर्देश देते हुए कहा था कि जल्द से जल्द पुल का निर्माण पूरा करे और जबतक पुल निर्माण नहीं हो जाता है तब तक प्रतिदिन डायवर्शन में पानी पटवन किया जाए। लेकिन सांसद के निर्देशों का भी उल्लंघन करते हुए संवेदक और एनएचआई के अधिकारी नजर आ रहे है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि पानी का पटवन नहीं किया जा रहा है। और कार्य में भी तेजी नहीं दिख रही है। ऐसे में आम लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है।



डायवर्शन में उड़ता धूल।

लोहरदगा। जिले के सेन्हा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत लोहरदगा गुमला मुख्य मार्ग एन एच 143 ए पर संवेदक के लापरवाही से कंडरा पुल निर्माण का कार्य पिछले 3 साल से चल रहा है। सड़क चौड़ीकरण और पुल निर्माण का कार्य एन एच आई के देख रेख में संवेदक वी के एस इंफ्राटेक्कर प्राइवेट लिमिटेड द्वारा कराया जा रहा है लेकिन विभागीय उदासीनता और संवेदक की लापरवाही के कारण 3 साल से ज्यादा का समय बीत जाने के बाद भी पुल निर्माण का कार्य पूरा नहीं हो सका है। पुल निर्माण कार्य पूरा नहीं होने के कारण डायवर्सन और पगडंडी पर बड़ी और छोटी गाड़ियां चलती है। वही कई बार डायवर्शन के कारण दुर्घटना भी हुई है जिसमें कई लोगों की अबतक जान भी जा चुकी है। वही बरसात के मौसम में डायवर्शन के बहने और पानी भरने से लोहरदगा गुमला और नेतरहाट जाने का मार्ग पूरी तरह बाधित हो जाता है। तय समय सीमा समाप्त होने के बाद भी अब तक पुल निर्माण का कार्य पूरा नहीं हो सका है जिससे आम लोगो की परेशानी बढ़ने लगी है डायवर्शन में बढ़ते धूल कण से लोगो को आवागमन करने में काफी परेशानी होती है। संवेदक के उदासीनता व धीमी निर्माण से ग्रामीण परेशान है ग्रामीणों ने कई बार निर्माण कार्य पूरा कराने को लेकर लिखित आवेदन भी दिया है। ग्रामीणों ने बताया पुल निर्माण कर रही कंपनी द्वारा मनमाने ढंग से कार्य किया जाता है। जिस कारण से कार्य धीमी हो रही है। वही एन एच आई के अधिकारी इस बारे में चुप्पी साध लेते है।

### आरम्भ आर्य फाउंडेशन ने किया विशाल भंडारे का आयोजन

मेदिनीनगर। रामनवमी के अवसर पर आरम्भ आर्य फाउंडेशन के द्वारा शहर के छह मुहान चौक पर देर रात तक भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे की शुरुआत संस्था के सदस्यों ने एक दूसरे को पगड़ी बांध कर एवं भंडारे का प्रसाद को बगल के मन्दिरों में भोग लगाकर किया। दूरदराज से आये हजारों भक्तों ने पंक्तिबद्ध होकर प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे में स्वादिष्ट भोजनों में हलवा, पुरी, चने की सब्जी, नींबू मसालेदार चाय, बिस्किट का वितरण देर रात तक होता रहा। मौके पर अतिथियों में रामनवमी पूजा महासमिति के जेनरल युगल किशोर, व्यवसायी प्रभात कुमार अग्रवाल, ब्रजेश शुक्ला, पंकज श्रीवास्तव, शीला श्रीवास्तव, शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार, मजदूर नेता राकेश कुमार सिंह सहित अन्य कई गणमान्य लोग भंडारे स्थल पर पहुंच कर भंडारे के प्रसाद को ग्रहण किया। इस अवसर पर संस्था के संस्थापक अमन पाण्डेय, शुभम प्रसाद, राजा शर्मा, रितेश कुमार, संजय भूषण, धीरज अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, रितेश, श्रीदेव उपाध्याय, प्रियांशु सिंह, प्रियांशु मिश्रा, सौरभ गोयल, सचिन मिश्रा, राहुल कुमार, प्रतीक प्रसाद जौहरी, प्रवीण मिश्रा, तरुण चौबे, आनंद गुप्ता, चंद्रकांत सिंह, मानस मिश्रा, शशांक शेखर, शशिकांत अग्रवाल, आर्यन, रेलकर्मी मनीष मिश्रा, एवं संस्था के सभी पदाधिकारीगण, सदस्यगण उपस्थित थे।

## पालकोट पुलिस ने भारी मात्रा में गांजा किया बरामद

**पुलिस को देखते ही एक युवक जंगल के सहारे भागने में रहा कामयाब, पुलिस ने ऑटो को किया जब्त**

खबर मन्त्र संवाददाता



गुमला। पालकोट पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर भारी मात्रा में गांजे के साथ एक किशोर को निरूद्ध किया गया है। जबकि एक युवक भागने में सफल रहा है। पुलिस ने गांजा लेकर आ रहे ऑटो, निरूद्ध किशोर के पास से दो सौ रूपया, एक मोबाईल बरामद किया है। इस संबंध में डीएसपी वीरेंद्र टोप्पो ने पालकोट थाना में प्रेस कान्फ्रेंस करते हुए बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि सिमडेगा की ओर से एक ऑटो में कुछ लोग गांजा लेकर सासाराम बिहार जा रहे हैं। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए सअनि प्रमोद कुमार व सशस्त्र बल के मदद से पालकोट चौक टंगरा के समीप मुख्य मार्ग पर वाहन चेकिंग लगाया गया। इसी दौरान लगभग पौने दो बजे एक ऑटो पालकोट चौक टंगरा की ओर आते दिखा। पुलिस ने जब ऑटो को रोकने का प्रयास किया तो उसमे सवार एक युवक कूदकर जंगलों के सहारे भाग निकला। पुलिस ने ऑटो को रोका तो वाहन चला रहा किशोर घबरा गया। चालक से उसका नाम पूछने पर उसने सासाराम बिहारी निवासी अपना नाम बताया। वहीं ऑटो की तलाशी के क्रम में 25 पैकेट गांजा सेलो टेप पर लपेटा हुआ बरामद किया गया। छापामारी में डीएसपी मुख्यालय वीरेंद्र टोप्पो, थाना प्रभारी पालकोट राहुल कुमार दसौंधी, पुअनि सूबेदार कुमार यादव, रामपुकार बैठा एवं सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### कांग्रेस महिला जिलाध्यक्ष ने गढसारू का किया दौरा, पर्यटन स्थल के विकास की मांग की



गढसारू पर्यटन स्थल पर लोगों के साथ अमृता भगत।

गुमला। महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष अमृता भगत ने गुमला सदर प्रखंड के तेलगांव पंचायत के ग्राम गढसारू के पहाड़ी बाबा महादेव मंदिर को दर्शनीय स्थल बनाने के लिए पहल किया और ग्रामीणों से जाकर मुलाकात की। अमृता भगत ने कहा कि अत्यंत दुर्गम वन क्षेत्र में यह दर्शनीय पर्यटक स्थल है। सड़क नहीं है। ग्रामीण विकास विभाग द्वारा सड़क बनाने की मांग की ताकि श्रद्धालु सुगमता से वहां तक पहुंच पाएं। साथ ही बिजली एवं पानी की व्यवस्थ करने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि गढ़सारू को दर्शनीय पर्यटन स्थल घोषित हो जाने से गुमला जिला का नाम रोशन होगा। झारखंड सरकार से इसके लिए अनुरोध किया जाएगा।

### पड़हा व्यवस्था पर कार्यशाला संपन्न

गुमला। रोहतास नगर गुमला में मूली पड़हा गुमला की पड़हा व्यवस्था पर एक दिवसीय कार्यशाला संपन्न हुई। कार्यशाला में पड़हा के महत्व व उरांव बहुल क्षेत्र में पड़हा क्यों जरूरी है इसपर चर्चा की गई। प्रशिक्षक सुशील उरांव ने पड़हा व्यवस्था पर लोगों को जानकारी दी। इस अवसर पर कोटवार राजी पड़हा भारत खुदी भगत दुखी, बेल राजी पड़हा भारत विश्वनाथ राव, दीवान पादा पड़हा झारखंड, बेल मूली पड़हा गुमला देवराम भगत, दीवान चुईंया कुजूर, उप दीवान सोनो मिंज, कोटवार फुलमनी उरांव, उप कोटवार पुष्पा उरांव, परामर्शदात्री सदस्य राजबेल उरांव, राजू उरांव, शांति मिंज आदि उपस्थित थे।

### आवास निर्माण कार्य में तेजी लाए: बीडीओ

कैरो। बीडीओ छंदा भट्टाचार्य की अध्यक्षता में बुधवार को समीक्षा बैठक किया गया। जिसमें आवास निर्माण की स्थिति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया की पुराने व नए सभी तरह के आवास निर्माण में गति लाते हुए जल्द पूर्ण करते अभी अभिलेख बंद करें। अन्य विकास योजनाओं में निगरानी रखते हुए कार्यो में गति लाएं साथ ही प्राथमिकता के आधार पर मनरेगा से जुड़ी योजनाओं को भी संचालित करें। बैठक में अधिश खाखा, आनंद सिंह, जग्गू उरांव, परवेज अख्तर, पंचम एतवा पहान सहित प्रखंड कर्मी मौजूद थे।

## जंगल में आग की घटना बढ़ने से पेड़ पौधों के साथ वन्य जीवों पर भी संकट मंडराया

खबर मन्त्र संवाददाता



लोहरदगा। जिले में गर्मी शुरू होते ही जंगलों में आग की घटना बढ़ गई है। जंगलों में आग लगने से जंगली जीवजन्तु के लिए संकट पैदा हो गई है। जिले के विभिन्न जंगलों में कभी महुआ चुनने के लिए तो कभी लोगों के लापरवाही से आग लगने की घटना हो रही है। जिसे रोकने के लिए वन विभाग द्वारा अभियान भी चलाया जाता है फिर भी इस पर पूरी तरह रोक लगाने में विभाग असफल रहा है। लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के अरु जंगल में भीषण आग लगी है जिसके सूचना वन विभाग को मिलते ही जंगल पहुंच वन कर्मियों एवं वन समिति द्वारा आग पर काबू पाने की कोशिश की जा रही है। आग लगने से सभी जीव जन्तु के लिए संकट मंडरा रहा है साथ ही जंगल में आग लगने के कारण वन संपदा सहित कई छोटे व बड़े पेड़ जल कर बर्बाद हो गए है। ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया जा रहा है।

वही डीएफओ ने आगलगी पर कहा कि ये लोगो के द्वारा लगाया जा रहा है जो धीरे धीरे विकराल रूप ले लेता है वन विभाग की टीम वन समितियों से संपर्क आग बुझाने का कार्य कर रही है साथ ही किसके द्वारा आग लगाई जा रही है उसकी भी जांच की जा रही है। उन्होंने लोगों से अपील की है जंगलों में आग न लगाए जंगल सबकी संपत्ति है। इसे संरक्षित करना सबका दायित्व है।

### बाजार व्यवसायी एकता मंच ने यातायात प्रभारी को किया सम्मानित

मेदिनीनगर। बाजार व्यवसायी एकता मंच द्वारा झंडा चौक के समीप सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें यातायात प्रभारी समाल अहमद को अंगवस्त्र व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। मौके पर मंच के अध्यक्ष धीरज गुप्ता ने कहा कि नगर निगम का मुख्य बाजार जिला का केंद्र बिंदू होता है। जहां पर जिले के सभी प्रखंड गांव के लोग पर्व त्योहार में पूजा पाठ का सामग्री एवं अन्य वस्तुओं की खरीदारी के लिए आते हैं। ऐसे महान पर्व रामनवमी में यातायात प्रभारी के द्वारा वाहनों की जो व्यवस्था की गई है उससे शहर के व्यवसायी व ग्रामीण क्षेत्र के लोग भी राहत का सांस लिया। ऐसे प्रशंसनीय कार्य यातायात प्रभारी के द्वारा किया गया है। मौके पर यातायात प्रभारी समाल अहमद ने मंच के लोगों को शुक्रिया अदा करते हुए कहा कि विभाग के वरीय पदाधिकारियों के निर्देश व सहयोग से यातायात को सुलभ बनाया गया है। मेरा प्रयास रहता है कि किसी भी वाहन चलानेवाले लोगों को या व्यवसाय करनेवाले लोगों को किसी प्रकार की यातायात से परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। उन्होंने मंच के लोगों से अपील करते हुए कहा कि आप सभी मुझे साथ दें मैं सुगम व्यवस्था दूंगा। अहमद ने व्यवसायियों से आग्रह करते हुए कहा कि बाजार क्षेत्र के सभी सड़कों पर उजला पट्टी जो लगाया गया है व्यवसायी उसके अंदर ही रहकर व्यवसाय करें या वाहन लगायें। मौके पर टिवंकल गुप्ता, टीके बोराल, सुभम चंद्रवंशी, विजय प्रसाद, चंदन केसरी, संजय, उमेश गुप्ता, अंकित, सौरभ, मोती गुप्ता, अनमोल सिन्हा, दीपक सिंह, विजय समेत कई लोग शामिल थे।

## संगठन में नये लोगों को जोड़े और पुराने कार्यकर्ताओं को मान सम्मान दें: चैतु उरांव

खबर मन्त्र संवाददाता

### प्रखंड कांग्रेस कमिटी कामडारा की बैठक संपन्न



गुमला। कामडारा प्रखंड कांग्रेस कमिटी की बैठक किसान भवन कामडारा में संगठन सृजन मंथन के तहत प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष अजीत केरकेट्टा की अध्यक्षता में हुई।

बैठक में गुमला जिला अध्यक्ष चैतु उरांव एवं कामडारा प्रखंड पर्यवेक्षक फिरोज आलम, रामनिवास प्रसाद मुख्य रूप से उपस्थित थे। गुमला जिला अध्यक्ष चैतु उरांव ने कहा कि जिला के तमाम प्रखंड में मजबूती के साथ संगठन का कार्य चल रहा है। प्रखंड एवं पंचायत में नये व्यक्ति को संगठन में जोड़ें एवं पुराने कार्यकर्ताओं को मान सम्मान देने का कार्य करें ताकि संगठन को और भी मजबूती मिले। कामडारा प्रखंड प्रभारी फिरोज आलम ने कहा कि मल्लिकार्जुन खड़गे एवं राहुल गांधी के रास्तों पर चलते हुए गांव गांव पंचायत एवं बूथ स्तर को मजबूत करने के लिए आज यहां सभी उपस्थित हुए हैं। प्रखंड प्रभारी का दायित्व मिला है सिर्फ प्रखंड में बैठक करने के लिए नहीं बल्कि प्रखंड अध्यक्ष को लेकर दसों पंचायत का दौरा कर संगठन को मजबूत बनाने एवं बूथ का दौरा कर गुमला जिला अध्यक्ष को कामडारा प्रखंड का रिपोर्ट सौंपने का काम करेंगे। बैठक में कामडारा प्रखंड उपाध्यक्ष देवनूश टोपनो, वरिष्ठ कांग्रेसी अजीत गुड़िया, प्रखंड महासचिव अश्विनी नाग, प्रखंड सचिव जैस्मिता केरकेट्टा, साले गुटू पंचायत अध्यक्ष सागेन सुरीन, सुरू पंचायत अध्यक्ष मूनू रेन बरला, रामपुर पंचायत अध्यक्ष जॉर्ज सोरेन, कामडारा पंचायत अध्यक्ष मतयस टोपनो, एस सी प्रखंड अध्यक्ष अखिलेश्वर राम, युवा प्रखंड अध्यक्ष विष्णु बडाईक, महिला प्रखंड अध्यक्ष यशोदा देवी, दुरुंडू पंचायत अध्यक्ष पुनीत राज, रामतोल्या पंचायत अध्यक्ष ईश्वरीय टोपनो, रेडवा पंचायत अध्यक्ष निराला, मंडल अध्यक्ष एवं जिला से लेकर प्रखंड पदाधिकारी उपस्थित थे।

### नवीन तिवारी बने खुला मंच व्हाट्स अप ग्रुप के प्रवक्ता सह मिडिया प्रभारी

मेदिनीनगर। खुला मंच व्हाट्स अप ग्रुप द्वारा नवीन तिवारी को प्रवक्ता सह मिडिया प्रभारी बनाया गया है। इस आशय की जानकारी देते हुए खुला मंच व्हाट्सएप ग्रुप के एडमिन रजनीश सिंह, अध्यक्ष नवदीप सिंह ऋषि, कोषाध्यक्ष राहुल मिश्रा व सह कोषाध्यक्ष रितेश कुमार टिंकू ने बताया कि खुला मंच व्हाट्सएप ग्रुप का सामाजिक कार्य में लगातार सक्रियता बना रहता है। ऐसे में मंच के द्वारा नवीन तिवारी को प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी बनाने का निर्णय लिया गया है। तिवारी के मनोनयन के पश्चात मंच के अध्यक्ष नवदीप सिंह ऋषि, कोषाध्यक्ष राहुल मिश्रा सह कोषाध्यक्ष रितेश कुमार टिंकू, अमर सहाय, प्रभात अग्रवाल, चंदन पाल सिंह ने पगड़ीपोशी व माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस दौरान मंच के नवनियुक्त प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी नवीन तिवारी ने मंच के सभी पदाधिकारियों व सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे मंच से मिले दायित्व को बखुबी निभाने की कोशिश करेंगे। तिवारी के मनोनयन के बाद मंच के सदस्य मनोज सिंह, सोनु सिंह नामधारी, अविनाश देव, लाल बाबू, अमीत कुमार सिंह (मिनी सिंह), बिल्लू सिंह, टिवंकल गुप्ता, डॉ विनित सिंह, डॉ राजेश मालवा, विनित सिंह, अरविंद अग्रवाल, विजय प्रसाद, अमर सहाय, अमीत सिन्हा, गुरवीर सिंह गोलू, हिमांशु शेखर, नीरज राज, प्रभात अग्रवाल, राजेश गुप्ता, नवीन शरण, नीतिन आलोक, विमल पाण्डेय, आनंद मोहन, मन्नत सिंह बग्गा, अनिमेष सिंह, मुकेश सिंह, छोटू त्रिपाठी आदि मौजूद थे।

## गुमला : हाथी के हमले में जख्मी व्यक्ति से मिले कांग्रेसी नेता, मदद का दिया भरोसा

**डीएफओ से वार्ता कर मुआवजा देने व इलाज में सहायता की अपील की**

खबर मन्त्र संवाददाता



हाथी के हमले में घायल व्यक्ति से मिलने पहुंचे कांग्रेसी।

गुमला। कांग्रेस नेता मुख्तार आलम ने हाथी के हमले में घायल मरीज से मुलाकात कर उसे मदद करने का पूरा भरोसा दिया। मुख्तार आलम ने कहा कि जारी प्रखंड के जर्मना निवासी अरविंद सिंह एक सप्ताह पूर्व अपने घर से निकलकर अपने खेत में काम कर रहे थे। इसी दौरान एक जंगली हाथी ने अरविंद सिंह के ऊपर जानलेवा हमला कर दिया। हाथी ने अरविंद सिंह को उठाकर कई बार पटकते हुए अपने पांव से कुचलने का प्रयास किया। परंतु इसी दौरान आसपास के कई ग्रामीण इकट्ठे हो गए। ग्रामीणों ने अरविंद सिंह को हाथी के कब्जे से निकालने हेतु कई हथकंडे अपनाएं। उसके बाद अरविंद सिंह को हाथी के कब्जे से जिंदा बचाकर निकाला गया। उसके बाद अरविंद सिंह के परिवार वालों ने उसे तेज ऑर्थोपेडिक अस्पताल करौंदी में एडमिट कराया है ,अरविंद सिंह की स्थिति बहुत दैनिय हैं ,हाथ पांव और गर्दन की हड्डी टूट चुकी है। डॉक्टर ने सर्जरी करने की बात कही है। इसकी जानकारी प्राप्त होने के बाद मुख्तार आलम ने अपने टीम के सदस्यों के साथ अस्पताल पहुंचकर मरीज से मिला और पूरी समस्याओं से अवगत हुआ। उसके बाद मुख्तार आलम ने गुमला वन प्रमंडल पदाधिकारी बेलाल अहमद से फोन पर वातार्लाप करके सभी घटना की जानकारी देते हुए विभाग द्वारा मरीज का इलाज करवाने एवं मुआवजा राशि देने की बात कही, वन प्रमंडल पदाधिकारी ने इस मामले को संज्ञान में लेते हुए अफसोस जताया और कहा कि विभाग द्वारा मरीज को हर संभव मदद किया जाएगा। साथ ही साथ मुआवजा राशि भी दी जाएगी। इस अवसर पर कामगार नगर अध्यक्ष अनायत सह, कामगार जिला सचिव विलयम लुगुन, राजा पठान और मो लक्की उपस्थित थे।

**चुनावी वादों में उलझी विकास की उम्मीदें : शिलान्यास के छह वर्ष बाद भी नहीं शुरू हुई मंडल डैम परियोजना**

# शिलान्यास से आगे नहीं बढ़ीं योजनाएं

दीपक राज

**बरवाडीह।** चतरा संसदीय क्षेत्र में बहुप्रतीक्षित विकास परियोजनाएं आज भी अधर में लटकी हैं। मंडल डैम और बरवाडीह से अंबिकापुर होते हुए चिरमिरी तक रेल लाइन परियोजना वर्षों से केवल वादों और घोषणाओं तक सीमित रह गई हैं। शिलान्यास के छह साल बाद भी जमीन पर एक ईंट तक नहीं रखी गई है, जिससे जनता में नाराजगी बढ़ती जा रही है। अब ये अधूरी योजनाएं चुनावी बहस का केंद्र बन गई हैं और सरकार की कार्यशैली पर सवाल उठाए जा रहे हैं।



मण्डल डैम।

### मंडल डैम : छह वर्षों से अधूरी संजीवनी, प्रतीक्षारत विकास

वर्ष 2019 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मंडल डैम परियोजना का शिलान्यास किया गया था। यह बहुउद्देशीय परियोजना पलामू और लातेहार जैसे सूखा प्रभावित जिलों के लिए वरदान मानी जा रही थी, जिससे सिंचाई, पेयजल और जल विद्युत उत्पादन की सुविधा मिलती। लेकिन छह साल गुजरने के बाद भी परियोजना का निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया है। स्थानीय किसानों और ग्रामीणों का कहना है कि वर्ष 2005 से लगातार हर चुनाव में इस डैम के निर्माण का वादा दोहराया जाता है, लेकिन जमीनी हकीकत जस की तस बनी हुई है। परियोजना की देरी से कृषि उत्पादन पर असर पड़ रहा है, साथ ही विस्थापन और पुनर्वास की योजना को लेकर भी गहरी अनिश्चितता बनी हुई है।

### चिरमिरी रेल लाइन: अधूरा सपना, अधूरी योजना

बरवाडीह से अंबिकापुर होते हुए चिरमिरी तक प्रस्तावित रेल लाइन परियोजना क्षेत्रीय विकास की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जा रही थी। यह रेल लाइन लातेहार और पलामू को मुंबई से जोड़ते हुए यात्रा दूरी में लगभग 400 किलोमीटर की कमी ला सकती थी। इसके माध्यम से न केवल यात्री सुविधाओं में बढ़ोत्तरी होती, बल्कि स्थानीय व्यापार और उद्योगों को भी नई उड़ान मिलती। हालांकि, रेल मंत्रालय द्वारा इसकी घोषणा कई वर्ष पहले की जा चुकी है, लेकिन परियोजना की प्रगति शून्य है। स्थानीय लोग और जनप्रतिनिधि सवाल उठा रहे हैं कि क्या यह परियोजना भी चुनावी घोषणाओं का हिस्सा भर थी?

### विपक्ष का आरोप, जनता की नाराजगी

विपक्षी दल इन अधूरी परियोजनाओं को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साध रहे हैं। विपक्ष का कहना है कि सरकार ने केवल शिलान्यास कर फोटो ऑप किया, लेकिन कार्यान्वयन को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। वहीं जनता भी अब वादों से नहीं, काम के आधार पर विश्वास करना चाहती है।

### जनता की उम्मीदें अधूरी

मंडल डैम और चिरमिरी रेल परियोजना जैसे अधूरे सपने लातेहार जैसे पिछड़े जिले के विकास की रीढ़ बन सकते थे। लेकिन सरकार की निष्क्रियता और वर्षों की प्रतीक्षा ने इन योजनाओं को मात्र चुनावी मुद्दा बनाकर छोड़ दिया है। अब देखने वाली बात यह होगी कि जनता इन अधूरी उम्मीदों का जवाब किस रूप में देती है।

**मनिका प्रखंड का सांसद कालीचरण सिंह ने किया भ्रमण**

# जनता व कार्यकर्ताओं ने कराया कई समस्याओं से अवगत

- कांग्रेसी नेता ने केंद्रीय विद्यालय खुलवाने व बंद पानी टंकी को चालू करवाने का किया मांग

खबर मन्त्र संवाददाता

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय स्थित अमरेंद्र यादव के आवास पर दिन बुधवार को चतरा लोकसभा सांसद कालीचरण सिंह का आगमन हुआ। जहां पर भाजपाइयों ने सांसद श्री सिंह को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। जिसके उपरांत सांसद श्री सिंह का आगमन भाजयुमो जिला अध्यक्ष छोटू राजा के घर पर हुआ वहां पर भी कार्यकताओं के द्वारा उनका भव्य तरीके से स्वागत किया गया। वहीं सांसद श्री सिंह के समक्ष कांग्रेस लातेहार जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र पासवान के द्वारा मनिका प्रखंड में केंद्रीय विद्यालय खुलवाने और कई



सांसद से वार्ता करते कार्यकर्ता।

वर्षों से बंद पड़े पानी टंकी को सुचारू रूप से चालू करवाने की मांग किया है।

साथ ही कार्यकर्ताओं ने पंचायत स्तर पर ज्ञान केंद्र में आपूर्ति किया गया समान में भारी अनियमितता करने का आरोप लगाया,जिस पर सांसद श्री सिंह के द्वारा विभागीय पदाधिकारी को ज्ञान केंद्र में आपूर्ति किया गया सामान के बारे में पूछताछ किया गया। वहीं सांसद सिंह ने कहा कि अनियमितता किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मौके पर मंडल अध्यक्ष मनदीप कुमार, कौशल किशोर प्रसाद, शंकर दुबे, धर्मजीत राय, सेठा यादव, विकास तिवारी, मनोज यादव, अजय गुप्ता, सत्यनारायण प्रसाद, समेत कई लोग उपस्थित थे।

## बारियातू प्रखंड में एसएलआरएम का बैठक संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता

**बारियातू।** प्रखंड कार्यालय सभागार परिसर मे बुधवार को एसआरएलएम बैठक की गई। बैठक का अध्यक्षता बीपीएम जेएसएलपीएस मुजिबुल आरफीन ने की। इस बैठक में मास्टर ट्रेनर, वर्कर श्रेणी के सदस्य, वाश कोडिनेटर तथा सामुदायिक समन्वयक की उपस्थिति रही। बैठक का उद्देश्य समन्वित प्रयासों के माध्यम से योजना क्रियान्वयन की समीक्षा करना एवं आगामी कार्यों की रूपरेखा तैयार करना। बैठक के मुख्य विषय प्रतिभागियों की उपस्थिति,मास्टर ट्रेनर के कार्य की समीक्षा,आगामी कार्य योजना के लिए टीम गठन पर चर्चा (ट्रैक)प्रतिभागियों मे प्रखंड के कुल 23 मास्टर ट्रेनरों में से 19 मास्टर ट्रेनर बैठक में उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त कुल 36 वर्कर श्रेणी के सदस्यों में से 12 सदस्य भी बैठक में शामिल हुए। मास्टर ट्रेनर के कार्य पर समीक्षा मे उपस्थित वाश



कोऑर्डिनेटर निरंजन कुमार द्वारा यह जानकारी दी गई। सभी मास्टर ट्रेनरों को समयबद् रूप से अपना सर्वेक्षण कार्य पूरा करने की बात कही। प्रत्येक गांव में कितने परिवारों का सर्वे शेष है इसकी सटीक जानकारी तीन दिनों के अंदर देने का निर्देश दिया गया। तीन दिनों के अंदर सभी मास्टर ट्रेनर अपना सर्वे पूर्ण करें।आगामी कार्य योजना पर चर्चा किया गया की सभी प्रतिभागियों को निर्देशित किया गया। अपने-अपने कार्य क्षेत्र में योजनाबद्ध तरीके से गतिविधियाँ संचालित करें। विशेष ध्यान इस बात पर दिया गया। समुदाय स्तर पर जागरूकता और योजना क्रियान्वयन सुनिश्चित हो।टीम गठन मे यह निर्णय लिया गया कि मास्टर ट्रेनर अपने गांव में टीमों का गठन करेंगे। प्रत्येक टीम को सर्वे कार्य, लाभुकों की पहचान (जैसेः वृद्ध, विधवा, दिव्यांग आदि) और डाटा संकलन का दायित्व सौंपा जाएगा। प्रत्येक सदस्य की भूमिका स्पष्ट रूप से तय की जाएगी ताकि कार्यों में कोई बाधा न आए। प्रतिभागियों को उनके कार्य के प्रति जागरूक और उत्तरदायी रहने के लिए प्रेरित किया गया। बीपीएम द्वारा धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया और यह अपेक्षा जताई गई कि सभी सदस्य निर्धारित समय पर कार्यों को पूर्ण करेंगे और शासन की योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाने में सहयोग देंगे। मौके पर एडमिन- नितेश कुमार, सामुदायिक समन्वयक - उत्तम कुमार, मनीष कुमार, सत्येन्द्र देवी अनिल उरांव, सुमित्रा देवी मौजूद थे।

## चंदवा बस पड़ाव व हरैया बाजार एवं मेला को लेकर पुन: निकाली निविदा

- निविदा प्रक्रिया के मक्कड़ जाल के कारण कोई नहीं लगा रहे बोली

**चंदवा।** जिला परिषद विभाग की उदासीनता एवं आपसी वर्चस्व व अहम की लड़ाई के कारण विलुप्त होते हरैया पशु मेला के मुद्दे को विभिन्न अखबारों द्वारा प्रमुखता से प्रकाशित किए जाने के बाद विभाग की ओर से एक बार फिर से निविदा को लेकर सूचना जारी किया गया है, जिप उपाध्याय अनिता देवी के पहल पर निविदा जारी करते हुए 16 अप्रैल को डाक की तिथि निर्धारित की गई है। जारी निविदा में गौर करने वाली बात यह कि चैत माह में लगने वाले वार्षिक हरिया पशु मेला लगने का समय लगभग बीत जाने के बाद भी होली 2026 तक के लिए बाजार व श्रावणी मेला के साथ एकसाथ निविदा

## नशा मुक्त जीवन व्यक्ति को स्वस्थ और दीघार्यु बनने का अवसर प्रदान करता है: डॉ. फादर लियो

खबर मन्त्र संवाददाता

**महुआडांड।** संत जेवियर्स महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना समिति ने भौतिकी, गणित और अर्थशास्त्र के सहयोग व समन्वय के द्वारा बुधवार को नशा मुक्ति अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत संत जेवियर्स महाविद्यालय के एनएसएस सेल ( कॉर्डिनेटर मैक्सेंटियस कुजूर) के सहयोग से, प्राचार्य डॉ. फादर एम. के. जोश, उप प्राचार्य डॉ. फादर समीर टोप्पो , महाविद्यालय के ट्रेजरर डॉ. फादर लियो, शिक्षक प्रतिनिधि जफर इकबाल, असिस्टेंट प्रोफेसर करिश्मा कुजूर, आलिया नदीम, अजय साव, स्नेहल सोहेल की उपस्थिति में, महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने कॉलेज परिसर के बाहर बिरसा चौक से लेकर शास्त्री चौक तक नशा से मुक्त रहने के लिए लोगों को विभिन्न नारों तथा बैनर्स के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य व्यक्तियों को धूम्रपान छोड़ने और स्वस्थ जीवन शैली को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना है ताकि वे शारीरिक और मानसिक स्तर से स्वस्थ रह सकें और दीघार्यु बन सकें तथा अपना जीवन परिवार और समाज कल्याण के पीछे समर्पित कर सकें। महाविद्यालय




के प्राचार्य डॉ. फादर लियो ने अपने संदेश के दौरान कहा कि धूम्रपान मुक्त जीवन व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक, आर्थिक विकास के लिए ही नहीं बल्कि उनके जीवन को स्वस्थ और दीघार्यु बनाने में भी मदद करता है। एनएसएस सेल के कॉर्डिनेटर मैक्सेंटियस कुजूर द्वारा नशा मुक्त जीवन के महत्व और उसके उद्देश्य को उजागर किया। उन्होंने समझाया कि धूम्रपान के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए यह अभियान महाविद्यालय के द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित की जाती है, जो फेफड़े के कैंसर, हृदय रोग और श्वसन मुद्दों जैसे बीमारियों को रोके जाने हेतु आवश्यक व अनिवार्य है। अभियान का उद्देश्य धूम्रपान छोड़ने के महत्व पर जोर देना था, विशेष रूप से युवाओं के बीच, और एक धुएं से मुक्त जीवन शैली को बढ़ावा देना था। इसके लिए सभी विद्यार्थियों को को अच्छी तरह से सूचित किया गया था और अभियान में सक्रिय रूप से संलग्न होने के लिए तैयार किया गया था। इस प्रकार यह अभियान लोगों के नशा के हानिकारक प्रभावों के बारे में शिक्षित करने और उन्हें एक स्वस्थ, धुएं से मुक्त भविष्य की दिशा में सकारात्मक कदम उठाने के लिए प्रेरित करने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल थी। विद्यार्थियों के हाथों में विभिन्न बैनर और पोस्टर्स थे जिसमें अपना नहीं तो परिवार का ख्याल करो नशा छोड़कर सबका कल्याण करो जैसे अनमोल कथन थे,जो धूम्रपान छोड़ने के लिए लोगों को प्रेरित कर रहे थे। बैनर्स और नारों के साथ सक्रिय भागीदारी के माध्यम से, छात्रों ने नशा के खतरों के बारे में सफलतापूर्वक जागरूकता बढ़ाई और सभी को स्वस्थ, धूम्रपान-मुक्त जीवन जीने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कॉलेज के एनएसएस सेल के कॉर्डिनेटर तथा अन्य प्रोफेसर्स का विशेष योगदान तथा विद्यार्थियों का विशेष सहयोग रहा।

## भाजपा नेता महेंद्र साहू व विजय दुबे के पहल पर मनोरोगी को भेजा गया अस्पताल

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** भाजपा नेता महेंद्र प्रसाद साहू एवं विधायक प्रतिनिधि स्वास्थ्य विजय दुबे के सार्थक पहल पर प्रखंड के कामता पंचायत अंतर्गत चटुआग ग्राम अंतर्गत डूमरखाड़ निवासी मानसिक रोग से ग्रसित विजेंद्र गंझु पिता मकुन गंझु का उपचार केंद्रीय मनोरोग संस्थान में होगा। बुधवार को विजेंद्र गंझु को इजाल के लिए केंद्रीय मनोरोग संस्थान भेज दिया गया। बता दें कि बिजेंद्र गंझु गत 5 वर्ष से अधिक समय से मानसिक रोग से ग्रसित है, पिता मकुन गंझु के परिवार की माली हालत ठीक नहीं रहने के कारण विजेंद्र का इलाज नहीं करा पा रहे थे, गत 30 मार्च को आवेशित होने के बाद विजेंद्र गंझु ने गांव के ही राजेंद्र लोहरा की पिटाई कर दी थी, गंभीर रूप से घायल होने के बाद उसका उपचार रिम्स में चल रहा था जहां मंगलवार को राजेंद्र मौत हो गई। जिसके बाद से गांव के गम एवं डर का माहौल बन गया था। इसकी सूचना महेंद्र प्रसाद साहू को हुई तो उन्होंने तत्काल स्वास्थ्य प्रतिनिधि विजय दुबे से संपर्क किया, जिसके बाद अब



- केंद्रीय मनोरोग संस्थान में होगा विजेंद्र गंझु का उपचार
- कुछ दिनों पूर्व ही जितेंद्र के पिटाई से घायल एक ग्रामीण की हो चुकी है मौत

विजेंद्र को इलाज के लिए केंदीय मनोरोग संस्थान भेजा गया, जिससे ग्रामीणों ने राहत की सांस ली व महेंद्र साहू व विजय दुबे को साधुवाद भी दिया है।

## साईं नर्सिंग होम में लगा नि:शुल्क चिकित्सा शिविर

**चंदवा।** एनएच 39 रांची मेदिनीनगर मुख्य मार्ग किनारे स्थित चंदवा के साई नर्सिंग होम में बुधवार को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। आयोजित निःशुल्क चिकित्सा शिविर में शुगर के ढाई दर्जन मरीज चिन्हित किए गए। रांची से आए मधुमेह रोग विशेषज्ञ डा. ए चंद्रा व टीम ने निःशुल्क जांच के दौरानं शुगर के चिन्हित मरीजों को आवश्यक परामर्श दिए। नियमित योग, तनाव से बचने और पर्याप्त नींद लेने की बात कही गई। नर्सिंग होम के संचालक रोहित कुमार ने भी मरीजों को कई टिप्स दिए। मोके पर गोपाल जायसवाल, विशाल, मोनिका समेत साईं नर्सिंग होम के कर्मी और अन्य मौजूद थे।

## नेतरहाट आवासीय विद्यालय के तीन शिक्षक निलंबित

खबर मन्त्र संवाददाता

**महुआडांड।** झारखंड में प्रसिद्ध आवासीय विद्यालय नेतरहाट पिछले कुछ वर्षों से यहां के शिक्षकों की आपसी मतभेद के कारण विवाद का केंद्र बना रहा है। जिसके कारण विद्यालय के अनुशासन एवं शिक्षा स्तर पर भी इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। इन सभी को देखते हुए विद्यालय प्रबंधन ने कड़ा फैसला लेते हुए, अनुशासनहीनता एवं विद्यालय प्रबंधन के विरुद्ध कार्य करने का आरोप लगाते हुए तीन शिक्षकों राकेश कुमार, अतुल रंजन एक्का, रवि प्रकाश सिंह को विद्यालय प्रबंधन के द्वारा निलंबित कर दिया गया है ।वहीं सुरक्षा के दृष्टिकोण से नेतरहाट थाना को भी दे दी गई है। विद्यालय परिसर में किसी तरह की अप्रिय घटना न हो इसके लिए सतर्कता बरती जा रही है, जिसका प्रतिकूल प्रभाव छात्रों की पढ़ाई व अन्य क्रियाकलापों पर नहीं हो । इस संबंध में जानकारी देते हुए विद्यालय समिति के सभापति संतोष उरांव ने बताया की विद्यालय में बढ़ती गुटबाजी शिक्षकों के आपसी विवाद के बाद शिक्षकों की अनुशासनहीनता समेत कई बातें विद्यालय परिसर के बाहर तक पहुंच रही थी। इसे देखते हुए आवश्यक था की सख्त कार्रवाई की जाए। जिसके कारण ऐसे कृतियों में लिप्त तीन शिक्षकों को निलंबित किया गया है। जिनमें रसायन शास्त्र के शिक्षक रवि प्रकाश के द्वारा विद्यालय प्रशासन के नियमों के विरुद्ध प्राचार्य व सभापति को बिना अनुमति एवं सूचना के माननीय मंत्री एवं उच्चाधिकारियों से मिलना व अपने अधिकार



क्षेत्रों से विपरीत लगातार पत्राचार कर विद्यालय प्रबंधन की गरिमा को धूमिल करने का प्रयास किया गया था, जो इनके अनुशासनहीनता को प्रदर्शित किया । वही दो अन्य शिक्षक अतुल रंजन एक्का जो कला विषय के शिक्षक है एवं राकेश कुमार गणित विषय के शिक्षक दोनों के द्वारा गुटबाजी करते हुए विद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी जिनका मामला कोर्ट के अधीन है, के संबंध में लगातार सोशल मीडिया पर भ्रमित करने वाले पोस्ट डालने तथा अन्य विद्यालय विरोधी कार्य जो प्रबंधन की गरिमा को धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा था। साथ ही शिक्षक राकेश कुमार कक्षा में भी लगातार अनुपस्थित रहते थे एवं शैक्षणिक कार्यों को गौण कार्य समझते थें, जिसे देखते हुए विद्यालय प्रबंधन के द्वारा इन्हें निलंबित किया गया। इस बातचीत के दौरान सभापति संतोष उरांव ने बताया की कुछ पूर्ववर्ती छात्रों का शिक्षकों से अनावश्यक सानिध्य भी चिंता का विषय है। पूर्ववर्ती छात्र केदारनाथ लाल दास के द्वारा ठेकेदारी, विद्यालय के उपयोगी चीजों की आपूर्ति जैसे कार्यों को हासिल करने के उद्देश्य से विद्यालय प्रबंधन में कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है। जिसके लिए शिक्षकों के बीच बढ़ रही गुटबाजियों का लाभ उठाते हुए एक सुनियोजित योजना के तहत झगड़ा को और अधिक बढ़ाने का कार्य किया गया है, जिससे आज यह स्थिति उत्पन्न हुई है। पूर्व में भी इनके द्वारा लगातार विद्यालय प्राचार्य एवं सभापति पर दबाव बनाया जाता रहा है कि उनके द्वारा नियुक्त व्यक्ति को विद्यालय में निर्माण कार्यों एवं आपूर्ति का जिम्मा दिया जाए। उनके इस रवैये पर विद्यालय प्राचार्य के द्वारा पत्राचार करते हुए इन सभी मामलों में नही बढ़ाने की अपील भी की गई थी। जिन शिक्षकों को निलंबित किया गया है उनकी कार्यशैली पर विचार करने, एवं इन सब के पीछे पूर्ववर्ती छात्र के विरुद्ध भी कार्रवाई को लेकर 18 मार्च को आकस्मिक बैठक किया गया था। जिसमें कई अधिकारी शामिल थे, वहां पहुंचकर श्री केदारनाथ लाल दास के द्वारा हंगामा करते हुए कई जरूरी कागजात को भी ले जाया गया था ,जिसके विरुद्ध रांची के धुर्वा थाना में मामला भी दर्ज कराया गया है। सभापति ने बताया की लंबे समय से ऐसा माहौल बना हुआ था जिसे सुधारने के लिए कड़े फैसले लिए जा रहे हैं। जिसका असर सभी पर पड़ रहा है लेकिन उम्मीद है जल्द ही स्थिति सामान्य हो जाएगी। अगर कोई शिक्षक या कर्मचारी अपने मूल कार्यों को छोड़कर अनावश्यक कार्यों मे लिप्त पाए जाते हैं तो उनपर निश्चय ही कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

## ज्वेलर्स दुकान से दिनदहाड़े तीन लाख रुपये की ज्वेलरी की हुयी चोरी

**लातेहार।** शहर के थाना से महज 50 मीटर की दूरी में स्थित एक्सिस बैंक के पास श्री आदि लक्ष्मी ज्वेलर्स दुकान से दिनदहाड़े तीन लाख रुपये की ज्वेलरी चोरी कर फरार हो गया। दुकान प्रोपराईटर कन्हाई कुमार सोनी ने बताया कि दोपहर तकरीबन 12 बजे अपनी दुकान खोल कर दुकान के सामानों को बाहर सजा रहे थे। इस दौरान एक युवक दुकान के बाहर खड़ा उसकी सब गतिविधियों को देख रहा था। इसके बाद वह किसी को इशारा किया। इशारा करने के बाद एक युवक उसके पास आया और उसे अपनी बातों में उलझा कर मनिका जाने का रास्ता पूछने लगा। कन्हाई उसे मनिका जाने का रास्ता बताने लगा। उसे बातों में उलझा देख कर वह युवक दुकान में घुस गया और दुकान में रखा एक बैग ले कर भाग गया। कन्हाई ने बताया कि बैग में तकरीबन तीन- साढ़े तीन लाख रुपए के जेवर और एक लैपटॉप था। यह घटना यहां चर्चा का विषय बना हुआ है। बता कि इससे पहले चार अप्रैल की रात्रि भी कन्हाई कुमार सोनी के करकट ग्राम स्थित गोदाम में आग लग गयी थी और इसमें उन्हें लाखों रुपए का नुकसान हुआ था।

## ट्रक मालिकों का सातवें दिन भी धरना जारी



खबर मन्त्र संवाददाता

**बालूमाथ।** विस्थापित प्रभावित ट्रक ऑनर एसोसिएशन के बैनर तले बालूमाथ ट्रक ऑनर एसोसिएशन के सदस्यों ने सीसीएल द्वारा संचालित तेतरियाखांड कोलियरी में 24 सूत्री मांग को लेकर सातवें दिन धरना दिया। धरना में शामिल लोगों ने बताया कि हम लोगों की मुख्य मांगे हैं कि नियमित अच्छी क्वालिटी का कोयला रेजिंग दिया जाए । ट्रक से ही कोयला का ढुलाई कार्य हो,कोयले स्टॉक में लगी आग को बुझाया जाए,अच्छा ग्रेड के कोयला जी12 का सेल में ऑप्शन निकाला जाए,विस्थापित प्रभावित गांवों को मुफ्त बिजली,पानी मिले, विस्थापित-प्रभावित गांवों में अस्पताल और उच्च शिक्षा की व्यवस्था हो, एसओपी नियम के तहत कोलियरी में ट्रकों का प्रवेश एवं लोडिंग कराया जाए,कोलियरी के आसपास गांव में बड़े पैमाने पर पौधारोपण किया जाए,पिंडारकोम एवं नगडा गांव में पानी का छिड़काव किया जाए,पेलोडर की जगह मैन्युअल लोडिंग किया जाए सहित कई मांगे शामिल है । आगे कहा कि इन सभी मांगों पर जल्द ही कोई निर्णय नहीं लिया गया तो बड़ा आंदोलन का रूपरेखा तैयार किया जाएगा। मौके पर कमलेश सिंह,दीपू गुप्ता,मो जुनैद, नामेश्वर गुप्ता, समेत बालूमाथ के कई ट्रक मालिक शामिल थे।

## बिना पूंजी के महुआ से होता है आमदनी, डेढ़ माह रुक जाता है पलायन

खबर मन्त्र संवाददाता

**बारियातू।** बिना जोत कोड़ पूंजी के ही महुआ से होता है बेहतर आमदनी, महुआ के सीजन मे पलायन रुक जाता है। बारियातू प्रखंड क्षेत्र काफी संख्या मे महुआ का पेंड़ है। महुआ से लोगों को रोजगार का साधन मिलता है। 15 मार्च से अप्रैल माह तक महुआ गिरता है। महुआ चुनने के लिए लोग अपने गांव मे समय देकर महुआ चुनते हैं। बिना खाद्य जुताई कोड़ाई के महुआ से बेहतर आमदनी प्राप्त होता है। गांव के ग्रामीण महुआ चुनने के लिए चार बजे भोर पेंड़ के पास पहुँच जाते हैं। महुआ का पेंड़ गांव व रैयती भूमि के अलावे जंगलो मे जाकर भी चुनते हैं। महुआ का



फूली चुनकर टोकरी मे इकठा करते हैं। और घर लाकर फूली महुआ को सूखा कर दुकान व बाजारों मे बेचीं जाती है। 2024 मे सूखा हुआ प्लास्टिक पैक महुआ 7000 क्विंटल की खरीद बिक्री की गई। हालांकि नया महुआ 50 रुपए की दर से खरीदारी की जा रही है। महुआ से अधिकतर शराब बनाया जाता है। हालांकि पूर्वजों द्वारा महुआ का पुटका संदेश बनाकर घर रखा जाता था और खाते थे। पूर्वजों की बात माने तो महुआ खाने से शारीरिक पोषण बढ़ता था और कई तरह के औषधि मे भी काम आता है। बारियातू प्रखंड मे नौ पंचायत है। सभी पंचायतो मे अधिक संख्या मे महुआ का पेंड़ है। झारखण्ड राज्य के सभी जिलों मे महुआ का पेंड़ है। जिसे चुनकर आमदनी प्राप्त करते हैं

### महुआ चुनकर बरसात मे बेचते हैं और खेती मे लगाते हैं पूंजी

ग्रामीण क्षेत्र के लोग महुआ चुनकर सुखाकर रखते हैं। अधिक जरुरत मे ही बाजार हाटो मे महुआ बेंचकर कुछ जरुरत को पूरा करते हैं। मई माह मे महुआ सुखाकर प्लास्टिक पैक कर रख देते हैं। बरसात मे खेती के सीजन मे महुआ निकालते हैं। बरसात मे महुआ का मूल्यों मे वृद्धि हो जाता है। बरसात मे महुआ बेंचकर खाद्य बीज लाकर खेती करने मे भी महुआ बरदान साबित होता है। खेती के अलावे अन्य कई घरेलु काम मे महुआ बेचकर कार्य कर लेते हैं। पूर्व के मुताबिक इस वर्ष रुकरुकर मौसम खराब करने के कारण महुआ प्रभावित हुआ है।

# दुमका : वक्फ संशोधन बिल के विरोध में ख्वाजा गरीब नवाज मुस्लिम कल्याण समिति ने की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता



**शिकारीपाड़ा।** वक्फ बिल के खिलाफ दुमका जिला के शिकारीपाड़ा प्रखंड के ढाका गांव में बुधवार को ख्वाजा गरीब नवाज मुस्लिम कल्याण समिति दुमका के बैनर तले मुस्लिम विद्वानों, बुद्धिजीवियों एवं अन्य मामले से संबंधित लोगों की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक का नेतृत्व झामुमो के केन्द्रीय समिति सदस्य सह जिला प्रवक्ता अब्दुल सलाम अंसारी ने किया ।बैठक में सैकड़ो की संख्या में मौजूद मुस्लिम समुदाय के लोगों ने केंद्र की भाजपा सरकार पर मुसलमानों के निजी एवं धार्मिक मामलों में हस्तक्षेप करने और उन्हें देश में दोयम दर्जे का निवासी साबित करने में लगी हुई है। इस संबंध में ख्वाजा गरीब नवाज मुस्लिम कल्याण समिति के अध्यक्ष सह झामुमो के जिला प्रवक्ता अब्दुल सलाम अंसारी ने केंद्र की भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा और कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार देश के 30 करोड़ मुसलमानों की धार्मिक आस्था के साथ खिलवाड़ करने में लगी हुई है। गैर जरूरी मुद्दों को उठाकर देश के सद्भावपूर्ण ताने-बाने को चोट पहुंचाते हुए भाजपा की सरकार संविधान के दायरे में असंवैधानिक कार्य कर रही है। उन्होंने आम मुसलमानों से कहा कि वक्फ संशोधन बिल पास करके भाजपा की सरकार आपके वक्फ की संपत्ति, मस्जिद, कब्रिस्तान, मदरसे एवं अन्य एसंस्थाओं के मिल्कियत को हड़पना चाहती है जिसका आम मुसलमान एवं ख्वाजा गरीब नवाज मुस्लिम कल्याण समिति दुमका पुरजोर विरोध करती है। उन्होंने आगे कहा कि सरकार के इस काले कानून के विरोध में हम मुसलमान देश के संविधान द्वारा दिए गए प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए इस कानून के विरोध में धरना- प्रदर्शन, तथा विरोधी गतिविधियां चलाएंगे उन्होंने कहा कि 12 अप्रैल को पुन इस संबंध में बैठक कर वक्फ संशोधन बिल के विरोध में आगे की रणनीति तय की जाएगी। बैठक कलीम अंसारी, मौलाना सलामत, मुस्तफा मियां, सलीम अंसारी, फरीद अंसारी, अलाउद्दीन अंसारी, मंसूर अंसारी सहित मुस्लिम समुदाय के लोग उपस्थित थे।

# बोकारो में जेईई मेन-2 की सफल आयोजन पर सिटी कोऑर्डिनेटर ने जताया आभार

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** इंजीनियरिंग संस्थानों में नामांकन के लिए आयोजित जेईई मेन के दूसरे सत्र की परीक्षाएं बुधवार को संपन्न हो गईं। बोकारो में 02-09 अप्रैल की अवधि में दो परीक्षा केंद्रों पर कुल 3030 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। कुल पंजीकृत 3244 अभ्यर्थियों में 214 अनुपस्थित रहे।

एनटीए के सिटी को-ऑर्डिनेटर एवं डीपीएस बोकारो के प्राचार्य डॉ एएस गंगवार ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि परीक्षाएं पूरी तरह से शांतिपूर्ण और बिना किसी कदाचार के संपन्न हुईं। कहीं से भी किसी गड़बड़ी की शिकायत नहीं मिली। परीक्षा के सफल आयोजन के लिए उन्होंने सभी केंद्राधीक्षकों एवं पर्यवेक्षकों के साथ-साथ विशेष रूप से जिला प्रशासन के सकारात्मक सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि बोकारो में जेईई मेन- 2 के लिए पहला सेंटर चास में नवाडीह मूर्तिटांड़ स्थित आरआर टेक्नोलॉजी और दूसरा चिकसिया में डॉ एस राधाकृष्णन बीएड कॉलेज के समीप बोकारो एजुकेशन ट्रस्ट कैंपस स्थित अल्फा आईसीटी सेंटर को बनाया गया था। अंतिम दिन बुधवार को अल्फा आईसीटी सेंटर पर केवल पहली पाली की परीक्षा हुई। इसमें कुल पंजीकृत 59 परीक्षार्थियों में से 47 ने उपस्थित होकर पेपर 2 की परीक्षा दी जबकि 12 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। पहले दिन 715 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी थी। इसके बाद क्रमशः 03 अप्रैल को 670, 04 अप्रैल को 632, 07 अप्रैल को 668 तथा 08 अप्रैल को 298 कैंडिडेट परीक्षा में शामिल हुए। आगामी 18 मई 2025 को जेईई एडवांस्ड का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन 23 अप्रैल से शुरू हो रहा है। आवेदन 02 मई तक किया जा सकता है।

## एक नजर में

### पोषण पखवाड़ा के तहत जागरूकता रथ दुमका डीडीसी ने हरि झंडी दिखा किया रवाना



दुमका। जिले में पोषण पखवाड़ा की शुरुआत को लेकर डीडीसी अभिजीत सिन्हा ने हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रथ को रवाना किया। उन्होंने कहा कि यह पखवाड़ा 22 अप्रैल तक चलेगा। इस दौरान जिला समाज कल्याण विभाग की ओर से कई कार्यक्रम एवं गतिविधियों का आयोजन किया जायेगा। पोषण पखवाड़ा के तहत आज विभिन्न प्रखंडों में आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका, पर्यवेक्षिकाओं सहित अन्य को सही पोषण की शपथ दिलाई ।उप विकास आयुक्त ने कहा कि पोषण पखवाड़ा के तहत 22 अप्रैल तक निर्धारित कैलेंडर के अनुरूप कार्यक्रम एवं गतिविधियों का आयोजन पूरे जिले में किया जयेगा।

### दुमका : मजदूर की इलाज के दौरान मौत

दुमका। टैक्टर से गिरकर घायल मजदूर की इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना देर रात कड़बिंधा–मोहल्लबना के समीप घटी। मृतक मजदूर दिलीप सोरेन (20) जिले के रामगढ़ थाना क्षेत्र के पुचवाटीकर गांव निवासी है। जानकारी के अनुसार कड़बिंधा– महुलबना के समीप सिमलदुम्मा गांव में अवैध बालू लदा टैक्टर से गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गया। गंभीर अवस्था में फुलो–झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। जहां उसका इलाज के दौरान मौत हो गई। हलांकि घटना की जानकारी पुलिस को नहीं है।

### जाको राखे साईंया मार सके ना कोय



बेरमो। एक ऐसा ही घटना बेरमो मे बीते देर शाम देखने को मिला, जब मंगलवार की संध्या एक व्यक्ति अमलो ब्लॉक होल्ट के पास जबलपुर–हावड़ा शक्तिपुंज ट्रेन के निचे आ गया। इस व्यक्ति के निचे से ट्रेन गुजरती रही, तभी वैकुम कर ट्रेन को रोका गया, फिर उस व्यक्ति को बाहर निकला गया। इस घटना मे उस व्यक्ति का बायां हाथ काफी चोटिल हो गया। इसका स्थानीय अस्पताल मे प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए हाई सेंटर भेज दिया गया। व्यक्ति कि पहचान नहीं हो पाया है। यानी यह बात पुरी तरह सत्य साबित हुई कि जिसे भगवान बचाना चाहे उसे कोई भी आपदा मौत नही दे सकती।

### बेरमो थाना क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटना



बेरमो। बेरमो थाना क्षेत्र के रामविलास 10 प्लस टू उच्च विद्यालय बेरमो में लगातार हो रही चोरी की घटना। विद्यालय के प्रिंसिपल आर चौधरी के द्वारा बेरमो थाना में सभी घटना की जानकारी आवेदन के माध्यम से दी गई इसके बाद भी बेरमो पुलिस के द्वारा कोई ठोस पहल नहीं की गई है विद्यालय से अब तक लगभग चार लाख की चोरी हो चुकी है जिसमें बिजली के तार सीसीटीवी कैमरे विद्यालय में लगे हुए पंखे सहित कई सामग्री शामिल है बिजली बाधित रहने के कारण विद्यालय में कई कठिनाई उत्पन्न हो रही है विद्यालय के चार दिवारी टूटी रहने के कारण इस तरह की घटना लगातार घट रही है।

### डीपीएस चास के स्थापना दिवस पर बच्चों ने प्रस्तुत किया मनमोहक कार्यक्रम



बोकारो। डीपीएस चास ने भरतमुनि सभागार में अपना 8 वां स्थापना दिवस बड़े ही उत्साह और उमंग के साथ मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल की गो ग्रीन पहल के साथ एक पौधा प्रस्तुति के साथ हुई जिसके बाद औपचारिक दीप प्रज्ज्वलन किया गया। समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों के लिए सम्मान समारोह आयोजित किया गया। प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने एक मधुर लोक संगीत चैती तथा बंगाली लोक संगीत की प्रस्तुति दी जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं झारखंडी लोक संस्कृति थीम पर दमदार नृत्य प्रस्तुतियों ने पर्यावरण संबंधी मुद्दों पर प्रकाश डाला। 5 विद्यार्थियों को जीके ओलंपियाड में राष्ट्र स्तर पर टॉपर की सूची में स्थान प्राप्त करने के लिए सम्मानित किया गया तथा उनके परिश्रम की सराहना की गई। विद्यालय की चीफ मेंटर डॉ हेमलता एस मोहन ने विद्यार्थियों के समग्र विकास की सराहना की। विद्यालय की निदेशिका व प्राचार्या डॉ मनीषा तिवारी ने विद्यालय की समृद्ध विरासत, शैक्षणिक और सह–पाठयक्रम उत्कृष्टता और निरंतर उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता को दुहराया।

### गोड्डा पुलिस ने अवैध मादक द्रव्यों का कारोबार करने वालों को गिरफ्तार किया



गोड्डा। गोड्डा पुलिस ने बुधवार को एक ब्राऊन शुगर के अवैध कारोबार करने वाले को गिरफ्तार करने में सफलता पाई। मुख्यबाजार मेला ग्राउंड के निकट आरोपित व्यक्ति अखिलेश पंडित उम्र 22 वर्ष पिता राजेंद्र पंडित साकिन गांधी नगर, गोड़ी गोड्डा नगर थाना गोड्डा से 0 .41 ग्राम सिल्वर पन्नी में लिपटा हुआ 4 पुड़िया उसकी जेब से बरामद किया गया। उसके विरुद्ध तर्कसंगत धाराओं के तहत नगर थाना में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। आरोपित के विरुद्ध पूर्व आपराधिक चरित्र का इतिहास नगर थाने में पहले से दर्ज है।

### ग्रामीण फुटबॉल टूर्नामेंट के विजेता टीम को कथारा ओपी प्रभारी ने किया सम्मानित




कथारा। गोमिया थाना अंतर्गत कथारा ओपी पुलिस द्वारा सीसीएल कथारा क्षेत्र द्वारा आयोजित ग्रमीण फुटबॉल के विजेता टीम के खेलाड़ीयो को बुधवार को कथारा ओपी परिसर मे सम्मान समारोह आयोजित कर सील्ड व मिठाई खिलाकर किया सम्मानित उक्त आयोजन व अध्यक्षता ओपी प्रभारी राजेश प्रजापति द्वारा किया गया। आयोजन का संचालन पत्रकार पप्पू चौहान ने किया ओपी पुलिस के द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में ओपी प्रभारी राजेश प्रजापति ने विजेताओं को कप,फुटबॉल मेडल प्रदान कर समानित किया। यहां ओपी प्रभारी ने कहा की जिस तरह झिरकी के खिलाड़ियों टूनार्मेंट मे टोटल 32 टीमों को पराजित कर विजेता बना वह काफी गर्व व गौरव की बात है वर्तमान समय मे जिस तरह युवाओ की लत नशे की ओर जा रहा है वैसे समय मे झिरकी के नवयुवको ने फुटबॉल मे बेहतर प्रदर्शन कर विजेता बना इसी तरह खिलाडी मेहनत व लग्न से खेलते रहे आगे बढ़ने से कोई नहीं रोक सकता आगे उन्होंने कहा की खिलाड़ियों को बोकारो पुलिस की ओर से हर संभव मदद की जाएगी। साथ ही साथ महली बांध दुधमटिया गांव के ग्रामीण बच्चों को क्रिकेट बैट ओपी थाना प्रभारी द्वारा दिया गया। मौके पर अवर पुलिस निरीक्षक रवि चौरसिया, सहायक अवर निरीक्षक केएन पाठक, ए धान, पिंटू, आशीष कुमार, हरिकेश पटेल, टीम कोच बाबू मुंडा, समाजसेवी सतेंद्र कुमार आदि उपस्थित थे।

### दुमका : एसकेएमयू के पीजी में चार हजार से अधिक छात्रों ने लिया नामांकन

दुमका। सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय में सत्र 2024–26 के लिए स्नातकोत्तर (पीजी) नामांकन प्रक्रिया पूरी हुई। इस सत्र में कुल 4,102 छात्र–छात्राओं ने विभिन्न स्नातकोत्तर विभागों और कॉलेजों में प्रवेश लिया है। इनमें से सबसे अधिक नामांकन विश्वविद्यालय के पीजी विभागों में 1,593, साहेबगंज कॉलेज में 1,122, देवघर कॉलेज में 869, गोड्डा कॉलेज में 428, और एएस कॉलेज में 90 छात्र शामिल है। विवि के पीजी केंद्रों में विषयवार नामांकन की बात करें तो हिंदी में 661, इतिहास में 491, अर्थशास्त्र में 424, राजनीति विज्ञान में 407, जन्तु विज्ञान में 315, अंग्रेजी में 299, गणित में 269, संथाली में 233, भौतिकी में 198, भूगोल में 195, वाणिज्य में 139 और रसायनशास्त्र में 132 छात्रों ने प्रवेश लिया है। वहीं सबसे कम नामांकन बंगला में 5, भूविज्ञान में 7, दर्शनशास्त्र में 8, उर्दू में 13, संथाल संस्कृति में 27, संस्कृत में 35, समाजशास्त्र में 54, मनोविज्ञान में 71 और वनस्पति विज्ञान में 76 छात्रों का नामांकन हुआ। इस वर्ष स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों एमबीए और एमसीए में भी पिछले वर्ष की तुलना में अधिक छात्रों ने प्रवेश लिया है। जिसमें एमबीए में 19 और एमसीए में 27 छात्रों का नामांकन हुआ है। ज्ञात हो कि पीजी नामांकन प्रक्रिया 2 फरवरी से शुरू हुई थी। इस बीच विश्वविद्यालय ने दो बार ऑनलाइन आवेदन के लिए चांसलर पोर्टल खोला और कई बार दस्तावेज सत्यापन की प्रक्रिया का विस्तार किया। हालांकि अब भी विभिन्न विषयों में नामांकन के लिए छूटे हुए छात्र कॉलेजों के चक्कर लगा रहे हैं। डीएसडब्ल्यू डॉ जैयनेंद्र यादव ने कहा कि लंबी नामांकन प्रक्रिया के कारण कक्षाएं देर से प्रारंभ होती हैं। जिससे सत्र विलंबित हो जाता है। इसलिए विश्वविद्यालय प्रशासन हर संभव प्रयास कर रहा है कि नामांकन प्रक्रिया को कम दिनों में संपन्न हो।

# डुमरी विधायक ने बोकारो विधायक पर और बोकारो प्रबंधन ने 500 लोगों के खिलाफ दर्ज की प्राथमिकी

## कौन करेगा बोकारो प्लांट के 200 करोड़ की क्षति का भरपाई !

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** बोकारो स्टील प्रबंधन की ओर से नगर के सेक्टर-4 थाने में विगत दिनों प्रशासनिक भवन व प्लांट के सभी द्वार के समक्ष विस्थापित अप्रेन्टिस संघ द्वारा किए गए उग्र एवं हिंसक प्रदर्शन तथा इस दौरान हुए उपद्रव के विरोध में दर्ज प्राथमिकी में संगठन के सदस्यों सहित लगभग 400 से 500 अज्ञात लोगों को अभियुक्त बनाते हुए इन घटनाओं के कारण बोकारो इस्पात प्रबंधन को लगभग 200 करोड़ रुपए की आर्थिक क्षति होने का दावा किया गया है। बीएसएल के जीएम सुरक्षा द्वारा दिए गए आवेदन के आधार पर यह प्राथमिकी सेक्टर-4 थाना कांड संख्या-69/2025, बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज की गई है। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार 03.04.2025 को विस्थापित अप्रेन्टिस संघ नामक संगठन द्वारा नियोजन की मांग को लेकर प्रशासनिक भवन बीएसएल बोकारो के मुख्य द्वार के समक्ष एक अवैध प्रदर्शन आयोजित किया गया। उक्त प्रदर्शन की पूर्व सूचना विस्थापित अप्रेन्टिस संघ के द्वारा बोकारो इस्पात संयंत्र को दिनांक 01.04.2025 को दी गई थी। तत्पश्चात संयंत्र प्रबंधन द्वारा इस बात की जानकारी पत्र के माध्यम से जिला प्रशासन को दी गई थी। एसडीओ चास के द्वारा निर्गत ज्ञापांक 464/गो० दिनांक 02.04.2025 के तहत यह स्पष्ट आदेशित किया गया था कि इस प्रकार के किसी भी प्रदर्शन/धरना/घेराव को विधि-व्यवस्था के दृष्टिकोण से अनुमति नहीं दी जाती है। इसके बावजूद उक्त संगठन के बैनर के अंतर्गत उसके सदस्यों एवं लगभग 400-500 अज्ञात प्रदर्शनकारियों ने हरवे हथियार से लैस होकर 03.04.2025 को प्रातः 9:00 बजे से प्रशासनिक भवन मुख्य द्वार पर आकर प्लांट के मुख्य प्रवेश मार्ग को जाम करते हुए उग्र एवं हिंसक प्रदर्शन प्रारंभ कर दिया जो दिनांक 04.04.2025 की मध्य रात्रि तक चला। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार इस प्रदर्शन के दौरान संयंत्र का मुख्य द्वार लगभग 36 घंटे तक पूर्णतः अवरुद्ध रहा जिससे प्लांट के भीतर कार्यरत अधिकारियों, कर्मचारियों, तकनीकी कर्मियों एवं आवश्यक सेवाओं की आवाजाही पूरी तरह बाधित हो गई। संयंत्र के भीतर कार्यरत विभिन्न अत्यावश्यक संयंत्र इकाइयों में गैस नेटवर्क के लिए असुरक्षित स्थिति बन गई जिससे प्लांट के अंदर की सुरक्षा व्यवस्था, प्लांट एवं टाउनशिप की सुरक्षा व्यवस्था को गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया। उत्पन्न अत्यधिक संवेदनशील स्थिति सार्वजनिक जीवन, पर्यावरण एवं सुरक्षा के लिए गंभीर जोखिम का कारण बन गया था। इस अवैध प्रदर्शन के प्रत्यक्ष परिणामस्वरूप बोकारो इस्पात संयंत्र को अनुमानित 200 करोड़ की आर्थिक क्षति हुई है जो उत्पादन ठप हो जाने, संसाधन रुकने एवं कार्य बाधित होने से हुई। इसके अतिरिक्त संयंत्र की उत्पादन प्रणाली को पुनः सामान्य स्थिति में लाने हेतु कम से कम 8 से 10 दिन का समय लगेगा जिससे और भी वित्तीय हानि की संभावना है। प्रदर्शन के दौरान प्रदर्शनकारियों द्वारा बलपूर्वक सड़क पर कब्जा किया गया और प्लांट आने-जाने वाले कर्मियों एवं आम नागरिकों के साथ मारपीट की गई, उनके वाहनों को क्षतिग्रस्त किया गया। पत्थरबाजी और प्रशासनिक भवन के सामने की बैरिकेडिंग को तोड़ने एवं अंदर जबरन प्रवेश करने का प्रयास किया गया। प्रदर्शनकारियों द्वारा तेनुघाट-बोकारो नहर को काट दिया गया जिससे बोकारो इस्पात संयंत्र एवं बोकारो इस्पात नगर के आवासीय इलाके में पानी की भारी किल्लत हो गई। बोकारो संयंत्र का उत्पादन प्रभावित हो गया और आम जनता को भी पानी की कमी के कारण परेशानी हुई। उक्त सभी घटनाएं संयंत्र के कार्य संचालन, सुरक्षा, मानवाधिकार, लोक व्यवस्था एवं सार्वजनिक संपत्ति की सुरक्षा के विरुद्ध हैं।

## स्पीड न्यूज

### बेरमो : सीसीएलकर्मी की अकास्मिक निधन से शोक की लहर




बेरमो/जारंगडीह। बीजीएच अस्पताल बोकारो से एक ऐसी दुख भरी खबर जारंगडीह पहुची जिसे सुन हर कोई स्तंभ रह गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सीसीएल कथारा प्रक्षेत्र के जारंगडीह फिल्टर हाउस में हाजरी बाबू के पद पर कार्यरत जारंगडीह रिभर साइड निवासी ईश्वर मंडल नामक व्यक्ति हर दिन की तरह मंगलवार को भी अपने कार्य स्थल पहुचे मगर कुछ ही समय बाद उनकी तबीयत अचानक से बिगड़ने लगी। आनन फानन में सहयोगियों द्वारा उन्हें सीसीएल ढोरी रिजनल अस्पताल पहुंचाया गया जहां उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें बोकारो बीजीएच रेफर कर दिया गया मगर वहां के डाक्टरों के लाख प्रयास के बाद भी उन्हें नहीं बचाया जा सका और बुधवार को अहले सुबह उनके निधन की खबर जारंगडीह पहुची। यह खबर फैलते ही हर तरफ शोक की लहर दौड़ गई और लोग उनके आवास पर जमा होने लगे। मृतक अपने पिछे भरापूरा परिवार छोड़ कर गये हैं।

### सरस्वती विद्या मंदिर में जांच शिविर आयोजित



बोकारो। सरस्वती विद्या मंदिर 3सी बोकारो में बुधवार को झारखंड सरकार के सहयोग से दो–दिवसीय स्वास्थ्य जांच शिविर प्रारंभ हुआ जिसमें विद्यालय के सभी भैया–बहनों के स्वास्थ्य की जांच की जा रही है। यह सारी प्रक्रिया डॉक्टर श्रेया के सहयोग से की जा रही है। प्रथम दिवस में कक्षा अरुण से कक्षा चतुर्थ के भैया–बहनों की स्वास्थ्य जांच प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। शेष भैया–बहनों की स्वास्थ्य जांच प्रक्रिया गुरुवार 10 अप्रैल 2025 को शिविर के दूसरे दिवस में पूरी की जाएगी।

### बांधगोड़ा में तालाब में मिला तैरता हुआ शव



बोकारो। बोकारो जिले के पिंड्राजोरा थाना अंतर्गत बांधगोड़ा के समीप स्थित पकोनिया तालाब में 19 वर्षीय खुशी कुमारी का तैरता हुआ शव बरमाद किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बांधगोड़ा साइट निवासी सुरेश महतो एवं उनकी पत्नी का रो रोके बुरा हाल है। मृतक की मौत के कारण का खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के मुंह से झाग निकल रहा था परन्तु पुलिस ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही कुछ स्पष्ट होने की बात कही।

### पीजी सेमेस्टर-3 की प्रायोगिक परीक्षा जल्द

दुमका। सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग ने स्नातकोत्तर (पीजी) सेमेस्टर–3 की प्रायोगिक परीक्षाओं के आयोजन के लिए बुधवार को संबंधित विभागाध्यक्षों और कॉलेज प्राचार्यों को पत्र भेजा है। इस पत्र में निर्देश दिया गया है कि सेमेस्टर–3 की परीक्षा के बाद जिन विषयों में प्रायोगिक परीक्षाएं निर्धारित हैं। उन्हें शीघ्रता से आयोजित कर उनके अंक परीक्षा विभाग को प्रेषित किए जाये। परीक्षा ओएसडी डॉ इंद्रनील मंडल ने बताया कि परीक्षा विभाग परीक्षा संपन्न होने के 15–20 दिनों के भीतर परिणाम जारी करने का प्रयास करता है। इसलिए प्रायोगिक परीक्षाओं के आयोजन के लिए पहले ही निर्देश भेजे गए हैं। जिससे परिणाम समय पर घोषित किए जा सकें।

# जुग जाहेर सरना धोरोम गाढ़ में 13 अप्रैल को आयेंगे सीएम हेमंत सोरेन



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो/जारंगडीह।** जारंगडीह स्थित जुग जाहेर सरना धोरोम गाढ़ स्थल में 13 अप्रैल को आयेंगे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन उक्त बात की जानकारी बोकारो जिला अध्यक्ष रतनलाल मांझी ने दी उन्होंने अपने टीम के साथ कार्यक्रम स्थल का मुआयना किया उन्होंने बताया कि आदिवासी समाज के पूर्वज कई वर्षों से पूजा करते हुए आ रहे है इस बार भव्य रूप से उत्सव मनाने का निर्णय लिया गया जुग जाहेर सरना धोरोम गाढ़ कमेटी के लोगों ने सूबे के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी से मिलकर उन्हें आने का निमंत्रण दिया था। जिसे उन्होंने सहज स्वीकार करते हुए अपनी सहमति दी और 13 तारीख को माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी का आगमन होगा साथ में पेयजल स्वच्छता एवं मध्य निषेध विभाग के मंत्री योगेंद्र महतो बेरमो के विधायक कुमार जय मंगल सिंह आनंद कुमार मुरमू सहित कई लोग उपस्थित रहेंगे। मौके पर अध्यक्ष फेनी राम सोरेन अनंत टुडू सीताराम मुरमू श्रीराम हेम्ब्रम गोपीन मुरमू सुखनाथ मुर्मू बाबू मुंडा मनोज टुडू मेवालाल टुडू नरेश टुडू बिंदेश्वर मुरमू झामुमो नेता अनिल अग्रवाल पान बाबू केवट रंजीत महतो गणेश श्रीवास्तव मुकेश चौहान शमशुल हक गोविंद राम संजय डेगलाल रजक सहित कई लोग मौजूद रहे।

# एएन कॉलेज में सामाजिक-आर्थिक उन्नयन में उच्च शिक्षण संस्थानों की भूमिका विषय पर हुआ सेमिनार

खबर मन्त्र संवाददाता



**दुमका।** एएन कॉलेज के प्राचार्य डॉ संजय कुमार सिंह के निर्देश पर बुधवार को अर्तविभागीय सेमिनार का आयोजन हुआ। सेमिनार छात्र-छात्राओं के लिए रोजगारपरक एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मुहैया कराने के उद्देश्य से आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ एवं सामाजिक विज्ञान संकाय की ओर से संथाल परगना के सामाजिक-आर्थिक उन्नयन में उच्च शिक्षण संस्थानों की भूमिका विषय पर हुआ। झारखंड जैव विविधता पर्षद के सदस्य व आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के समन्वयक डॉ अमरनाथ सिंह ने संथाल परगना के सामाजिक-आर्थिक उन्नयन में उच्च शिक्षण संस्थानों की भूमिका पर विस्तृत चर्चा करते हुए बताया की एकीकृत बिहार के समय से ही संथाल परगना उच्च शिक्षा के क्षेत्र में पिछड़ा हुआ है। इस क्षेत्र में आमूल चूल परिवर्तन किये जाने की जरुरत है। मनोविज्ञान विभाग शिक्षिका डॉ रीता कुमारी सिन्हा ने मनोविज्ञान विषय से उच्च शिक्षा के क्षेत्र में कॉलेज का नाम रौशन करने को प्रेरित की। आयोजन सचिव सह राजनीति विज्ञान विभाग के प्राध्यापक प्रो सुलेमान हांसदा ने मंच संचालन करते हुए प्रतिभागियों को मूल विषय वस्तु से रुबरु कराया। प्रभारी परीक्षा नियंत्रक प्रो यशवंत कुमार सिंह ने ज्वलंत विषय पर सेमिनार आयोजित करने के लिए आयोजक मंडली को बधाई देते हुए चर्चा किया। सामाजिक विज्ञान संकाय के विद्वान वक्ताओं में भूगोल विभागाध्यक्ष डॉ मनोज कुमार ने संथाल परगना में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में भूगोल विषय पर जानकारी प्रदान की। प्रो रजनीशकांत प्रसाद ने संथाल परगना के उच्च शिक्षण संस्थानों में कार्यरत शिक्षकों के सामाजिक-आर्थिक उत्थान पर जोर दिया। इस अवसर पर दर्शनशास्त्र विभाग के शिक्षक डॉ प्रवीण कुमार सिंह ने संथाल परगना के सामाजिक-आर्थिक उन्नयन में दर्शनशास्त्र विषय के महत्त्व पर प्रकाश डाला। इतिहास विषय के प्राध्यापक प्रो सुशील चंद्र चौधरी ने प्रतिभागियों से विषय वस्तु पर विस्तृत चर्चा करते हुए छात्रों को इतिहास विषय से उच्च शिक्षा हासिल करने को प्रेरित किया। सेमिनार में डॉ प्रमोद कुमार झा, डॉ संजय पाठक, डॉ अनहद लाल, डॉ अमरकांत पोद्दार, प्रो कुमार मनोज, डॉ प्रदीप कुमार गोराई, प्रो नीरज झा, प्रो हरिकिशोर सिंह एवं कर्मी मौजूद थे।

# बेरमो : सीसीएल की कॉलोनियों में सुरक्षा को लेकर लगेंगे तीन सौ सीसीटीवी कैमरे

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो।** सीसीएल ढोरी क्षेत्रीय प्रबंधन कोयला उत्पादन के साथ सीसीएल कॉलोनी व परियोजना में सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ बनाने को लेकर दो करोड़ की लागत से 300 सीसीटीवी कैमरा लगाएगा। उक्त बातें एसओइएंडएम गौतम महंती ने दी।


उन्होंने कहा कि सीसीएल ढोरी एरिया की विभिन्न कालोनियों में लगाए गए सीसीटीवी को रिफ्रेश करते हुए कोयला उत्पादन एरिया सहित विभिन्न स्यानों में 300 सीसीटीवी कैमरा स्टाल करने की योजना बनाईं गईं हैं। एरिया व आसपास के बाजार क्षेत्र में दो चलायमान फागिंग कालोनीवासियों कीं करने के लिए दो ट्रक वाहन मंगवाया जा रहा है। इससे धूल उड़ने वाली जगह सहित फुसरो बाजार व आसपास क्षेत्र में फागिंग की जाएगी।

खुले ओबी में डंप में घास लगवाई जाएगी। कहा कि अमलो तथा तारमी रेलवे साइडिंग में कोल वाशिंग की जाएगी। जिससे ट्रकों से गंदगी-प्रदूषण को फाग के द्वारा उडने से रोकेंगे तथा हवा में पहुंचे हुए डस्ट को हायरिंग व्यवस्था से रोकने का काम किया जाएगा। साथ ही दीनदयाल उपाध्याय चौक ढ़ोरी के पास पानी फाग की व्यस्था की जाएगी।

उन्होंने कहा कि गर्मी को देखते हुए सीसीएल ढ़ोरी क्षेत्र के कमंचारियों तथा कॉलोनी वासियो को पेयजल की व्यवस्था में सुधार करते हुए सीसीडी के फिल्टर वाटर टंकी सफाई की जाएगी। बताया कि लाइटिंग की कमी के कारण कोयला स्टॉक में कोयला के साथ रात में पत्थर ज्यादा आ जाता है। इस कारण कोयला स्टॉक तथा कोयला स्टॉक स्थल में पर्याप्त लाइटिंग व्यवस्था की जाएगी। वही आकाशीय विद्युत थंडरिंग का भय बना रहता है।

# बेरमो : छाई ढुलाई की भाड़ा बढ़ाने को लेकर हाईवा एसोसिएशन गोलबंद

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो।** हाईवा कोयलांचल आनर एसोसिएशन बेरमो के नेतृत्व में विस्थापितों ने बीटीपीएस छाई ढुलाई भाड़ा में वृद्धि को लेकर आन्दोलन की बनाई रणनीति बताते चले वर्तमान में डीवीसी बीटीपीएस छाई ढुलाई भाड़ा प्रति टन चार रुपए इक्कावन पैसा प्रति किलो मीटर है जिससे हाईवा मालिको का किस्ती भरना एवं घर परिवार चलाना मुश्किल हो रहा है इस कार्य में बहुत से विस्थापित हाईवा लेकर रोजगार से जुड़े हुए है और अनेकों विस्थापित हाईवा लेकर रोजगार से जुड़ना चाहते है, इसलिए डीवीसी प्रबंधन से मांग कर रहें है कि हाईवा मालिको के टेंडर पेपर में उचित भाड़ा प्रति टन दस रुपया प्रति किलो मीटर अंकित किया जाय। मुख्य रूप से हाईवा कोयलांचल आनर एसोसिएशन के अध्यक्ष गुलेश्वर महतो, उपाध्यक्ष मुन्ना कुमार, संगठन मंत्री यूसुफ अंसारी, कोषाध्यक्ष अरुण कुमार और आजाद बावड़ी, कार्यकारी सदस्य सुनील कुमार गुप्ता, संजय बरनवाल, मानिक साव अरमान एवं विस्थापितों की ओर से नरेश राम महतो, फलजीत महतो, भोला तुरी, लख्खी महतो, कृष्णा साव, मुंद्रिका राम, रामदेव महतो, रीतलाल, मुन्ना साव, प्रफुल्ल ठाकुर, नीरज विश्वकर्मा, योगेन्द्र ठाकुर आदि लोग उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

## उत्तरी चीन के नर्सिंग होम में भीषण आग से 20 लोगों की मौत

**शीजियाझुआंग।** उत्तरी चीन के हेबेई प्रांत में एक नर्सिंग होम में आग लगने से कम से कम 20 लोगों की मौत हो गई है। यह आग मंगलवार रात करीब नौ बजे चेंगडे शहर के लोंगहुआ काउंटी में लगी। बुधवार सुबह तीन बजे तक कुल 20 लोगों की मौत की पुष्टि की गई। अधिकारियों का कहना है कि आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। अधिकारियों ने झुलसे लोगों की संख्या का खुलासा नहीं किया है।

## राम रहीम फिर 21 दिन के लिए जेल से बाहर

**चंडीगढ़।** साध्वी यौन शोषण एवं पत्रकार रामचंदर छत्रपति की हत्या के मामले में 20 वर्ष की कैद की सजा भुगत रहे सिरसा डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत सिंह राम रहीम को बुधवार को 21 दिन के फरलो पर रोहतक की सुनारिया जेल से रिहा कर दिया गया। हरियाणा सरकार ने पिछले सात वर्षों में 14वीं बार डेरा प्रमुख का परोल/फरलो मंजूर किया है जिसमें से अधिकांश किसी न किसी चुनाव के आसपास किए गए हैं। पिछली बार दिल्ली विधानसभा चुनाव से एक सप्ताह पहले राम रहीम को 30 दिन के परोल पर रिहा किया गया था।

## बांका में मुठभेड़, इनामी नक्सली रमेश टुडू ढेर

**बांका।** कटोरिया थाना क्षेत्र में पुलिस और नक्सलियों के बीच हुयी मुठभेड़ में एक लाख रुपए का इनामी नक्सली रमेश टुडू मारा गया। पुलिस सूत्रों ने बुधवार को बताया कि सूचना के आधार पर जिला पुलिस और एसटीएफने कलोधर जंगल में छापेमारी की। पुलिस को देखते ही नक्सलियों ने गोलियां चलायी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी गोलियां चलायी। इस घटना में नक्सली रमेश टुडू घायल हो गया। घायल नक्सली टुडू को अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# ट्रंप के नये टैरिफ से लुढ़का वॉल स्ट्रीट

## एशिया प्रशांत क्षेत्र के शेयर बाजार में भारी गिरावट

एजेंसी

**बीजिंग।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ से एशिया प्रशांत क्षेत्र के शेयर बाजार में बुधवार सुबह भूचाल आ गया। रातभर वॉल स्ट्रीट में भारी गिरावट देखी गई। व्हाइट हाउस की चीन पर अतिरिक्त टैरिफ की घोषणा से शेयर बाजार बेजार नजर आ रहा है। चीन के सरकारी अखबार ग्लोबल टाइम्स ने दुनिया भर के तमाम समाचार माध्यमों से जुटाई खबर में यह दावा किया है। ग्लोबल टाइम्स की खबर के अनुसार, ऑस्ट्रेलिया के एसएंडपी/एएसएक्स 200 में बुधवार सुबह 1.06 प्रतिशत, जापान के निक्केई 225 में 3.14 प्रतिशत, टॉपिक्स में 3.26 प्रतिशत, दक्षिण कोरिया के कोस्पी में 0.18 प्रतिशत, स्मॉल-कैप कोसडैक में 0.44 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। इस बीच, बुधवार को सुबह करीब 10 बजे हांगकांग का हैंग सेंग इंडेक्स 2.27 प्रतिशत गिरकर 19,670.24 पर आ गया। चीन में बुधवार सुबह प्रमुख सूचकांकों में मिला-जुला प्रदर्शन देखने को मिला। शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 0.68 प्रतिशत गिरकर 3,124.19 अंक, शेनझेन कंपोनेंट इंडेक्स 0.16 प्रतिशत गिरकर 9,409.48 अंक पर आ गया। इससे पहले मंगलवार को एसएंडपी 500 में गिरावट आई और यह करीब एक साल में पहली बार 5,000 अंक से नीचे बंद हुआ।

दो अप्रैल को अमेरिका के व्यापारिक साझेदारों के खिलाफ व्यापक टैरिफ की घोषणा से एसएंडपी 500 ने बाजार मूल्य में 5.83 ट्रिलियन डॉर का नुकसान उठाया है।मंगलवार को एप्पल के शेयरों में 4.98 प्रतिशत की गिरावट आई। अमेरिकी इलेक्ट्रिक कार निमार्ता टेस्ला में 4.9 प्रतिशत की गिरावट आई। टेस्ला को सबसे अधिक नुकसान हुआ। टेस्ला के सीईओ एलन मस्क ने व्हाइट हाउस की व्यापार नीतियों को सीधे संबोधित किए बिना प्रशासन के शीर्ष व्यापार सलाहकार को मूर्ख की संज्ञा दी है। बीजिंग में चाइना सोसाइटी फॉर वर्ल्ड ट्रेड ऑर्गनाइजेशन स्टडीज के उपाध्यक्ष हुओ जियांगुओ ने कहा कि टैरिफ जितना अधिक होगा, अमेरिकी अर्थव्यवस्था के लिए उतना ही अधिक जोखिम होगा। मुद्रास्फीति का दबाव बढ़ेगा और संभावित रूप से अमेरिकी आर्थिक विकास धीमा हो जाएगा। व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने पुष्टि की कि पहले के टैरिफ के अलावा, अमेरिका ने चीनी उत्पादों पर अतिरिक्त 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने की धमकी दी है। इसकी दर बुधवार को 104 प्रतिशत हो गई।

- ऑस्ट्रेलिया के एसएंडपी/एएसएक्स 200 में 1.06 प्रतिशत, जापान के निक्केई 225 में 3.14 %, टॉपिक्स में 3.26 प्रतिशत, द. कोरिया के कोस्पी में 0.18 प्रतिशत गिरा
- शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 0.68 प्रतिशत गिरकर 3,124.19 अंक और शेनझेन कंपोनेंट इंडेक्स 0.16 प्रतिशत गिरकर 9,409.48 अंक पर आ गया



### अमेरिका के शेयर बाजार में भी भूचाल

इससे पहले अमेरिका में मंगलवार को एसएंडपी 500 में 4.1% की शुरूआती बढ़त खत्म होने के बाद 1.6% की गिरावट आई। इससे यह फरवरी में बनाए गए अपने रिकॉर्ड से लगभग 19% नीचे आ गया। डॉव जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज में भी 0.8% की गिरावट आई, जबकि नैस्डैक कंपोजिट में 2.1% की गिरावट देखी गई।

### चीन ने अमेरिका पर लगाया 84% टैरिफ

**बीजिंग।** चीन ने अमेरिका के टैरिफ का करारा जवाब दिया है। ड्रैगन ने अमेरिकी वस्तुओं पर टैरिफ बढ़ाकर 84% कर दिया है। इससे पहले अमेरिका ने चीन पर 104% टैरिफ लगाने की घोषणा की थी। यह कदम दोनों देशों के बीच व्यापार युद्ध को और अधिक बढ़ावा देने वाला है। अमेरिका और चीन के बीच व्यापार युद्ध लंबे समय से चल रहा है, जिसमें दोनों देश एक दूसरे पर टैरिफ लगाते रहे हैं। ट्रंप प्रशासन ने चीन पर व्यापारिक घाटा कम करने और बौद्धिक संपदा की चोरी के आरोप लगाए हैं।

चीन की ओर से अमेरिकी वस्तुओं पर 84 प्रतिशत टैरिफ लगाने का कदम एक कड़ा संदेश है कि वह अमेरिकी दबाव के आगे नहीं झुकेगा। चीन की ओर से अमेरिकी वस्तुओं पर 84 प्रतिशत टैरिफ लगाने का कदम एक कड़ा संदेश है कि वह अमेरिकी दबाव के आगे नहीं झुकेगा। चीन ने साफ कर दिया है कि अमेरिका की इस नीति के खिलाफ वो अंत तक लड़ेगा। अमेरिकी टैरिफ को कभी स्वीकार नहीं किया जाएगा। डोनाल्ड ट्रंप ने सबसे पहले चीनी सामान पर 20 फीसदी टैरिफ लगाया था।

# शेयर बाजार को नहीं रास आया रेपो रेट

एजेंसी

**मुंबई।** आरबीआई के रेपो दर में लगातार दूसरी बार कटौती करने और मौद्रिक नीति का रुख तटस्थ से समर्थनात्मक करने के बावजूद वैश्विक स्तर पर व्यापार युद्ध गहराने से घबराए निवेशकों की आईटी, रियल्टी, टेक और फोकस्ड आईटी समेत 18 समूहों में हुई भारी बिकवाली से बुधवार को शेयर बाजार गिर गया बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 379.93 अंक अर्थात 0.51 प्रतिशत का गोता लगाकर 73,847.15 अंक निफ्टी 136.70 अंक यानी 0.61 प्रतिशत लुढ़ककर 22399.15 अंक पर बंद हुआ। बीएसई की दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी बिकवाली हावी रही, जिससे मिडकैप 0.73 प्रतिशत टूटकर 39,546.54 अंक और स्मॉलकैप 1.08 प्रतिशत कमजोर रहकर 44,446.07 अंक पर आ गया। बीएसई में कुल 4030 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2356 में गिरावट जबकि 1532 में तेजी रही वहीं 142 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए रखे गए कुल 2909 कंपनियों के शेयरों में से 1747 में बिकवाली जबकि 1083 में लिवाली हुई वहीं 79 में टिकाव रहा। भारी बिकवाली से बीएसई के 18 समूह लुढ़के।

इस दौरान कमोडिटीज 0.72, सीडी 0.52, ऊर्जा 0.50, वित्तीय सेवाएं 0.71, हेल्थकेयर 1.20, इंडस्ट्रियल्स 1.42, आईटी 2.01, दूरसंचार 0.42, यूटिलिटीज 0.34, बैंकिंग 0.86, कैपिटल गुड्स 1.65, धातु 1.44, तेल एवं गैस 0.36, पावर 0.46, रियल्टी 2.00, टेक 1.57, सर्विसेज 0.02 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 2.19 प्रतिशत टूट गए। इस दौरान सेंसेक्स की नुकसान उठाने वाली कंपनियों में एसबीआई 3.43, टेक महिंद्रा 3.35, एलटी 3.23, टाटा स्टील 2.30, सन फार्मा 2.18, इंफोसिस 1.76, इटरनल 1.74, एचसीएल टेक 1.65, एक्सिस बैंक 1.47, टीसीएस 1.44, एनटीपीसी 1.19, टाटा मोटर्स 1.00, बजाज फाइनेंस 0.82, एचडीएफसी बैंक 0.20, बजाज फिनसर्व 0.16, इंडसइंड बैंक 0.13, भारती एयरटेल 0.13 और कोटक बैंक 0.07 प्रतिशत शामिल रही। वहीं, नेस्ले इंडिया 3.24, हिंदुस्तान यूनिलीवर 2.63, टाइटन 1.66, पावरग्रिड 1.56, अल्ट्रासिम्को 1.03, आईटीसी 0.87, एशियन पेंट 0.67, रिलायंस 0.27, आईसीआईसीआई बैंक 0.14, अडानी पोर्ट्स 0.14, मारुति 0.05 और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर 0.05 प्रतिशत लाभ में रहे।

- सेंसेक्स 379 अंक गोता लगाकर 73847 पर और निफ्टी 136 अंक लुढ़ककर 22399 पर पहुंचा



- 4030 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, 2356 में गिरावट, 1532 में तेजी और 142 में कोई बदलाव नहीं

# टैरिफ पर ट्रंप प्रशासन से जल्द बातचीत करेगा भारत

## साल के आखिरी तक व्यापार समझौता करने का लक्ष्य : जयशंकर

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर भी ट्रंप ने 26 फीसदी टैरिफ लगाया है। टैरिफ लगने के बाद बुधवार को पहली बार सरकार ने इस पर प्रतिक्रिया दी। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि टैरिफ से निपटने के लिए भारत की रणनीति इस साल के अंत तक वाशिंगटन के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौता करना है। यह पहली बार है जब विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अमेरिका की टैरिफ नीति को लेकर कहा कि वाशिंगटन के साथ सहमति बनाने वाला भारत शायद एकमात्र देश है। विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि मुझे नहीं लगता कि इस बारे में सोचना संभव है कि इसका क्या असर होगा, क्योंकि हम नहीं जानते। हमारी रणनीति क्या है?



मुझे लगता है कि यह बिल्कुल स्पष्ट है। हमने तय किया कि हम इन मुद्दों पर ट्रंप प्रशासन से जल्द ही बातचीत करेंगे। दोनों पक्ष बेहद रचनात्मक थे। हम इस बात पर सहमत हुए कि इस साल के अंत तक द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर बातचीत करने की कोशिश की जाएगी। विदेश मंत्री ने कहा कि मुझे लगता है कि राष्ट्रपति ट्रंप के दूसरी बार सत्ता में आने के बाद हम एकमात्र देश हैं, जो वास्तव में सैद्धांतिक रूप से इस तरह की समझ तक पहुंच पाए हैं। आज दुनिया का हर देश अमेरिका से निपटने की रणनीति बना रहा है। भारत का फोकस ट्रंप प्रशासन के साथ व्यापार समझौता करना है।

जयशंकर ने कहा कि हमारी रणनीति का एक लक्ष्य है। लक्ष्य यह देखना है कि क्या द्विपक्षीय व्यापार समझौते करके वास्तव में इस स्थिति से निपटना संभव है। उन्होंने यह भी कहा कि लंबे समय से यह हमारा उद्देश्य भी रहा है। मौजूदा परिस्थितियों ने व्यापार समझौते पर इतनी गंभीर बातचीत करने का माहौल पैदा किया है।

## फार्मा इंडस्ट्री पर लगेगा टैरिफ : ट्रंप

**न्यूयॉर्क ।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चेतावनी देते हुए कहा कि फार्मास्यूटिकल्स को रेसिप्रोकल टैरिफ से दी गई छूट जल्द समाप्त हो जाएगी। भारत अमेरिका को बड़ी मात्रा में फार्मास्यूटिकल्स का निर्यात करता है। मंगलवार रात को उन्होंने कहा कि हम बहुत जल्द ही फार्मास्यूटिकल्स पर एक बड़ा टैरिफ लगाने की घोषणा करने जा रहे हैं। उन्होंने वाशिंगटन में नेशनल रिपब्लिकन कांग्रेसनल कमेटी के डिनर में अपने भाषण में चीन का जिक्र किया, लेकिन भारत का जिक्र नहीं किया, जो कि अपने फार्मा निर्यात का 31.5 प्रतिशत अमेरिका को भेजता है। अमेरिका की ओर से भारत पर 27 प्रतिशत रेसिप्रोकल टैरिफ लगाने का ऐलान आखिरी बुधवार को किया गया था। ट्रंप ने कहा कि जब फार्मा कंपनियों को टैरिफ की जानकारी मिलेगी, वे चीन और अन्य देशों को छोड़ देंगी।

- अमेरिका को बड़ी मात्रा में फार्मास्यूटिकल्स का निर्यात करता है भारत

# पटना को जाम से मिलेगी मुक्ति




खबर मन्त्र संवाददाता

**पटना।** राजधानी में गंगा नदी के किनारे दीघा से लेकर कंगन घाट तक तैयार जेपी गंगा पथ का अब दीदारगंज तक विस्तार हो गया है। इसका लोकार्पण मुख्यमंत्री नीतीश कुमार गुरुवार को करेंगे। इस परियोजना पर करीब 3,831 करोड़ खर्च कर बिहार पथ निर्माण निगम ने बनवाया है। प

ाटना शहर के दो महत्वपूर्ण छोरों को जोड़ने वाली इस अतिमहत्वपूर्ण सड़क की लंबाई 20.5 किलोमीटर है। फरवरी 2025 की प्रगति यात्रा के दौरान मंदिरी नाला से जेपी गंगा पथ की सीधी संपर्क करने के अलावा गायघाट में नदी की ओर डाउन रैंप निर्माण की स्वीकृति भी दी गई थी। इस सड़क की सबसे बड़ी खासियत इसकी बहुआयामी संपर्कता है। यह पटना के सबसे जाम वाले इलाकों के लिए सबसे बेहतरीन विकल्प है। इसके बनने से पटना के दो विपरित छोर दिघा से दीदारगंज तक की दूरी को पूरी करने में बेहद कम समय लगेगा। यह अटल पथ, एलसीटी घाट, गांधी मैदान, पीएमसीएच, पटना विश्वविद्यालय, एनआईटी, गायघाट, कंगन घाट, कृष्णा घाट और पटना घाट जैसे सभी महत्वपूर्ण स्थानों को जोड़ती है। इस सड़क के बनने से पटना के पूर्वी और पश्चिमी हिस्सों के बीच यातायात काफी सुगम हो गया है।

# बिहार के चार जिलों में वज्रपात से 13 की मौत

**पटना।** बिहार के चार जिलों में बुधवार को वज्रपात से 13 लोगों की मौत हो गई। बेगूसराय में पांच, दरभंगा में चार, मधुबनी में तीन एवं समस्तीपुर में एक व्यक्ति की मौत हुई है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मृतकों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने सभी मृतक के परिजनों को तत्काल चार-चार लाख रुपये देने के निर्देश दिये हैं।

### सीएम ने मृतक के परिजनों को तत्काल चार-चार लाख रुपये देने का दिया निर्देश

मुख्यमंत्री ने लोगों से अपील की है कि सभी लोग खराब मौसम में पूरी सतर्कता बरतें। वज्रपात से बचाव के लिये आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा समय-समय पर जारी किये गये सुझावों का अनुपालन करें।

